दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा


■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 02 | जयपुर | सोमवार, 04 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# केदारनाथ-यमुनोत्री के कपाट बंद

## 4 धाम में अब तक 44 लाख श्रद्धालु पहुंचे




बढ़ता राजस्थान

**चमोली (एजेंसी)।** उत्तराखंड में स्थित चारों धामों के कपाट बंद होने का सिलसिला शनिवार से शुरू हो गया है। चारों धामों में अब तक 44 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट कल 2 नवंबर को दोपहर 12:14 बजे बंद हुए। रविवार सुबह 8:30 बजे सेना के बैंड और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन के साथ केदारनाथ के कपाट बंद किए गए।

वहीं, यमुनोत्री धाम के गेट भी आज दोपहर 12:04 बजे बंद कर दिए गए। बद्रीनाथ में 17 नवंबर तक दर्शन किए जा सकेंगे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया इंचार्ज हरीश गौर ने कहा कि केदारनाथ के गेट बंद होने की सेरेमनी 18,000 लोगों ने देखी। वहीं, समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि 10 मई को केदारनाथ के गेट खुले थे। इस सीजन में 16 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। सीएम धामी बोले- मंदिर का पुनर्निमाण और पुनर्विकास होगा कपाट बंद होने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक, द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक पावन केदारनाथ धाम के कपाट आज विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बंद हो गए हैं। हमारी सरकार केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और पुनर्विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित है। श्रद्धालुओं सुविधाजनक यात्रा और क्षेत्र की इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए हम निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## सीएम योगी को धमकी देने वाली महिला मुंबई से अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम फातिमा खान (24) है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे। महिला ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि सूत्रों ने बताया कि महिला संपन्न परिवार से है। काफी पढ़ी-लिखी है। पुलिस ने उसे कहां से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा नहीं किया है। दरअसल, शनिवार को मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला था। इसके बाद ही मुंबई पुलिस ने यूपी पुलिस को सूचना देने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी।

## पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ का निधन

### संगरिया से 2 बार और सादुलशहर से एक बार विधायक बने, 1993 में सिंचाई मंत्री रहे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री गुरजंटसिंह बराड़ का रविवार शाम उनके पैतृक गांव पांच एलएनपी में निधन हो गया। वे 90 साल के थे। बराड़ दो बार संगरिया और एक बार सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। अभी उनके पोते गुरवीर सिंह बराड़ सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। बराड़ ने गांव पांच एलएनपी स्थित अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। वे पिछले काफी समय से बीमार थे।

**बहुमत का आंकड़ा पूरा करने के लिए बनाया मंत्री**

बराड़ ने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1977 में की। वे कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष और सादुलशहर पंचायत समिति के प्रधान रहे। उन्होंने 1993 में पहली बार चुनाव जीता और निर्दलीय विधायक चुने गए। भाजपा बहुमत से कुछ दूरी पर थी। इस दौरान निर्दलीय विधायकों को महत्व मिला और गुरजंटसिंह बराड़ को मंत्री बनाया गया। इस दौरान हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय रामप्रताप कासनिया और टिब्बी से निर्दलीय विधायक शशि दत्ता भी मंत्री बनाई गई थीं। इस वर्ष राज्य में भैरोंसिंह शेखावत के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी थी। इस सरकार में बराड़ को सिंचाई मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। बराड़ ने इस दौरान प्रदेश के किसानों से जुड़े कई मुद्दे विधानसभा में उठाए।

## प्रदूषण : दिल्ली में एक्यूआई 500 पार, 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 4 यूपी के



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के बाद प्रदूषण बढ़ने का सिलसिला जारी है। शनिवार रात 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई का 327 दर्ज किया गया था, जो रविवार सुबह करीब 6 बजे 507 तक पहुंच गया। 9 घंटे में दिल्ली की हवा बहुत खराब कैटेगिरी से खतरनाक कैटेगरी में पहुंच गई।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में रविवार सुबह पीएम 2.5 का लेवल भी काफी बढ़ गया। यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के बताए मानक से 65 गुना ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। दिवाली के अगले दिन यानी 1 नवंबर को दिल्ली का औसत एक्यूआई 337 था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार सुबह दिल्ली में हवा चलने के कारण एअर क्वालिटी में सुधार देखा गया था, हालांकि शाम होते-होते हवा रुकने के कारण प्रदूषण बढ़ने लगा। रविवार सुबह देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश के 4 और हरियाणा के 5 शहर शामिल हैं।

### घाटशिला में हेमंत पर बरसे अमित शाह

## कांग्रेस और हेमंत की सरकार घुसपैठियों को दे रही शह, हमारी सरकार इन्हें छोड़ेगी नहीं : शाह

बढ़ता राजस्थान

**रांची (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। घाटशिला में रविवार को अपनी पहली जनसभा में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आई तो घुसपैठियों को छोड़ेंगे नहीं। कांग्रेस और हेमंत सोरेन की सरकार इनको शह दे रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की बहन-बेटियों के साथ घुसपैठियों ने जो अन्याय किया है, उसे रोकने में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन की सरकार नाकाम रही है। घुसपैठियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब चैन की नींद लेना बंद कर दो, जमीन हड़पना बंद कर दो।

झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और हम कानून बनाकर झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों को उनकी जमीन वापस कराएंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि उसे पिछली तारीख से लागू किया जाए। घाटशिला के बाद हजारीबाग के बरकट्ठा में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं के रोजगार के मुद्दे को उठाया। रोजगार पर उन्होंने कहा कि राज्य में पेपर लीक हो रहे हैं। ये कौन कर रहा है। सीएम हेमंत के चट्टे-बट्टे की इस काम में लगे हुए हैं। कहा कि राज्य में नौकरी की उम्मीद में 17 युवा जान गंवा दिए, लेकिन इनके चेहरे पर शिकन तक नहीं आई।

हेमंत सोरेन की ओर से एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए मांगे जाने पर कहा कि जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब राज्य को कितना मिला था, यह पता करने वाली बात है। इस दौरान उन्होंने जनता को भाजपा की योजनाओं से भी अवगत कराया।




**हेमंत सरकार पर बरसे शाह**


संकल्प पत्र को जारी करते हुए अमित शाह हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र लोगों की उम्मीदों को पूरा करेगा। हमरा ट्रैक रिकार्ड है, जो हम कहते हैं वो करते हैं। यह चुनाव झारखंड के भविष्य का चुनाव है।

## 7 नवंबर को होगा बाबा श्याम का तिलक

### सेवा-पूजा:6 नवंबर की रात 10 बजे बंद होंगे दर्शन,7 नवंबर की शाम 5 बजे शुरू होंगे

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** सीकर के खाटूश्याम मंदिर में 7 नवंबर को बाबा श्याम का तिलक और सेवा-पूजा की जाएगी। ऐसे में मंदिर में दर्शन कई घंटे के लिए बंद रहेंगे। मंदिर कमेटी के द्वारा इस संबंध में सूचना जारी की गई है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालूसिंह ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 7 नवंबर को बाबा श्याम की विशेष सेवा-पूजा और तिलक किया जाएगा। ऐसे में 6 नवंबर को रात 10 बजे से मंदिर में दर्शन बंद कर दिए जाएंगे। जो 7 नवंबर की शाम 5 बजे शुरू होंगे। गौरतलब है कि हर अमावस्या के बाद और विशेष पर्वों पर बाबा श्याम का तिलक और सेवा-पूजा की जाती है। ऐसे में मंदिर में दर्शन कई घंटे तक बंद रखे जाते हैं।



## रणथंभौर नेशनल पार्क के टाइगर टी-86 की मौत : मुंह पर चोट के निशान



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर। रणथंभौर नेशनल पार्क के टाइगर टी-86 की मौत हो गई है। टाइगर का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में शरीर पर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। टाइगर के चारों तरफ बड़े-बड़े पत्थर पड़े दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में टाइगर के मुंह पर धारदार हथियार से कटने के चोट के निशान भी हैं। आशंका जताई जा रही है कि पत्थरों से बाघ को मारा गया है, लेकिन वन विभाग इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक बाघ का शव रणथंभौर नेशनल पार्क से बिल्कुल सटे हुए उलियाना गांव के एक खेत में मिला है। यह वही उलियाना गांव है, जहां कल एक टाइगर ने एक ग्रामीण को मार डाला था। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि जिस बाघ का शव मिला है, उसी ने एक दिन पहले हमला किया था।

पीसीसीएफ (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) अरिजीत बैनर्जी ने भास्कर से कहा- बाघ की डेड बॉडी रिकवर हुई है, कल पोस्टमार्टम होगा, उसके बाद ही मौत के असली कारणों का पता लग सकेगा।

## जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकी हमला, संडे मार्केट में फेंका ग्रेनेड; 12 घायल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में रविवार को एक और आतंकी हमला हुआ है। श्रीनगर की संडे बाजार में आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला कर दिया, जिसमें कम-से-कम 12 लोग घायल हो गए। घायलों को श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, हमले के दौरान संडे मार्केट में ठीक-ठाक भीड़ थी। लोग खरीदारी कर रहे थे। ग्रेनेड फेंके जाने के तुरंत बाद वहां मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हमला टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर के पास लगने वाली संडे मार्केट में हुआ है।

अस्पताल में डॉक्टर तनसीन शौकत ने बताया कि घायलों की स्थिति अभी स्थिर है। आतंकी हमले के तुरंत बाद इलाके को सील कर दिया गया है। पुलिस और सेना के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन भी शुरू कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर



अब्दुल्ला ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे बेहद परेशान करने वाला बताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और एनकाउंटर्स की खबरें सुर्खियों में छाई हुई हैं। श्रीनगर के रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है।

निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा तंत्र को जल्द-से-जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें। इससे पहले, शनिवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और अनंतनाग जिलों में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर और दो अन्य आतंकवादियों को ढेर कर दिया था।

## दीया कुमारी ने मेयर से कहा- स्वच्छता का ध्यान रखें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के संस्थापक सवाई जयसिंह द्वितीय की 337वीं जन्म जयंती के अवसर पर हेरिटेज निगम की ओर से रविवार को स्टैच्यू सर्कल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सवाई जयसिंह की प्रतिमा पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- इस बार हमें जयपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 3 पर लाना है। इसलिए मेयर कुसुम यादव को स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। खासतौर पर वॉल सिटी जिसके लिए सरकार ने अतिरिक्त बजट जारी किया है। वहां विशेष निगरानी की जरूरत है। क्योंकि दुनिया भर से पर्यटक वहां घूमने पहुंचते हैं।

**सवाई जयसिंह द्वितीय ने जयपुर को बेस्ट प्लान कर बसाया**

**उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- सवाई जयसिंह द्वितीय ने जयपुर को बेस्ट प्लान कर बसाया था। दूर देश के व्यापारी और अन्य लोगों को जयपुर में बसाया था। वे खुद भी एस्ट्रोलॉजर थे, ऐसे में जयपुर में स्थापत्य कला और संस्कृति की झलक भी दिखती है। उस समय भी सवाई जयसिंह ने बेस्ट प्लानर के रूप में जयपुर को बसाया था।**

**वर्ल्ड हेरिटेज साइट के रूप में भी विख्यात**

जयपुर के स्थापना के समय बनाई गई चौड़ी सड़के, नालियां, सीवरेज आज भी एक उदाहरण है। ये वर्ल्ड हेरिटेज साइट के रूप में भी विख्यात है। अब इसे और सुन्दर बनाने के हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रशासन के साथ नागरिकों को भी यहां की संस्कृति को आगे बढ़ाने में आगे आना चाहिए। आने वाले स्वच्छता रैंकिंग में हमें जयपुर को टॉप थ्री में लाना है। ऐसा हमारा गोल होना चाहिए है। लेकिन यह सब आपसी सहयोग से ही संभव है। सिर्फ सरकार और प्रशासन ही नहीं बल्कि, आम जनता को भी इसमें अपनी सहभागिता निभाई होगी। इस दौरान हेरिटेज निगम मेयर कुसुम यादव ने कहा कि जयपुर को इतना सुंदर बसाने वाले सवाई जयसिंह द्वितीय ने अपनी दूर दृष्टि सोच के साथ जयपुर को इस तरह बसाया कि आज हमें कोई कमी नहीं मिलती है। यहां की वास्तुकला, बनावट और छोटी छोटी चौकड़ियों दुनिया में सबसे शानदार है। 297 साल बाद भी जयपुर का वैभव पूरे विश्व में परचम लहरा रहा है। कुसुम यादव ने कहा कि जयपुर स्थापना समारोह के तहत हम पूरे एक महीने तक जयपुर के संस्थापक सवाई जयसिंह जयंती और जयपुर स्थापना को मना रहे है। जिसको लेकर जल्द भजन संध्या और बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया जाएगा।



सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# जयपुर जेल में मनाई गई भाई दूज

## करीब साढ़े 5 सौ बहनों ने सलाखों के पीछे भाईयों को लगाया तिलक, तिलक लगाते वक्त बहनों की आंखों से छलके आंसू

बढ़ता राजस्थान






**जयपुर( का.स. )।** केंद्रीय कारागृह में रविवार को भाई दूज मनाई गई। भाई दूज पर भाईयों को तिलक लगाने के लिए करीब साढ़े 5 सौ से अधिक बहने सेंट्रल जेल पहुची। बढ़ती भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए। इस मौके पर जेल परिसर में भावुक माहौल दिखाई दिया। जेल परिसर में बहनों ने सलाखों के बीच मे से भाईयों को तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। जयपुर जेलर राकेश मोहन शर्मा ने बताया कि भाई दूज के उपलक्ष्य पर सुरक्षा की दृष्टि से जेल में तिलक लगाने आई बहनों को बिना जांच के जेल परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया। वैसे तो जेल में बंदियों की मुलाकात के लिए सप्ताह में दो से तीन दिन का समय रहता है । लेकिन त्यौहार को देखते हुए जेल प्रशासन की ओर मुलकात के लिए कुछ छूट दी गई। तिलक लगाने आई बहनों अपने भाईयों से मुलकात के लिए 4 से 5 बजे तक का समय दिया गया। जेल प्रशासन की ओर से जेल में तिलक लगाने आई बहनों के सामान की पुख्ता जांच की गई। इसी के साथ जेल में बनी केंटीन में भी मिठाई की व्यवस्था की गई। ताकी कैदी केंटीन से मिठाई ले सके।

**सुरक्षा के लिए लगाए गए अतिरिक्त पुलिसकर्मी :** भाई दूज पर जेल में आने वाली बहनों की भीड़ को देखते हुए जेल प्रशासन ने एक दिन पहले ही पुख्ता तैयारी कर ली। जेल प्रशासन ने बिना पर्ची और मोहर के किसी को भी जेल परिसर में एट्री नहीं दी। पर्ची और मोहर लगाने के साथ ही सामान की तलाशी के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की व्यवस्था की गई।

**नहीं रोक पाई बहने अपने आंसू :** सलाखों के पीछे खड़े अपने भाई को तिलक लगाते समय बहने अपने आंसू नहीं रोक सकी और काफी भावुक नजर आई। बहनों को रोता देख कैदी भाई की आखों से भी आसू झलक पड़े। बहनों ने अपने भाईयों से विदा में अपराध नहीं करने की कसम दिलवाई।

## ईयर फोन या इयर बड के अधिक प्रयोग से सेंसरी न्यूरल हियरिंग लॉस : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** एक प्रकार की श्रवण हानि हो जाती हैं जिसमें आंतरिक कान या मस्तिष्क तक जाने वाले तंत्रिका मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाता हैं। आजकल श्रवण हानि का यह सबसे आम प्रकार हो गया है, यह आमतौर पर स्थायी भी हो जाता है। इसमें आठवीं कपाल तंत्रिका जिसका नाम वेस्टिबुलोकोक्लियर तंत्रिका है इसे श्रवण वेस्टिबुलर तंत्रिका कहते है । यही तंत्रिका सुनने और संतुलन के लिए ज़िम्मेदार होती है । यह आंतरिक कान से मस्तिष्क तक ध्वनि और संतुलन की जानकारी पहुंचाती है यह वेस्टिबुलोकोक्लियर तंत्रिका, वेस्टिबुलर और कोक्लियर तंत्रिकाओं से मिलकर बनी होती है ।

### लक्षण

धीमी आवाज़ें सुनने में कठिनाई होना , उच्च आवाज़ पर भी अस्पष्ट या अस्पष्ट आवाज़ें आना , कानों में घंटी बजना या भिनभिनाना (टिनिटस) , चक्कर आना या असंतुलित महसूस करना ।

### कारण

बुढ़ापा, तेज़ आवाज़ों के संपर्क में आना , सिर या कान में चोट लगना , संक्रमणट्ठजैसे कि मेनिन्जाइटिस, कण्ठमाला, स्कार्लेट ज्वर और खसरा , कुछ दवाइयां या रसायन , श्रवण हानि का पारिवारिक इतिहास , आनुवांशिक सिंड्रोम । आमतौर पर इसको दवा या सर्जरी से सही नहीं किया जा सकता है । यह 32-65% मामलों में अचानक बिना किसी चिकित्सा उपचार के भी ठीक हो जाता है, लेकिन जल्दी से जल्दी उपचार लेना महत्वपूर्ण है क्योंकि कई बार चिकित्सा आपातकाल हो सकती है। आजकल श्रवण यंत्र भी मददगार हो रहें हैं।

### यूनानी चिकित्सा

आंतरिक कान से निकलकर मस्तिष्क तक जाने वाली आठवीं कपाल तंत्रिका यानि श्रवण तंत्रिका होती है जिसमें यूनानी दवाईयां तंत्रिका में संचार व्यवस्था दूरस्थ करती हैं इसमें अफ़्तिमून विलायती, खसखस सफ़ेद, निलोफर, ब्राह्मी, शंख पुष्पी, अश्वगंधा, बच, घिगवार, संदल सफ़ेद आदि दी जाती हैं।

## घर का 'दीपक' बुझा, माता-पिता की अंधेरी हुई दिवाली नाहरगढ़ में भाइयों की मौत-लापता होने की गुत्थी अनसुलझी; दोनों ने लोन लेकर बनाया था मकान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ियों में एक भाई का शव मिलने और दूसरे के लापता होने के दो महीने बाद भी मामला अनसुलझा है। नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर हफ्ते भर तक सर्च अभियान चलाया गया था। ड्रोन उड़ाए गए, लेकिन कोई सबूत नहीं मिला। अब तक न तो यह पता चला कि छोटे भाई आशीष शर्मा (22) की मौत कैसे हुई, न ही यह पता चला कि राहुल शर्मा (25) कहां गया।

परिवार ने बताया- हमारे घर की दिवाली तो बेरंग हो गई। हमारे घर का एक दीपक बुझ गया है जबकि दूसरे का कोई पता नहीं है। हमारे दिल में अंधेरा हो गया है तो हमारे लिए कैसी दिवाली। राहुल का जन्म गोवर्धन पूजा के दिन हुआ था, लेकिन इस बार वह भी बिना बेटों के ही निकल गई। घटना से पहले दोनों भाइयों के माता-पिता दिवाली के बाद उनकी शादी की प्लानिंग कर रहे थे। परिवार को अब भी उम्मीद है कि उनका बड़ा बेटा राहुल जिंदा है। जब वह लौटेगा, तभी उनके घर में दिवाली और त्योहार मनाए जा सकेंगे।

**घर के लिए लोन लिया था :** परिजन से बातचीत में पता चला कि यह दो मंजिला घर दोनों भाइयों ने लोन लेकर बनाया था। इस मकान में चार कमरे, दो रसोई और दो हॉल हैं। यहां राहुल और आशीष माता-पिता के साथ रहते थे। अब इस मकान में उनके माता-पिता ही रह गए हैं। मकान की किस्त भी दोनों भाई चुका रहे थे। पिता सुरेश कांजी बड़े का ठेला लगाते हैं। मां गृहिणी हैं। यह परिवार साल 2014 में यहां आया था। राहुल का 20 अक्टूबर को जन्मदिन था, लेकिन परिवार उसका जन्मदिन गोवर्धन पूजा के दिन मनाता था। क्योंकि जिस दिन उसका जन्म हुआ था, वह गोवर्धन पूजा वाला दिन था। पिता सुरेश ने बताया- वैसे तो हम उस स्थिति में नहीं थे कि धूमधाम से बच्चों का जन्मदिन मनाएं। हालांकि जन्मदिन पर खुशी एक दूसरे के साथ जरूर साझा करते थे। राहुल खासा कोठी स्थित एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। वहां केक काटकर जन्मदिन मनाया जाता था। बर्थडे सेलिब्रेशन की सभी बातें राहुल घर आकर हमें बताता था।

### दिवाली के बाद थी दोनों की शादी की प्लानिंग

ताई गीता देवी ने बताया- दोनों बच्चों के पिता की इच्छा थी कि मकान का कर्ज चुकाने के बाद दोनों की इस साल शादी कर दी जाए। इसके लिए उनकी प्लानिंग थी कि दिवाली के बाद दोनों बच्चों के लिए अच्छा परिवार देखकर शादी की जाएगी। दो-चार जगह से लोग आए भी थे, दोनों भाइयों को देखने के लिए। परिवार चाहता था कि दोनों बच्चों की शादी एक साथ की जाए। परिवार आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं है कि बच्चों की अलग-अलग शादी की जाए।

# गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का भोग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** हनुमान नगर जमात में वैष्णव भवन में गोवर्धनपूजा का कार्यक्रम रखा गया। गोवर्धनभगवान की शुद्ध देसी गाय के गोबर से प्रतिमा बनाकर विधिबत पूजा की गई ओर साथ ही भोग में रसमलाई , दही , दूध , पंचमेवा , खीर आदि का प्रसाद चढ़ाया । गोवर्धन पूजा में नरेश शर्मा , जगदीश शर्मा , पदम् स्वामी, महेश गौतम प्रोपर्टी वाले ,राधामोहन स्वामी , कुशाल , नीरज , धीरज , संजय अंकल , मोहित टेलर ,रेखा शर्मा , सोना शर्मा , सोनिया , अलका , तमन्ना, विवान , वैभव , क़ानू आदि मौजूद रहे । गोवर्धन भगवान आरती और परिक्रमा कर के अन्नकूट के प्रसाद का भोग लगा के सभी को भोजन प्रसादी करवायी,भव्य आतिशबाजी की गई ।





राजस्थान ऑर्गेनिक राज्य बनने की राह पर

## ऑर्गेनिक खेती में रुचि रखने वाले चुनींदा 25 किसानों को दिया आमंत्रण, रविवार को किया प्रशिक्षण कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

### राजस्थान के निवासी और सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर इस दिशा में दिखा रहे हैं विशेष रुचि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय गौशाला परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि भारत के प्रथम जैविक राज्य के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से शिष्टाचार भेंट कर सिक्किम में राजस्थान के किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया था। उन्होंने इस सुझाव की सराहना करते हुए तुरंत हां की। माथुर ने कहा कि सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री, कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, और अन्य सभी जैविक कृषि विशेषज्ञों का पैनल प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहेगा। माथुर ने जैविक किसानों के उत्पादन के विक्रय में आने वाली मूल समस्याओं के निष्पादन के लिए एक केन्द्रीय बाजार स्थल बनाने पर बल दिया, जिससे किसान वर्ग जैविक कृषि की ओर अपना रुझान बढ़ा सकें। उन्होंने डॉ. गुप्ता के जैविक राष्ट्र के प्रयासों हेतु किये जा रहे सुझावों को रुचि पूर्वक समझा और सराहा ।

पोस्टर विमोचन के दौरान डॉ. अतुल गुप्ता के साथ अरुण खटोड़ और त्रिलोक खंडेलवाल भी मौजूद रहे।



## रेल गाड़ियो मे मोबाईल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से मोबाईल बरामद

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** राजकीय रेलवे पुलिस ने स्टेशन पर खड़ी ट्रेन से यात्री का मोबाईल चुराने के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया मोबाईल बरामद किया।

थाना प्रभारी गुलजारी लाल के मुताबिक दिनांक एक नवम्बर को एक महिला यात्री ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराते बताया कि वह जयपुर से पुणे जाने वाली रेल गाडी मे आरक्षण कोच नम्बर 15मे सफर कर रही थी। तथा अपना मोबाईल चार्ज परलगा रखा था।इस बीच गाडी के फुलेरा रूकने पर उसका मोबाईलचोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसी केमरे खँगालते हुये व तकनीकी सहायता से आरोपी मोहम्मद आकिब (20) पुत्र अकबर हुसैन जाति मुस्लिम निवासी शिवपुरीया थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत.( यु.पी.)को दस्तयाब कर चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद कर मुलजिम को गिरफ़्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने मै हैड कास्टैंबल रामजीवण, बिहारी लाल नींबाराम व रामजी लाल की विशेष भुमिका रही।

## आरजेएस मे चयनित हर्षल व शैली का डॉ. अंबेडकर विचार मंच ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे की कुमारी शैली एवं विधान सभा की क्षेत्र हर्षल का पहले ही प्रयास में छोटी सी उम्र में आरजेएस मे चयन होने पर बनी हर्षल वर्मा का किशनगढ़ रेनवाल तहसील अध्यक्ष विजेन्द्र सांभरिया ने साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा महिला समाज सेविका रजनी पंडियार ने हर्षल का माल्यार्पण तथा मुंह मीठा कराकर परिवार को बधाई दी। इसीतरह कुमारी शैली पुत्री रामप्रसाद का भी पार्षद श्रवण वर्मा, त्रिलोक चन्द भाटी, ताराचंद पालीवाल,भागचंद रैगर,शंकर वर्मा,कृष्ण,बबलू सहित अन्य लोगो ने एक दूसरे का मुह मीठा करवाकर नव चयनित हर्षल व शैली को बधाई दी।

## सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज करेंगा धरना-प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले वाल्मीकि समाज की ओर से सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को एक विशाल धरना-प्रदर्शन करने जा रहा है। यह विशाल धरना-प्रदर्शन गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक पर दिया जाएगा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग किशनलाल जैदिया ने बताया कि वाल्मीकि समाज कई मांगों को लेकर सोमवार को गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन करने जा रहा है। वर्तमान में चल रही सफाई भर्ती प्रक्रिया में समझौता शर्तो की पालना नहीं किए जाने से सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।जिसके चलते वाल्मीकि समाज के लोग विरोध प्रदर्शन में वह भाजपा सरकार से यह मांग करेंगे कि सफाई भर्ती प्रक्रिया में वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए और साथ ही आवेदन की तिथि बीस दिन बढ़ाई जाए। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों की भर्ती मस्टररोल के आधार पर की जाए। जिसमें एक साल तक पहले कर्मचारी से काम करवाया जाए, उसके बाद नियुक्ति दी जाए। साथ ही पूर्व की जिन भर्तियों में कोर्ट में मामला विचाराधीन है या जिन पर निर्णय हो चुका है उनमें नियुक्ति के आदेश जारी किए जाए। किशनलाल जैदिया ने बताया कि भर्ती में वाल्मीकि समाज को अनदेखा किया गया है। वाल्मीकि समाज का हक छीनकर अन्य को वरीयता दी जा रही है।

जो सरासर गलत है अगर सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करती है कि तो सम्पूर्ण राजस्थान में वाल्मीकि समाज द्वारा प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जायेगा।

## घर में बने गार्डन में लगी आग, बाइक सहित डेकोरेशन का सामान जल कर राख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** श्याम नगर थाना इलाके में शनिवार देर शाम घर में बने गार्डन में भीषण आग लग गई। जिससे आसपास दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन आग बुझाने से पहले ही गार्डन में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया और लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। एएफओ तपेंद्र सिंह के बताए अनुसार श्याम नगर में स्थित कृष्णा मार्ग पर एक घर के अंदर बने गार्डन में देर शाम करीब 7 बजे अचानक से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया।

## ठाकुर जी को अन्नकूट का भोग लगाकर भक्तो ने प्रसाद पाया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** क्षेत्र सहित आस पास के क्षेत्रो मे दीपोत्सव के बाद शनिवार को अन्नकूट महोत्सव श्रृध्दा के साथ मनाया गया। शनिवार को अल सुबह से ही श्रृध्दालु क्षेत्र के विभिन्न मन्दिरो मे बाजरा की खिचडि , मूली पालक की शब्जी, पुये- पुडी, चावल,ग्वार फली की शब्जी बनाकर ठाकुर जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। गोरतलब है कि कार्तिक मास मे नई फसल तैयार होने पर प्रति वर्ष दीपावली के दूसरे दिन नई फसल मे बाजरा, मुली पालक, के व्यजंन बनाकर भगवान को भोग लगाया जाता है। शनिवार को विश्वनाथ मन्दिर स्कूल की ढाणी, कूकू बाबा की बगीची, मायला बाजार मे सीताराम जी के मंदिर में , स्कूल मैदान के पास संकट मोचन हनुमान मन्दिर, सियाराम मन्दिर स्थित हर सिद्द गो शाला, कुमावत बगीची श्री राम नगर मे कुमावत समाज विकास समिती द्वारा समिती अध्यक्ष किशन लाल भोडीवाल महामँत्री दामोदर प्रसाद कुमावत के संरक्षण मे अन्नकूट बनाया गया।तथा भगवान बंजरँग बली की आकर्षक झाँकी सजाकर अन्नकूट का भोग लगाया। इस अवसर पर समिती संरक्षक हनुमान प्रसाद करोडीवाल भँवर लाल भोडी वाल मूलचन्द धमाणिया, , गुलाब चन्द नराणिया, सोहन लाल भोडीवाल सहित सैकडो श्रृद्दालु मोजूद थे।

## बस का इंतजार कर रहे युवक का मोबाइल छीन बाइक सवार फरार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** लाल कोठी थाना इलाके में बस का इंतजार कर रहे युवक का बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी भी कराई । लेकिन बाइक सवार बदमाशों का कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल जगदीश ने बताया महावीर नगर दुर्गापुरा निवासी अवधेश दाधिच गुरुवार सुबह 10 बजे अमजेरी गेट बस स्टैण्ड पर बस के इंतजार में खड़ा था। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित ने बदमाशों को पकड़ने के लिए शोर मचाया। लेकिन तेज रफ्तार बाइक सवार बदमाश कुछ ही देर में आंखों से ओझल हो गए। घबराहट में पीड़ित बाइक के नंबर भी नहीं देख पाया। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

### राजस्थान निर्माण मजदूर संघ का बार्षिक अधिवेशन आयोजित

# मजबूती के साथ मजदूर सरकार के समक्ष रखें बात : डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** राजस्थान निर्माण श्रमिक महासंघ का प्रदेश स्तरीय बार्षिक अधिवेशन पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य में भीमा रिसोर्ट में आयोजित हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ की प्रदेशाध्यक्ष शबनम बानो ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन,प्रताप सिंह कुम्हेर, नवल सिंह,मनोज चौधरी,महेश चंद कटारा, नवीन आचार्य, महेश कुमार, अशोक कच्छावा, संभाग अध्यक्ष सत्यदेव आर्य,नागौर जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह,डीग जिलाध्यक्ष करणसिंह,अलवर जिलाध्यक्ष रामसिंह,सवाई माधोपुर अध्यक्ष मोहन बना,करौली अध्यक्ष भगवान सिंह,भरतपुर अध्यक्ष नबी रसूल, बिस्मिल्लाह, रामवीर सिंह,कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी ऋषिपाल, पुष्पेंद्र सिंह मौजूद रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि मजबूती के साथ श्रमिक अपनी बात को सरकार के समक्ष रखें और एकता का परिचय दें ।उन्होंने मजदूरों के लिये सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान करते हुए संगठन पदाधिकारियों से कहा कि वह पैम्पलेट अथवा अन्य साधनों से मजूदरों को जागरूक कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें ।उन्होंने पूर्वती राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना को यथावत रखने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि मजदूरों की समस्याओं को वह विधानसभा में जोरदारी के साथ उठाएंगे ।

उन्होंने आयुष्मान बीमा योजना में शेष रहे मजदूरों अपना पंजीकरण कराने पर जोर दिया। इस दौरान डॉ गर्ग का संगठन के पदाधिकारियों ने साफा माला व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर धर्मवीर,मिठन सिंह, रामबाबू,हरिकिशन, सोने बघेल,राजवीर सिंह, कांग्रेस के महामंत्री योगेश सिंघल,प्रेमसिंह प्रजापति, दिनेशचंद,रेवंत राम,गणपत राम,अजीत सिंह, जाकिर हुसैन, लेखराज,जुगल बिहारी, गौरीशंकर आदि मौजूद रहे ।कार्यक्रम का संचालन मजदूर नेता विद्यासागर शर्मा ने किया ।

## दीपावली स्नेह मिलन एवम् प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

### समारोह में 101 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** कस्बे में दीपावली स्नेह मिलन एवम् प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रेरणा गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संपन्न हुआ।

शनिवार को आयोजित दीपावली स्नेह मिलन ओर प्रतिभा सम्मान समारोह में कस्बे की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में कक्षा 10 व 12 में 80 या अधिक प्रतिशत अंक, स्नातक और स्नातकोतर में 70 या अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो, गत वर्ष में सरकारी नव चयनित कार्मिक, खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी और सेवानृत कर्मचारी/अधिकारियों सहित कुल 101 प्रतिभाओं का समान किया गया द्य संस्थान के उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि गांव की प्रतिभाओं को प्रेरित करना और उनको सही मार्ग दिखाना हमारा मुख्य लक्ष्य है द्य सेवानिवृत वरिष्ठ आरएएस डॉ नोपाराम पारीक ने अपने संबोधन में प्रतिभाओं को अपने सेवा अनुभव बताते हुए ग्रामीणजनों से एक सार्वजानिक वाचनालय स्थापित करने की बात कही।

इस मौके पर ममता शर्मा, डॉ पूनम जोशी, कुलदीप पारीक, बंशीराम कसवां, विद्याधर पारीक, सरपंच कर्मचंद नैण, नवल दुदानी, बसंत पारीक आदि ने प्रेरणादाई उद्बोधन दिया ।

पूनम नीर, रुखसाना बानो, प्रियंका, किशन पारीक ने शानदार सांस्कृतिक प्रतुति पर सभी को थिरकने पर मजबूत कर दिया। इस अवसर पर गांव संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष हनुमान पारीक, उपसरपंच नौरंग सैनी, पंच गिरधारी लम्मणी, राकेश सैनी, झाबरमल मिरासी, शौकीन खान, दारासिंह सोनी, रमेश मिरासी, बुधराम गील, संजय भरुंडिया, सैनी समाज संस्था अध्यक्ष दीनाराम सैनी, जुगल किशोर प्रजापत, रामनिवास बेनीवाल, केदारमल आसेरी, चेतनराम सिंहमार, प्रकाश पारीक, गंगाधर तिवाड़ी, प्रताप चन्द शर्मा, हंसराज भांभू, कृष्णलाल बोहरा, हॉकी कोच अंजना लम्माणी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे द्य संस्थान के अध्यक्ष करणीदान चारण ने बताया कि यह कार्यक्रम काफी वर्षों से हर वर्ष दीपावली पर्व पर आयोजित किया जाता है। अगले वर्ष इसी स्थान पर आयोजित होना प्रस्तावित है । संचालन राजमोहन शर्मा और राकेश कस्वां ने किया ।

## जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 40वीं पुण्यतिथि तथा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( नि.स. )।** भरतपुर के जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम दोनों की तस्वीरों पर फूल माला पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई।

गोष्ठी में उपस्थित सभी वक्ताओं ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी को आयरन लेडी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में अपने कार्यों एवं प्रभाव की विश्व में अमिट छाप छोड़ी तथा विश्व के महान नेताओं ने भी स्वर्गीय इंदिरा गांधी को मां दुर्गा का अवतार बताया। विचार गोष्ठी में पदाधिकारीयों ने लोह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती के अवसर पर उन्हें याद करते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके दिए गए योगदान को देशवासी कभी नहीं भूला सकते।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश बंजी, दयाचंद पचौरी, साहब सिंह एडवोकेट, हरस्वरूप शर्मा, रमेश धावई,निरंजन जाटव ,श्याम सिंह गुर्जर, केके उपाध्याय, दीपेंद्र बुरावई,अजयपाल दारापुरिया,भरत गादोली, हरिसिंह नागर,प्रेमचंद शर्मा, धर्मेंद्र दूदूपुरा, बिजेंदर चीमा, नरेश लवानिया, प्रेमसिंह प्रजापत, किशन जायसवाल, अवधेश शर्मा, सुरेश पदयात्रि,मुस्ताक अहमद,चंद्रकांत शर्मा,जीवनलाल शर्मा, संदीप प्रजापति सहित काफी संख्या में जिला एवं शहर के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने तथा आभार प्रदर्शन भगवान कटारा ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा की ओर से जिले के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को दीपावली की बधाई प्रेषित की गई एवं मिठाई वितरित की गई।

## भाई-दूज त्यौहार पर भाईयों ने दिया बहिनों को ज्वैलरी का उपहार



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दीपावली के बाद आज भाई-बहन के स्नेह और अटूट विश्वास के प्रतीक, सनातन परंपरा के वाहक, प्रेम, समर्पण व कर्तव्य परायणता के भाई दूज त्यौहार पर सोजतिया ज्वैलरी पर भाई बहिनों की भीड़ उमड़ी। इस त्यौहार पर भाईयों ने अपनी बहिनों को सोने-चांदी की ज्वैलरी उपहार में दी।

सोजतिया ज्वैलर्स के निदेशक डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि आज जब भाई-बहिन सोजतिया ज्वैलर्स पर आयें और बहिन ने रिंग पसन्द की। नई-नई नौकरी लगे भाई का बजट 30 हजार रूपयें का ही था लेकिन बहिन ने जो रिंग पसन्द की थी वह 37 हजार की थी। इस पर बड़ी बहिन ने आराम से कहा कि वे तीस हजार दे दें और शेष रकम वह दे देगी। बहिन ने शेष रकम देकर भाई बहिन के बीच इस अटूट प्रेम को दर्शाया। इस पर वहां उपस्थित अन्य सभी ग्राहकों ने दोनों भाई-बहिन को दीर्घायु का आशीर्वाद दिया। डॉ. सोजतिया ने बताया कि यमराज व युमना दोनों भाई बहिन थे और दीपावली के बाद यमुना ने भाई यमराज को अपने घर भोजन के लिये आमंत्रित करती है। यमराज जब यमुना के घर पंहंचे तो यमुना ने यमराज से कहा कि वे चाहती है कि इस दिन प्रतिवर्ष बहिन अपने भाई को भोजन करायें और बहिन भाई की दीर्घायु की कामना करें और उसके बाद दीपावली पश्चात द्वितीया को यह पर्व मनाया जाने लगा। आज सुबह से ही भाई बहिन की जोड़ी के रूप में शोरूम पर आते गये। कुछ भाईयों ने ईयररिंग्स,लाईटवैट ज्वैलरी के रूप में गले का हार,चैन,पायल, डायमण्ड अंगूठी दिला बहिनों का दिल जीत लिया।

## पूर्व मंत्री रिणवा ने भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओ से की दिपावली की रामा श्यामा



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से दीपावली की रामा श्यामा की। रिणवा ने साफ़ सूथरी, सुरक्षित और शांतिपूर्वक दीपावली का पर्व मनाने पर शहरवासियों को बधाई दी तथा त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला। साहवा गौचिकित्सालय टीम के राकेश पारीक, जयचंद पारीक, विकाश पारीक कैलाश पारीक सरदारशहर भाजपा कार्यालय पहुंचकर दीपावली की रामा श्यामा की और पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा को साहवा मे बीमार गौवंश के लिये स्थित गौचिकित्सालय मे पधारने के लिये निमत्रण दिया तो पूर्व मंत्री ने उसी समय हामी भर दी इस अवसर पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बहादुर सिंह कालोनी में स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां पूर्व मंत्री से रामा श्यामा की। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित, गिरधारीलाल पारीक, भंवरलाल गौरसिया, सुशील, नारायण माली, दीपक बैद,नीरज माटोलिया, निरंजन धाणका, रामावतार जागिड़, अविनाश पारीक, मनीराम सारण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। विकास रिणवां व श्याम पारीक ने आभार प्रकट किया।

## व्याख्याता भूपेंद्र सिंह मीना ने गुवाहाटी में राजस्थान का किया प्रतिनिधित्व सी.सी.आर.टी गुवाहाटी में प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में दस दिवसीय कार्यशाला हुई आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (सी.सी.आर.टी) गुवाहाटी में 10 दिवसीय प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में राजस्थान से एकमात्र भरतपुर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुधावई के राजनीतिक विज्ञान के व्याख्याता भूपेंद्र सिंह मीणा ने भाग लिया जिसमें प्रशिक्षण के दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत की तर्ज पर राष्ट्रीय स्तर पर सभी क्षेत्रों को उनकी सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक धरोहरों के बारे में जागरूक करवाने के लिए यह आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में भारत वर्ष से 14 राज्यों के 68 नामित शिक्षकों ने हिस्सा लिया इसमें से राजस्थान से गए शिक्षक भूपेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को राष्ट्र की विभिन्न सांस्कृतिक एवं उनके प्राकृतिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई तथा विशेष रूप से उत्तर पूर्व राज्यों के नृत्य, संगीत, वेशभूषा भाषा, रहनट्ठसहन, खानट्ठपान की जानकारी दी गई जो विद्यालय में जाकर बच्चों में विविधता में एकता, सांस्कृतिक समन्वय हमारे राष्ट्र की संस्कृति को प्रस्तुत करने में शिक्षकों की सहायता करेगा प्रशिक्षण सेवा में शिक्षकों को गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर, नवग्रह मंदिर, असम म्यूजियम, इकोलॉजी तथा जियोलॉजिकल पार्क गुवाहाटी आदि महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण करवाया गया।

कार्यशाला में शिक्षकों की आपसी विचारों का आदान-प्रदान एवं अपने राज्यों की प्रस्तुतियों के माध्यम से संस्कृति का सामान्य किया गया। शिक्षक के प्रशिक्षण शिविर से लौटने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी, विभिन्न शिक्षक संघों द्वारा स्वागत किया गया।

## तिलकायत महाराजश्री की आज्ञा अनुसार युवराज विशाल बावा साहब की मौजूदगी में मोती महल प्रांगण में दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा (नि.स.)।** वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ नाथद्वारा मंदिर में रविवार को तिलकायत महाराज श्री की आज्ञा अनुसार व विशाल बावा साहब की मौजूदगी में सेवा वालो एवम मंदिर मंडल कर्मचारीयों एवं नगर की गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में आधुनिक विकास के प्रणेता विशाल बावा साहेब ने विज़न 2030 को लेकर नाथद्वारा के बारे में विस्तार से बताते हैं कहा कि प्रभु की सेवा में श्रद्धा एवं समर्पण का भाव प्रत्येक, सेवा वालो व कर्मचारी में होना चाहिए .साथ ही इस अवसर पर मन्दिर के अधिकारी सुधाकर शास्त्री श्रीनाथजी मंदिर के मुख्य प्रशासक भारत भूषण व्यास ने सभी को पंच महोत्सव की शुभ कामनाएं प्रदान की एवं श्री भारत भूषण व्यास ने अपने उद्बबोधन में प्रभु श्रीनाथजी की सेवा में सभी सेवकों एवं कर्मचारियों को श्रद्धा एवं समर्पण भाव से प्रभु की सेवा मैं समर्पित भाव से सेवा करने के भाव को बताया। साथ ही इस अवसर पर वल्लभ कुल दीपक आधुनिक विकास के प्रणेता विशाल बावा साहेब ने अपने उद्बबोधन एवं आशीर्वचन में सभी को पंच महोत्सव की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा श्रीजी प्रभु की प्रति अपनी श्रद्धा एवं भक्ति से कर्तव्य निर्वाह करने की प्रेरणा प्रदान की एवं श्रीनाथजी मंदिर मंडल के बोर्ड के गठन एवं नित्य लीलास्थ तिलकायत श्री गोविंद लाल जी महाराज श्री के एवं वल्लभ कुल परिवार के संघर्ष एवं प्रभु के प्रति समर्पण भाव के बारे में बताया एवं वहां उपस्थित मंदिर के ब्रजवासी सेवकों को एवं मंडल कर्मचारियों को विशेष रूप से तिलकायत श्री के दो नेत्रों के समान तथा पिता तुल्य बताया तथा तिलकायत श्री की ओर से सभी के प्रति समान भाव एवं सभी के सुख सुविधाओं के प्रति उनके मन में सभी नामेदार ब्रजवासी सेवावालो सेवकों एवं कर्मचारियों के प्रति समान भाव है बताया।

## सैनी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वैभव गहलोत से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** सैनी समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी पार्षद के नेतृत्व में सैनी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आरसीए के पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत से जयपुर आवास पर पहुंचकर दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने गहलोत को दुपट्टा एवं माला पहनकर स्वागत किया । जिलाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने 3 जनवरी 2025 को देश की प्रथम महिला शिक्षाका मां सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया वैभव गहलोत ने भरतपुर मैं कार्यक्रम शामिल होने को कहा इस मौके पर पूर्व पार्षद नारायण प्रसाद सैनी शुभम सैनी लोकेश सैनी टीटू सैनी राहुल सैनी विनोद प्रजापति गोविंद बंसल गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाई दूज पर जादू नगरी में कई हैरतअंगेज कारनामें देखे जाते हैं सभी चकित

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान के बूंदी जिले सहित राजस्थान और देश में वैसे तो भाई दूज के दिन भाई-बहन का त्यौहार मनाया जाता है। लेकिन भाई दूज के दिन यहां पर बूंदी के तीन गांव सथूर, बडोदीया और ठिकरदा तीन गाँवो में घास भैरू की सवारी निकली जाती है, यह घास भेरू सवारी अपने आप में प्राचीन समय से चली आ रही मनोरंजन की परंपरा पर आज भी कायम रखती है। तभी तो गांव के युवा सभी ग्रामीण गांव में बूंदी जिले सहित आसपास के जिलों से आने वाले दर्शकों का मनोरंजन और जादुई कर्तव्यों से मन मोह लेते हैं । कहीं पर फूल मालाओं पर बाइक लटकी हुई मिलती है ,तो कांच के गिलास और कांच पर बाइक ,कार ट्रैक्टर का खड़ा होना और बैलगाड़ी का खड़ा होना , बिना स्टैंड के बाइक को खड़ा करना अपने आप में जादुई करतब और उनकी कलाकारी को देखकर हर कोई दंग रह जाता है । बूंदी जिले के बडोदिया गांव में अलग-अलग जादुई कर्तब के साथ हैरतंगेज कर्तबो को दिखाकर, युवा आज भी इस प्राचीन परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। तभी तो बड़ोदिया गांव को जादुई गांव भी कहा जाता है। इस दौरान कहीं अनोखी बारात निकल रही थी ,तो युवा आदिवासी का वेश बनाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे थे तो,, कोई युवा महिलाओं के कपड़े पहन कर लोगों को एक अलग ही मनोरंजन और हंसी टिटौली करते हुए इन दृश्यों को बनाकर दर्शक को नजर आ रहे थे ,महिला हो या बच्चे बुजुर्ग या जवान सभी दूर-दूर से इन प्राचीन सभ्यता में होने वाले बूंदी जिले के तीनों गांव के मनोरंजन के इन पारंपरिक संसाधनों और जादुई करतबों या, यह कहे कि उनकी कलाकारी को आज भी जीवित, रखना इनका मुख्य उद्देश्य हैं ।प्राचीन समय में राजा महाराजा अपने मनोरंजन के लिए एक दिन भाई दूज के दिन यह कार्यक्रम आयोजित किया करते थे ,जो आज भी गांव में हैरत अंगेज कार्यक्रमों को देखा जा रहा है। और प्राचीन सभ्यता को आज भी यहां के ग्रामीण जीवित रखते हैं।गांव की गालियां और सड़क पर पैर रखने की जगह नहीं होती है, लोग भीड़ में धक्के खाते हैं लेकिन इन आकर्षित , हेरत अगेज कार्यक्रमों को देखने से नहीं चूकते हैं। इस के पश्चात बेलो की जोड़ियो से घास भैरों की सवारी को निकालते है जिस पर ग्रामीण भी हाथ लगाकर घास भैरू को बैलों की जोड़ों के साथ खेचते हैं। और बाबा घास भेरू पर सभी ग्राम तेल चढ़ाकर मनोकामना पूरी करने की मुराद मागते हैं। बड़ोदिया के गांव गुरु रमेश पुरोहित ने बताया कि यहां कई सालों से जनता की मनोरंजन के लिए ग्रामीण कई रूप धारण करते हैं और जादूई कलाकारीया करके लोगो को अपनी और आकर्षित करते हैं।

## सम्पादकीय

# राजनाथ का चीन को सन्देश

भारत-चीन के सम्बन्ध 1962 तक बहुत सौहार्दपूर्ण व दोस्ताना रहे हैं। मगर 1962 में चीन द्वारा भारत पर अकारण ही किये गये हमले के बाद से इनमें खटास आयी जो किसी न किसी रूप में अभी तक जारी है। अतः रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह का यह कहना कि भारत चीन के साथ सर्वसम्मति से मधुर सम्बन्ध चाहता है, बताता है कि इस 21वीं सदी में युद्ध की मानसिकता की जरूरत नहीं है बल्कि शान्ति व भाईचारे की मानसिकता से ही आपसी सम्बन्धों में सुधार आ सकता है। दुर्भाग्य से चीन की मानसिकता युद्ध या 'सैनिकी' जैसी ही है। ये उद्गार पं. जवाहर लाल नेहरू ने भारत की संसद में तब व्यक्त किये थे जब 1962 में चीनी आक्रमण के बारे में संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था। चीन हमारा ऐसा पड़ोसी देश है जिससे छह तरफ से हमारी सीमाएं लगती हैं। इसलिए राजनाथ सिंह ने वर्तमान सन्दर्भों में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का वह उवाच दोहराया जिसमें उन्होंने कहा कि हम अपने पड़ोसी को नहीं बदल सकते। बहुत साफ है कि रक्षामन्त्री ने ऐसा वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कहा है क्योंकि एक तरफ प. एशिया में अरब- इजराइल युद्ध चल रहा है और दूसरी तरफ रूस व यूक्रेन लड़ाई में उलझे हुए हैं। ये दोनों युद्ध बजाय खत्म होने के लगातार आगे ही खिंचते जा रहे हैं। यदि हम गौर से देखें तो भारत के प्रति पाकिस्तान के रवैये की वजह से भारतीय उपमहाद्वीप में भी सम्पूर्ण शान्ति का माहौल नहीं बन पा रहा है, इस पर यदि भारत चीन के बीच सीमाओं पर तनाव बना रहता है तो इससे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां बदतर ही होंगी। जाहिर है कि भारत ऐसा कभी नहीं चाहेगा जिससे इस उपमहाद्वीप में जरा भी तनाव में वृद्धि हो। हमें याद रखना चाहिए कि 2004 में जब केन्द्र में डा. मनमोहन सिंह की सरकार बनी थी तो भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी उस सरकार में रक्षामन्त्री बने थे।

रक्षामन्त्री के रूप में स्व. प्रणव दा ने चीन की एक सप्ताह की राजकीय यात्रा की थी। तब उन्होंने बीजिंग की धरती पर खड़े होकर ही कहा था कि 'आज का भारत 1962 का भारत नहीं है'। यह बयान प्रणव दा जैसे राजनेता ने बहुत सोच-समझ कर दिया था। तब भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक समाज में बहुत महत्वपूर्ण बनती जा रही थी। प्रणव दा का यह बयान चीन के लिए कूटनीतिक चेतावनी इस मायने में था कि वह सैनिकी मानसिकता छोड़कर मित्रता व आपसी सहयोग की मानसिकता अपनाए। मगर प्रणव दा तो प्रणव दा ही थे इसलिए उन्होंने भारत-चीन सीमा क्षेत्र का दौरा भी किया था और देखा था कि चीन किस प्रकार सीमा क्षेत्र में आधारभूत विकास योजनाएं चला रहा है अतः उन्होंने भारत लौट कर चीन से लगी सीमाओं पर विकास कार्य कराने शुरू कर दिये थे और कई परियोजनाओं को हरी झंडी भी दे दी थी।

पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में भारत ने तभी से सैनिक निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया था हालांकि उनके बाद बने रक्षामन्त्री ए. के. एंटोनी ने इसमें ज्यादा रुचि नहीं दिखाई क्योंकि 2006 में प्रणव दा विदेश मन्त्री बन गये थे। अतः राजनाथ सिंह चीन के सन्दर्भ में जिस सैनिक कूटनीति का इस्तेमाल कर रहे हैं वह भारत की सुरक्षा के लिए बहुत संवेदनशील मगर पुख्ता रास्ता है। अतः श्री सिंह के ये वचन कि भारत सर्वसम्मति से दोस्ती की राह पर चलना चाहता है, युद्धरत देशों के लिए अनुकरणीय है।

# ब्रिक्स समूह देशों के सम्मेलन में बढ़ा है भारत का कद

**हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया। ब्रिक्स के इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विचार किया गया कि ब्रिक्स देशों के पास एक अपना पेमेंट सिस्टम होना चाहिए एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। पश्चिमी देश वर्तमान में पूरे विश्व में लागू स्विफ्ट सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं इसके माध्यम से अन्य देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्विफ्ट सिस्टम के माध्यम से पूरे विश्व के देशों के बीच धन सम्बंधी व्यवहारों को सम्पन्न किया जाता है। यदि किसी देश को इसकी सदस्यता से हटा लिया जाता है तो वह देश विश्व के अन्य देशों के साथ आर्थिक (धन सम्बंधी) व्यवहार नहीं कर सकता है।**

**प्रह्लाद सबनानी।**



हाल ही में ब्रिक्स समूह के देशों का सम्मेलन रूस के कजान शहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में रूस ने भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत तो किया ही, साथ ही, चीन के राष्ट्रपति के साथ भी भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में चीन ने भारत की सीमा के पास जमा कर रक्खे अपने सैनिकों को पीछे हटाकर, सीमा पर वर्ष 2020 की स्थिति बहाल करने की घोषणा की है। भारत को भी अपने सैनिकों को सीमा पर पीछे की ओर ले जाना होगा। इससे भारत एवं चीन की सीमा पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहे तनाव को कम करने में सफलता हासिल होगी। इस संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार चीन एवं भारत ने अपने 80 से 90 प्रतिशत सैनिकों को वापिस पीछे की ओर हटा लिया है। चीन और भारत के आपस में सम्बंध सुधरने का असर केवल इन दोनों देशों के आपसी तनाव को ही कम नहीं करेगा बल्कि इन सम्बन्धों में सुधार का असर आर्थिक क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। दरअसल चीन आज आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, चीन में आर्थिक विकास की दर तिमाही दर तिमाही कम हो रही है। चीन के अमेरिका के साथ सम्बंध बहुत अच्छे नहीं रहे है। अमेरिका एवं कई यूरोपीयन देशों ने चीन से विभिन्न वस्तुओं के आयात पर करों को बढ़ा दिया है ताकि चीन से आयात को कम किया जा सके। चीन की आंतरिक अर्थव्यवस्था में भी उत्पादों की मांग लगातार कम हो रही हैं। साथ ही, चीन के भवन निर्माण क्षेत्र एवं बैकिंग क्षेत्र में भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं।

चीन के अपने पड़ोसी देशों, ताइवान, फिलिपींस, जापान, भारत आदि के साथ भी सम्बंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस सबका असर यह रहा है कि चीन ने भारत के साथ अपने सम्बन्धों को सुधारने की पहल शुरू की है ताकि वह भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ा सके एवं अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद्द तक सुधार सके। हालांकि चीन के विस्तरवादी नीतियों पर चलने के कारण चीन पर तुरंत विश्वास करना बहुत कठिन है। इस संदर्भ में चीन का इतिहास भी इस बात का साक्षी नहीं रहा है कि चीन के सम्बंध किसी भी देश के साथ स्थायी रूप से बहुत अच्छे रहे हों। ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस ब्रिक्स का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जब रूस पर सैंक्शन लगाए थे तब रूस को स्विफ्ट सिस्टम से हटा दिया गया था जिससे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यापार के लेनदेनों का निपटान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस संदर्भ में, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लागू यूनिफाईड पेयमेंट सिस्टम (यूपीएस), जिसे भारत में ही विकसित किया गया है। ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों में लागू करने पर विचार करने हेतु समस्त सदस्य देशों से आग्रह किया है। अभी तक भारत के यूनीफाईड पेयमेंट सिस्टम को 7 देशों ने अपना लिया है एवं 30 से अधिक देश इसे अपनाने के लिए विचार कर रहे हैं। भारत में यह सिस्टम बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। दूसरे, पूरे विश्व में डॉलर के प्रभाव को कम करने हेतु भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच चर्चा हुई है। डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेन्सी को अपनाने अथवा ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों की बीच हो रहे व्यापार सम्बंधी व्यवहारों के निपटान हेतु ये देश आपस में अपनी करेन्सी के उपयोग पर जोर देने पर भी सहमत होते दिखे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए। क्योंकि, चीन के इतिहास को देखते हुए उस पर आज भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। भारत ने हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को निर्धारित किया है। चीन के साथ भारत के सम्बंध सुधरने के पश्चात इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो सकती है। परंतु, यह कार्य फिर भी बहुत सोच समझकर ही करना होगा। चीन के साथ भारत का विदेशी व्यापार अत्यधिक मात्रा में ऋणात्मक ही है। भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में चीन से 12,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के उत्पादों का आयात किया था, परंतु भारत से चीन को निर्यात बहुत ही कम मात्रा में हो रहे हैं तथा चीन द्वारा भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बहुत कम मात्रा में ही किए जा रहे हैं। चीन, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की सूची में 22वें स्थान पर है और भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.37 प्रतिशत की ही है। यह सही है कि चीन के साथ बॉर्डर समझौते के बाद चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ सकता है परंतु भारत को चीन के इतिहास को देखते हुए अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच आज भारत का कद तो बढ़ ही रहा है, साथ ही, आज विश्व के कई देशों द्वारा यूरोप एवं अमेरिका के प्रभाव से बाहर निकलने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने ब्रिक्स समूह की बैठक में बताया है कि विश्व के कई देश आज ब्रिक्स समूह की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं। इस प्रकार, ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिणी अफ्रीका) एवं शंघाई समूह आदि संगठन बहुत तेजी से अपने प्रभाव को वैश्विक स्तर पर बढ़ा रहे हैं। दरअसल, आज अमेरिका सहित यूरोपीयन देशों (फ्रान्स, जर्मनी, ब्रिटेन आदि) की आर्थिक परिस्थितियां लगातार बिगड़ती जा रही हैं और इन देशों की आर्थिक प्रगति धीमे धीमे कम हो रही है और ये देश मंदी की चपेट में आने की ओर आगे बढ़ रहे हैं जबकि आर्थिक विकास की दृष्टि से यह सदी अब भारत की होने जा रही है।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**



दर्शना अरोड़ा
( वरिष्ठ अध्यापिका सरकारी विद्यालय )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की आर्दश हैं सरकारी विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमति दर्शना अरोड़ा जी। इनका जन्म 1966 अलवर मे ही हुआ और शिक्षा भी अलवर से ही हुई।बी.ए आनर्स दर्शनशास्त्र, बी.ए एडीशनल राजनीति शास्त्र, एम.ए हिन्दी से हुई । इनका विवाह 1985 में हुआ और शैक्षणिक कार्य में इन्होंने आर्य कन्या,बालभारती स्कूल में अपनी सेवाए दी और राजकीय विद्यालय ढाढोली,घेघोली,साँखला व वर्तमान मे राउमावि केसरोली (रामगढ़)में वरिष्ठ अध्यापिका हिन्दी के पद पर कार्यरत हैं। पिता का नाम ओमप्रकाश खत्री जो कि जिला पुरुषार्थी अध्यक्ष व बहाला गांव के सरपंच रहे थे। पति महेश अरोड़ा कृषि उपज मंडी में राजकीय सेवा से सेवा निवृत्त हो चुके है। गुरु की रहमत से तथा इनके पिता ओमप्रकाश खत्री जी की प्रेरणा द्वारा जपुजी साहिब की पऊडियों से आत्मसात हों लिखने की बख्शीश प्राप्त हुई । इनके पति महेश अरोड़ा, बच्चे गौरव-श्रुति, उत्कर्ष,एकता, गर्व। व भाई-बहनों द्वारा इन्हे पग-पग पर मार्गदर्शन मिलता रहा। जपुजी सूक्ष्म जगत के अनुभवों की अनंत धारा है अथाह सागर है और इस सागर में डुबकी लगाकर एक बूंद जितना रहस्य जानने की परम इच्छा रखते हुए गुरु प्रसादि शीर्षक के रूप में इन्होंने इस पुस्तक का विमोचन किया।

गुरु प्रसादि की श्रृंखला के अंतर्गत वर्तमान में सुखमनी साहिब पर पुस्तक लिखना जारी है और अगली पुस्तक आप सभी के समक्ष सुखमनी साहिब पर गुरु की कृपा से बख्शीश होगी। बच्चों को पढाने के साथ साथ उनके साथ दोस्ताना व्यवहार तथा पूर्णरूपेण कार्य स्थल पर समर्पित भाव से कर्म करना यहीं इनकी कर्मभूमि है। बहुत शालीन और आध्यात्मिक विचारधारा से प्रभावित पावन गंगा सा स्वभाव है दर्शना जी का। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 4 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अल्मीडा के बाद 1509 में अल्फांसो द अल्बुकर्क भारत में दूसरे पुर्तगाली वायसराय बने।
- फ्रेडरिक पंचम 1619 में यूरोपीय देश बोहेमिया के राजा बने।
- दिल्ली में 1822 में जल आपूर्ति योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ।
- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने 1822 में मैरी टोड के साथ शादी की।
- जेम्स बुकानन 1856 में अमेरिका के 15वें राष्ट्रपति बने।
- अमेरिका के बोस्टन में 1875 में मैसाचुसेट्स राइफल एसोसिएशन की स्थापना हुयी।
- अफ्रीकी देश मोरक्को और कांगो को लेकर फ्रांस तथा जर्मनी के बीच 1911 में समझौते पर हस्ताक्षर।
- वायोमिंग की नेली टेलो रॉस 1924 में संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रथम महिला गवर्नर चुनी गई।
- कश्मीर के बडगांव के मेजर सोमनाथ शर्मा को 1947 में पहला परमवीर चक्र मिला। हालांकि उन्हें यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया।
- दार्जिलिंग में हिमालयन पर्वतारोहण की संस्थान की स्थापना 1954 में की गई।
- ओ बी अग्रवाल 1984 में एमेच्योर स्नूकर के विश्व चैंपियन बने।
- 1995 में इसराइल के प्रधानमंत्री की हत्या हो गई.
- सियाचीन बेस कैम्प में सेना की आफ़ सिग्नल ने 1997 में विश्व का सर्वाधिक ऊँचा एस.टी.डी. बूथ स्थापित किया।
- संयुक्त राष्ट्र संघ में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने व विखंडनीय पदार्थों के उत्पादन पर रोक संबंधी जापान का प्रस्ताव 2000 में भारत के विरोध के बावजूद पारित।
- चीन ने 2002 में आसियान देशों के साथ मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर हस्ताक्षर किये।
- श्रीलंका की राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा ने 2003 में रक्षा, गृह और सूचना मंत्रियों को बर्खास्त कर संसद को निलम्बित किया।
- बराक ओबामा 2008 में अफ्रीकी मूल के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।
- पाकिस्तान के लाहौर में 2015 में एक इमारत ढ़हने से 45 मरे तथा करीब 100 लोग घायल हुए।

### 4 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- मुग़ल शासक औरंगज़ेब का जन्म 1618 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी वासुदेव बलवन्त फड़के का जन्म 1845 में हुआ।
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान् क्रांतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 1876 में हुआ।
- स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल का जन्म 1889 में हुआ।
- साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी सुदर्शन सिंह चक्र का जन्म 1911 में हुआ।
- लेखक और फ़िल्मकर्मी ऋत्विक घटक का जन्म 1925 में हुआ।
- शकुन्तला देवी, मानसिक परिकलित्र (गणितज्ञ) शकुन्तला देवी का जन्म 1929 में हुआ।
- प्रसिद्ध संगीतकार शंकर जयकिशन का जन्म 1932 में हुआ।
- भारतीय सिनेमा की एक उच्च श्रेणी की महिला फ़िल्मकार विजया मेहता का जन्म 1934 में हुआ।
- ऑस्ट्रेलिया के 28वें प्रधानमंत्री टोनी एबॉट का जन्म 1957 में हुआ।

**विशेष आलेख**

# मतदाताओं को रिश्वत जैसी गारंटी की सियासत पर उठते सवालों का जवाब आखिर देगा कौन, पूछते हैं लोग!

**कमलेश पांडे।**



पहले मतदाताओं को रिश्वत जैसी चुनावी गारंटी देने और फिर चुनाव जीत लेने के बाद उसे लागू नहीं करने की वादाखिलाफी एक ऐसा सुलगता हुआ सवाल है, जिसका जवाब लाभुक मांगते हैं, पर वह मिलती नहीं! जबकि ऐसा करके सत्ता में आने वाली सरकारों को शासन से बेदखल कर देना चाहिए और उनकी पार्टी की मान्यता रद्द कर देना चाहिए। ऐसा स्पष्ट प्रावधान यदि नहीं है तो कीजिए। क्योंकि यह विषय सियासत का नहीं, बल्कि मतदाताओं से सीधी धोखाधड़ी का है और ऐसे नेताओं के खिलाफ 420 (परिवर्तित धारा 318) वाला मुकदमा भी चलाया जाना चाहिए। इस मामले में सत्ता पक्ष व विपक्ष की सांठगांठ के खिलाफ सिविल सोसाइटी, प्रशासन, न्यायपालिका और मीडिया को आगे आना चाहिए। क्योंकि ऐसी वायदाखिलाफी की सियासत पर उठते सवालों का जवाब आखिर कौन देगा, भुक्तभोगी लोग सबसे पूछ रहे हैं। कभी कांग्रेस के दफ्तरों पर पहुंचकर, तो कभी मीडियाकर्मियों के मिलने पर। कभी विभिन्न विचार गोष्ठियों में तो कभी सड़कों पर। इस मामले का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि अब खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के नेताओं को सिर्फ वही चुनावी गारंटी देने के वायदे करने की नसीहत दी है, जिन्हें सत्ता में आने के बाद पूरा किया जा सके!

ऐसा इसलिए कि चुनावी गारंटी पूरे करने के मामले में तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें फिसड्डी साबित हुई हैं। इससे कांग्रेस के जनाधार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है। समझा जाता है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान की कांग्रेसी सरकारों के पतन के पीछे कुछ ऐसी ही वादाखिलाफी का हाथ है। यही वजह है कि भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ही बयान को आधार बनाकर अब कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आपको पता होगा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की मुफ्त बिजली-पानी की सियासत और जनसहुलियत भरी शिक्षा-चिकित्सा व्यवस्था की राजनीति जब दिल्ली से लेकर पंजाब तक हावी होती चली गई तो अपनी सरकारें गंवाने के बाद राहुल गांधी-प्रियंका गांधी ने कांग्रेस की गारंटी के नाम पर लोगों से धड़ाधड़ वायदे किए और खटाखट धन देने की गारंटी दी, लेकिन उनकी राज्य सरकारें उसे पूरी नहीं कर सकीं। इससे पार्टी की बढ़ती अलोकप्रियता और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में डैमेज कंट्रोल के लिए ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के नेताओं को जो कुछ समीचीन सुझाव दिए, अब उसे ही भाजपा ने चुनावी हथियार बना लिए। क्योंकि लोगों को चुनावी लॉलीपॉप गारंटी देने की विरोधी रही भाजपा ने भले ही आप और कांग्रेस के दबाव में अपनी सत्ता प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी शुरू की और विभिन्न कांग्रेसी व विपक्षी दल शासित राज्यों में शानदार वापसी की, लेकिन अब वह मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को लेकर जिस तरह से कांग्रेस पर हमलावर है, उसका फलसफा यही है कि अनुकूल मौका मिलते ही भाजपा मोदी की गारंटी वापस ले लेगी। बशर्ते कि पहले वह इसी के सहारे कांग्रेस व आप का सफाया कर ले। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक में आर्थिक संकट की खबरों के बीच नेताओं को वही वादे करने की नसीहत दी है, जिन्हें पूरा किया जा सके। उन्होंने साफ कहा कि उतनी ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें, नहीं तो सरकार दिवालियापन की कगार पर पहुंच जाएगी। यही वजह है कि कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर अब सियासी घमासान मच गया है। केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवाई कर रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने खड़गे के बयान को ही आधार बनाकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बाजाप्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई चीजों को स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो बोला है, वो राहुल गांधी को बताया है क्या? कई चुनाव से खट-खटाखट चल रही घोषणाओं का क्या होगा? जो बोला है, बजट में उसका प्रावधान है कि नहीं? उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि वहां कांग्रेस ने कई वादे किए थे कि ये कर देंगे, वो कर देंगे, पर अब वहां के सीएम कह रहे हैं कि वेतन बाद में ले लेना। वहीं, टॉयलेट पर टैक्स की चर्चा करते हुए कांग्रेस पर घोषणाएं करके जनता को मूर्ख बनाने और किसी योजना को अमल में नहीं लाने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि कर्नाटक में पांच गारंटी की घोषणा की गई थी लेकिन हुआ क्या? हो क्या रहा है वहां? कर्नाटक में अब फ्री बस को रिव्यू करने की बात कही जा रही है! हालांकि भाजपा पर भी कांग्रेस आरोप लगाती आई है कि मोदी ने 2014 में 15 लाख रुपये खाते में आने के सपने दिखाए थे, जो लगभग 11 साल बाद भी नहीं आए। दो करोड़ नौकरियों का वायदा भी सिफर ही रहा। कोरोना के बाद उन्होंने युवाओं को पकौड़े बेचने लायक भी नहीं छोड़ा।जबकि भाजपा का दावा है कि अगर हमने 11 करोड़ किसानों को 6-6 हजार रुपये देने का वादा दिया था तो उसे पूरा किया हमने। बीजेपी जो कहती है, उसे जमीन पर उतारती भी है। भाजपा नेता कहते हैं कि हम जमीनी हालात देखकर वादे करते हैं और जो वादे करते हैं, उसे डिलीवर भी करते हैं। जबकि खड़गे साहब को जो ज्ञान आया है वह और जल्दी आना चाहिए था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि हो सकेगी। यात्रा होने की भी संभावना है। नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। सरकारी कामकाज में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**वृष**
आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी। आपको गलत और गैरकानूनी काम से आज दूर ही रहना चाहिए। किसी बात का डर हो, तो ध्यान करके मन को शांत रखें। आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है।

**मिथुन**
पारिवारिक जीवन में मेल और शांति रहेगी। व्यापार के उद्देश्य से यात्रा करने की संभावना है। विदेश गमन होगा और वहां रहने वाले अपनों का समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आपका स्वास्थ्य खराब होगा। संतान का स्वास्थ्य चिंता में डालेंगे।

**कर्क**
आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे और उनसे लाभ होगा।

**सिंह**
साहित्य में रुचि रखने वाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। विदेशगमन और विदेश स्थित आपके रिश्तेदार या दोस्तों से बातचीत की संभावना है।

**कन्या**
उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। जिद्दी स्वभाव के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है। अपनी मीठी वाणी से आप किसी को भी आकर्षित कर सकेंगे। आपके परिवार में शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला**
आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। व्यापार में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
किसी के साथ संघर्ष या विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति सजग ना रहने पर सेहत खराब हो सकती है। कानूनी मामलों में सजगता के साथ आगे की ओर बढ़ें। आपकी प्रतिष्ठा को कलंक लगने या आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।

**धनु**
आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। व्यापार में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**मकर**
वित्तीय लाभ और योजनाओं को पूरा करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है।

**कुंभ**
आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। संतान के मामले में चिंता रहेगी। आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं।

**मीन**
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। आपको खर्च पर काबू रखना होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## चालीस लीटर अवैध हथकढ़ शराब के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षेत्र की डिग्गी पुलिस ने चालीस लीटरी अवैध हथकढ़ शराब के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। डिग्गी थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटराम बेनीवाल के निर्देशानुसार वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निर्देशन में डिग्गी पुलिस ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी और सख्त कार्रवाई के लिए अभियान शुरू किया। इस अभियान के लिए उनके निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम लगातार अवैध शराब माफियाओं और हथकढ़ शराब का धंधा करने वालो पर कड़ी नजर रखी गई। इसी दोरान रविवार को पुलिस ने आरोपी कैलाश मीणा को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से चालीस लीटर अवैध हथकढ़ शराब भी जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

## भैया दूज पर्व के साथ छः दिवसीय दिपोत्सव का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** उपखण्ड क्षेत्र मालपुरा में रविवार को भैया दूज पर्व मनाने के साथ ही छ दिवसीय दिपोत्सव का समापन हो गया। दिपोत्सव के अन्तिम दिन रविवार को भैया दूज का पर्व मनाया गया। जिसमें बहिनो ने भाईयो के तिलक लगा कर जीवन भर साथ देने व रक्षा करने का संकल्प प्राप्त किया। वहीं भाईयो ने भी अपनी अपनी बहिनो को साथ देने का वादा किया। इसके अलावा रविवार को मालपुरा शहर के फलोदी बालाजी मन्दिर, धाणा के बालाजी सहित पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर में अन्नकूट महोत्सव आयोजित हुए। जिसमें ठाकुर जी की अनुंपम फूल बंगला झांकी सजाई गई। दोपहर में महिला मंडलो के भजन कीर्तन हुए। देर शाम महाआरती कर ठाकुर जी को अन्नकूट महाप्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया। फलोदी बालाजी मन्दिर में महन्त निर्मल दास जी महाराज के पावन सानिंध्य में आयोजित महोत्सव में प्रसादी का वितरण करने के अलावा हजारो श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी भी प्राप्त की। इस मौके पर बालाजी महाराज की अनुपम एवं नयनाभिराम झांकी सजाई गई।

## शहर में धूमधाम से निकली घांस भैरू की सवारी : डीजे की धुनों पर थिरके लोग, नाचते-गाते शामिल हुए भक्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिला मुख्यालय पर रविवार को घांस भैरू की सवारी गाजे–बाजे की साथ निकाली गई। दोपहर को काला बाबा से शुरू हुई सवारी बैण्डबाजों के साथ सब्जी मण्डी होती हुई घंटाघर सर्किल पहुंची। घंटाघर चौराहे पर भैरू महाराज के जुलूस के साथ महिला–पुरूषों, युवक–युवतियां, बच्चों ने मत्था टेका, तेल चढ़ाया। गत वर्षों की तरह दीपावली के पर्व पर आज भाई दूज पर दोपहर करीब ढाई बजे काला बाबा से घांस भैरू की सवारी रवाना हुई। इस दौरान बडी संख्या में लोग नाचते गाते चल रहे थे।घांस भैरू को ट्रैक्टर से खींचा जा रहा था। सवारी में डीजे समेत बैंडबाजा भी बजाया जा रहा था। इसमें हर कोई धार्मिक धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। जोरदार आतिशबाजी भी की गई। यह सवारी बैण्डबाजों के साथ सब्जी मण्डी होती हुई घंटाघर पहुंची। इसके बाद जुलूस घंटाघर से होती हुई पुरानी टोंक होती संघपुरा, बाबरों चौक, माणक चौक, निवाई दरवाजा होती हुई विसर्जित हुई। घांस भैरू के जुलूस में ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र के महिला–पुरूषों ने भाग लिया। बीच बीच में बडी संख्या में लोग घांस भैरू पर तेल समेत अन्य चढ़ावा चढ़ा रहे थे। इस दौरान पुलिस जाप्ता साथ चल रहा था।

## स्टंट दिखाकर उत्पात मचाना पड़ा महंगा 3 गिरफ्तार, दूनी बस स्टैंड सर्किल पर दिखा रहे थे स्टंट, लोगों ने बुलाई पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** दूनी बस स्टैंड सर्किल पर दो कारों से उनके चालक समेत तीन युवकों को स्टंट दिखाना भारी पड़ गया। पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को दोनों गाड़ियों के चालक समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों कारों को भी जब्त कर लिया है। दूनी थाना प्रभारी हेमंत जनागल ने बताया कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि दो कार सवार दूनी बस स्टैंड पर कारों से स्टंट कर रहे हैं। इससे दुर्घटना हो सकती है। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वे वहां से भाग छूटे थे। बाद में पुलिस ने उनका पीछा कर डिटेन कर लिया था। आज पूछताछ के बाद दोनों कार चालक समेत कार सवार तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए युवकों में घाड़ थाना क्षेत्र के ज्योतिपुरा निवासी हनुमान पुत्र राजाराम मीणा, घाड़ थाना क्षेत्र के चारनेट निवासी मुंशी लाल पुत्र छोटू लाल गुर्जर, घाड़ निवासी मनीष कुमार पुत्र बाबू लाल गुर्जर शामिल है।

## रजवास की गुर्जरों की ढाणी में लगी आग 10 ट्रॉली ज्वार की कडबी हुई राख



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** ग्राम पंचायत रजवास की गुर्जरों की ढाणी में शनिवार की देर शाम अज्ञात कारण से आग लग गई। आग में करीब 10 ट्रॉली ज्वार की कडबी जलकर राख हो गई। बरोनी पुलिस ने बताया कि रजवास की गुजरों कि ढाणी निवासी श्योजीलाल धाबाई अपने परिवार के साथ दीपावली पर्व पर गोर्वधनजी की पूजा कर रहे थे। इस दौरान उनके घर के पीछे स्थित बाडे में अचानक आग लग गई। जिसमें करीब 10 ट्रॉली ज्वार की कडबी जलकर राख हो गई। आग लगने पर ग्रामीणों ने मिटटी व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेज होने के कारण बुझ नहीं पाई। सूचना पर निवाई दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान बरौनी पुलिस के भगवानदास, बनवारीलाल व पटवारी सत्यनारायण चौधरी ने मौका रिपोर्ट तैयार की। इस अवसर पर खुशीराम, श्योजीराम, हेमराज, सूरज गुर्जर, रतिराम, प्रेमचंद, हनुमान, बाबूलाल व स्वराज गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने पीडित को मुआवजा दिलाने की मांग की।

# बुजुर्ग माता पिता की सेवा करने से जीवन सफल होता है : रंगलाल हांखला

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** गांव बस्सी में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 105 वर्ष के बस्सी गांव के बुजुर्ग रंगलाल हांखला का स्वागत किया व सभी लोगों ने आशीर्वाद लिया। बाबूलाल पोसवाल बस्सी ने बताया कि गोर्वधन पूजन की शाम को रंगलाल हांखला का ग्रामीणों ने सम्मानित किया गया। सभी लोगों ने 105 वर्ष के बुजुर्ग रंगलाल हांखला से आशिर्वाद लिया है। समारोह में बुजुर्ग रंगलाल हांखला ने कहां कि बुजुर्ग माता पिता की सेवा करने से जीवन सफल होता है। अपने से बड़ों की राय लेने से बिगडता कार्य भी सफलता पूर्ण संपन्न हो जाता है। इस दौरान उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि नशा व ताशपत्ती नहीं खेले। इनसे परिवार बर्बादी की ओर चला जाता है। बुजुर्गों की सेवा ही हमारा परम धर्म है। वृद्धजन सम्मान समारोह से समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। यह एक अनुठी पहल है। इस अवसर पर माणक कसाणा, लादूराम हाखला, रामकरण, देवनारायण, मुकेश, कालूराम व कालूराम सहित कई लोग मौजूद थे।

# बहनों ने किया तिलक, भाइयों की लंबी उम्र की कामना

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिले में रविवार को भाई दूज का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक करके लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए। दिवाली के बाद भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार मान्यता है कि इस दिन बहन के द्वारा भाई की लंबी आयु की कामना की जाती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीय के दिन ही यमुना ने अपने भाई यम को अपने घर बुला कर सत्कार करके भोजन कराया था। इसीलिए इस त्योहार को यम द्वितीय के नाम से भी जाना जाता है। तब यमराज ने प्रसन्न होकर उसे यह वर दिया था कि जो व्यक्ति इस दिन यमुना में स्नान करके यम का पूजन करेगा, मृत्यु के पश्चात उसे यमलोक में नहीं जाना पड़ेगा। इस दिन बहन अपने भाई को तिलक कर उसकी दीर्घायु तथा अपने सुहाग की रक्षा के लिए हाथ जोड़ कर यमराज से प्रार्थना करती हैं। इस दिन यमराज को तृप्त और प्रसन्न करने से पूजन करने वालों को मनोवांछित फल मिलता है। धन–धान्य, यश एवं दीर्घायु की प्राप्ति होती है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में लगी आग, चालक की मौत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** गांव हाडीकला के पास एक कार में आग लग गई। जिससे कार चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बरोनी पुलिस मौक पर पहुंची।

बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि सोहेला से मालपुरा रोड पर स्थित गांव हाडीकला के पास शनिवार को हेमराज बैरवा पुत्र अमरालाल बैरवा कार में सवार होकर झिरना से अपने गांव चंराई जा रहा था। इसी दौरान रात को करीब 9 बजे बोलेरो कार के एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कार आग में लग गई और वह घायल होने की वजह से कार से नहीं निकल पाया। उन्होंने बताया कि आग में झुलसे गंभीर घायल को सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आज से शुरू होगा कृषि मंडी व्यापार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** दीपावली पर्व को लेकर सात दिन के अवकाश बाद सोमवार से कृषि मंडी व्यापार पुनः शुरू होगा। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचंद बोहरा ने बताया कि दिपावली पर्व पर कृषि उपज मंडी समिति द्वारा सात दिन तक कृषि मंडी में अवकाश रखा गया था।

कृषि मंडी व्यापारी दीपोत्सव पर कृषि मंडी में महालक्ष्मी व कुबेर की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सोमवार को कृषि मंडी परिसर में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में मंडी व्यापारियों द्वारा शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर पुन: मंडी व्यापार शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में ही जिंसों का क्रय विक्रय किया जाएगा।

## राजाखेड़ा में दीपावली की रात हार्डवेयर शॉप में लगी आग: 7 लाख रुपये कैश और 30 लाख रुपए के स्पेयर पार्ट्स जलकर हुए राख

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में दीपावली की आधी रात को धौलपुर मार्ग पर स्थित सेन्थियाँ मोटर्स के सामने एक हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में व्यापारी की दुकान में रखी करीब 7 लाख रुपए की नगदी सहित लगभग 30 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। यह घटना गुरुवार और शुक्रवार की रात करीब 12.30 बजे की बताई जा रही है। दुकान से धुआं उठता देख जब आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत व्यापारी को सूचित किया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हुए और निजी स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया भाई दूज पर्व भाईयों की लम्बी उम्र के लिए की मनोकामना



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को महिलाओं ने भाई बहन के प्यार के प्रतीक भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। भाई बहन के प्यार, स्नेह व सौहार्द का प्रतीक भाई दूज पर्व पर महिलाएं समूह के साथ एक जगह एकत्रित होकर पूजा अर्चना करके भाई दूज की कथा सुनी व भाईयों की लम्बी उम्र की मनोकामना की। महिलाओं ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर पूजा की और उनके लिए भोजन तैयार करके प्यार से खिलाया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का वादा लिया। इस दौरान पूजा शर्मा झिलाय, हेमलता शर्मा, शिमला शर्मा, सुनिता बडागांव, कृष्णा अग्रवाल, कृष्णा जैन व संगीता बहड सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

# जलदाय मंत्री ने क्षैत्रवासियो को दिया दिपावली का तोहफा

## लावा ग्राम को सीधे मालपुरा व टोडारायसिंह से जोड़ने के लिए रोडवेज बस चली

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश क जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने लावा ग्राम से सीधे मालपुरा होकर टोडारायसिंह तक रोडवेज बस चला कर क्षेत्रवासियो को दिपावाली का बेहतरीन तोहफा दिया है। लावा व आसपास के अन्य कई गांवो के ग्रामीण व युवा अपने दैनिक व शिक्षा के कार्य से डिग्गी नुक्कड़ , मालपुरा व टोडारायसिंह अल सवेरे पहुंचने के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। क्योंकि जिला मुख्यालय से मालपुरा चलने वाली पहली बस लावा में 8 से 9 बजे के बीच पहुंच थी। इससे पहले जरूरी व आवश्यक कार्यो से आने वाले ग्रामीणो को नीजि वाहनो का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ता था। गत दिनो लावा क्षेत्र के ग्रामीणो ने अपनी इस मूलभूत समस्या से जलदाय चोधरी को अवगत करवा कर आम जन से जुड़ी इस समस्या का शीध्र निस्तारण करवाने की मांग की थी। ग्रामीणो की इस वाजिब मांग पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदेश के रोडवेज मंत्री सहित रोडवेज प्रशासन से बात कर समस्या का समाधान करने को कहा। जिसका सुखद परिणाम दिपोत्सव के दौरान ही ग्रामीणो के सामने आ गया। जिसके अनुसार लावा ग्राम से सुबह 6.30 बजे रोडवेज की एक बस रवाना होकर डिग्गी नुक्कड़ , मालपुरा से होकर टोडारायसिंह पहुंचेगी। इस बस के चालु हो जाने से क्षेत्र के युवाओं को जयपुर सहित अन्य स्थानो पर जाने के लिए सुबह जल्दी साधन उपलब्ध होगा। साथ ही लावा क्षेत्र के ग्रामीणो को भी डिग्गी नुक्कड़ , मालपुरा व टोडारायसिंह जाना भी आसान होगा। इस बस के संचालन होने के बाद लावा क्षेत्र के ग्रामीणो में अपार खुशी है। साथ दिपावली के इस तोहफे के लिए ग्रामीणो ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट किया है।

## नील गाय के हमले से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत सिरोही में नील गाय के हमले से एक युवक की मौत हो गई। उक्त मामले को लेकर मृतक के चाचा ने दतवास पुलिस थाने में मर्ग मामला दर्ज करवाया है। दतवास थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि मृतक के चाचा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका भतीजा अनिल योगी उसके भाई रतिराम के लिए शुक्रवार की शाम करीब 7.30 उनके खेत पर खाना लेकर गया था। इसी दौरान वहां पर अचानक नील गाय का झुंड दौड़ता हआ अनिल की ओर आया। जिनके बचाव के लिए अनिल अपना बीच बचाव करते हुए दौडने लगा। दौडते दौडते वह खेत पर लगी तारबंदी से टकरा गया और घायल हो गया। जिसकी चिंखे सुनकर उसका भाई रतीराम दौड़कर मौके पर आया तो वहां अनिल लहूलुहान हो रखा था। जिसकी जानकारी उसके भाई रतिराम ने मोबाइल से परिजनों को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में अनिल को निवाई राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने अनिल उम्र 20 वर्ष पुत्र रतिराम योगी को मृत घोषित कर दिया है। परिजनों ने दतवास थाने में उक्त घटना की सूचना दी। सूचना पर दतवास पुलिस निवाई अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पिच्छीका परिवर्तन समारोह उमड़े श्रद्धालु



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को मुनि अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि पिच्छीका परिवर्तन समारोह में दीप प्रज्जवलन, सांस्कृतिक मंगलाचरण, शास्त्र भेंट, वस्त्र भेंट, पिच्छिका भेंट, संगीतमय आचार्य पूजन के साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में मुनि अनुसरण सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित कर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए। श्रद्धालुओं ने 151 दीपकों से गुरु की आरती की। समारोह के बाद सकल दिगम्बर जैन समाज का सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ। इसके बाद मुनि अनुसरण सागर महाराज ससंघ ने झिलाय की ओर विहार किया।

## कपड़े की दुकान में लगी आग लाखों के कपड़े जलकर राख 6 घंटे में आग पर पाया काबू

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित दो मंजिला कपड़े की दुकान में आग लग गई दुकान के अंदर रखे लाखों के कपड़े जलकर राख हो गए। सूचना पर उपर से निचे आये दुकानदार नए शटर खोलकर देखा तो दुकान के अंदर से आपकी लपट निकल रही थी दुकान मालिक ने दमकल को सूचना दी लगभग 15 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची 6 घंटे की मस्कत के बाद आज पर काबू पाया।

# लेपर्ड ने नीलगाय के बछड़े का किया शिकार : ठीकरिया कला गांव के लोगों में दहशत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले में घाड़ थाना इलाके के ठीकरिया कला गांव में एक फिर से लेपर्ड की दहशत फैल गई है। लेपर्ड ने गांव के पास एक नीलगाय के बछड़े का शिकार किया।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने लेपर्ड को खेतों में भागते हुए देखा है। इस घटनाक्रम की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी गई। लोग दहशत में है। अकेले घरों से बाहर नहीं निकल रहे है। ठीकरिया कला गांव के नरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि वह रविवार सुबह करीब 6 बजे दैनिक दिनचर्या से निवृत होने के लिए खेतों की ओर गया था। जहां उसे नीलगाय के बछड़े को मृत अवस्था में देखा। संभवत: लेपर्ड ने उसका शिकार कर लिया था। कुछ गांव वालों ने सुबह के समय लेपर्ड को खेतों में भागते हुए भी देखा है, लेकिन डर के मारे उसका फोटो खींच नहीं पाए। सब घरों में घुस गए। कुछ युवाओं की टोली लकड़ियां लेकर घटना स्थल पर मौजूद है। गांव के ही शिशुपाल ने बताया कि पहले भी 15 अक्टूबर को संभावित लेपर्ड ने हमला कर 6 जनों को घायल किया था। उस समय भी वन विभाग की टीम भी सूचना देने के बाद करीब घंटे बाद पहुंची थी। वन विभाग आवां वन चौकी वनपाल सत्यनारायण भील ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना आई कि लेपड ने नील गाय के बछड़े का शिकार किया है। अभी रवाना हो चुका हूं, मौके के लिए रवाना हो रहा हूं। मौके पर पहुंचने के बाद ही वास्तविकता का पता लगेगा।

**रात में आई थी चिल्लाने की आवाज :** ग्रामीण शिशुपाल गुर्जर ने बताया कि शनिवार रात करीब 3 बजे गांव के आखिरी छोर पर बसे रामफूल गुर्जर को किसी वन्यजीव के चिल्लाने समेत पक्षियों के काफी देर तक आवाज आई थी। सुबह नीलगाय का बछड़ा पड़ा मिला तो आभास हुआ कि संभवत लेपर्ड ने ही नीलगाय के बछड़े का शिकार किया है।

**रास्ते में पड़ा मिला बछड़ा :** ग्रामीण शिशुपाल गुर्जर ने बताया कि गांव से करीब एक किमी दूर ठीकरिया से कनवाड़ा के कच्चे रास्ते पर नीलगाय का बछड़ा किसान देवकिशन गुर्जर को रविवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे मृत मिला है। देवकिशन गुर्जर ट्रैक्टर लेकर सरसों की बुवाई करने जा रहा था। फिर उसे ग्रामीणों को सूचना दी। उसके बाद करीब साढ़े 6 बजे अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीण नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने बताया कि मैंने डीएफओ को कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। फिर सुबह 7.52 बजे अन्य के मोबाइल से कॉल किया तो उनसे बात हुई। फिर करीब 9.30 बजे आवां वन विभाग की चौकी से वन पाल सत्यनारायण भील मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।

**ड्रोन से की जाएगी तलाश :** डीएफओ मरियन ए शाहिन ने बताया कि ग्रामीणों से बात होने के बाद कर्मचारियों को मौके पर भेजा है। किसी वन्यजीव द्वारा नीलगाय के बछड़े का शिकार किया हुआ मिला है।

संभवत यह जरख द्वारा किया हुआ लगता है। वन विभाग की ओर से लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वन्यजीव को पकड़ने के लिए दुबारा घटना स्थल के आसपास कैमरे, पिंजरा लगाएंगे। ड्रोन से भी उसे तलाशा जाएगा।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## रामगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

# विपक्ष पर जमकर बरसे पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस पार्टी के नेता केवल चुनाव से पहले ही जनता को दिखते हैं और चुनाव के अगले दिन ही वह कहां पर फुर्र हो जाते हैं जनता आज तक यह बात सोच रही है। सिंह बोले देश में मोदी और प्रदेश में सर्कस वाली सरकार का शासन अब जनता को समझ में आया और जनहित के मुद्दों पर कुठाराघात करने वाली भारतीय जनता पार्टी को अब प्रदेश और देश की जनता कोस रही है और कांग्रेस पार्टी को याद कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह रविवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जुबेर आर्यन खान के रामगढ़ व गोविंदगढ़ में कार्यालय उद्घाटन के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता चुनाव में केवल मंच से अच्छी लच्छेदार बातें करते हैं लेकिन उनकी यह बातें जनहित में कभी भी अमल में लाई ही नहीं जाती। उन्होंने कहा कि अब स्थितियां पहले जैसी नहीं है। मतदाता जागरूक हुआ है। धर्म और जाति के नाम पर लड़ा कर वोटो की राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है जोकि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जुबेर आर्यन खान की ऐतिहासिक जीत के साथ पूरे प्रदेश में सातों सीटों पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को विजय श्री दिलाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं बल्कि किसानों, गरीब, मजदूर, युवा और महिलाओं की एक सशक्त आवाज है। उन्होंने कहा कि सात विधानसभा में उपचुनाव में सबसे ज्यादा जीत रामगढ़ कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबेर खान की होगी क्योंकि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वर्गीय विधायक जुबेर खान के द्वारा कराए



गए विकास कार्य पर जनता मोहर लगाएगी और उनके पुत्र जुबेर आर्यन खान को जिताकर सच्ची श्रद्धांजलि देगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर घूमने या पीठ थपथपाने के लिए नहीं बल्कि जनता की सेवा करने के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि सर्कस वाली इस सरकार में एक भी मंत्री फुल फ्लैश होकर जनहित के मुद्दे पर कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। जूली ने कहा कि सर्कस ही नहीं बल्कि यह नौटंकी वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि पता नहीं इस सरकार में कौन इस्तीफा दे रहा है,कौन ले रहा है, क्या नौटंकी चल रही है,कुछ समझ में नहीं आ रहा और जनता अब कांग्रेस पार्टी की गहलोत सरकार को याद कर रही है। उन्होंने कहा की नौटंकी की हद तो यहां तक हो चुकी है बुजुर्गों, दिव्यांगों को पेंशन नहीं मिल रही, युवा बेरोजगारी भत्ते के लिए तरस रहे हैं, विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी की सरकार कह रही है कि हम राज कर रहे हैं।

### जूली ने मंच से फिर उठाया ईआरसीपी पानी का मुद्दा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर 13 जिलों के लिए जीवन दायिनी बनी ईआरसीपी के मुद्दे को फिर एक बार उठाकर बीजेपी सरकार को कटघडे में खड़ा किया। जूली बोले जिस ईआरसीपी का साफा माला पहनकर प्रदेश के मुखिया वाह वाही लूट रहे है। उस एमओयू को वास्तविकता में सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की हिम्मत नहीं है कि एमओयू सार्वजनिक कर दे क्योंकि वह हुआ ही नहीं है यह केवल वोटो की राजनीति के लिए अनर्गल बयान बाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होने वाले चुनावी महायज्ञ में भयमुक्त होकर रामगढ़ की जनता कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग करें। कार्यक्रम में विधायक दीपचंद खेरिया, कांति मीणा,चिरंजीवी राव,मांगीलाल मीणा,ललित यादव, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत,भजन लाल जाटव,धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व विधायक बलजीत यादव, संजय यादव, अजीत यादव,अजय अग्रवाल,रोहिताश चौधरी,विनोद कुमारी सांगवान,युवा कांग्रेस अध्यक्ष कृष्ण यादव,सतीश पटेल,रामगढ़ प्रभारी पुष्पेन्द्र धाबाई, रामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित बबली शर्मा, रामगढ़ ब्लॉक महामंत्री अजय भारद्वाज, अनिल जैन,हरिशंकर रावत,रमेश खंडेलवाल,लियाकत खान,आरिफ खान,रामहेत जाटव पीसीसी एवं डीसीसी पदाधिकारी व सदस्य, विधानसभा प्रभारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रधान, चेयरमैन, उप जिला प्रमुख, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।




## नमक कटरा में भव्य गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** नमक कटरा नवयुवक मंडल भरतपुर की ओर से दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के पश्चात धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को श्री गोवर्धन महाराज की पूजा का भव्य कार्यक्रम गणेश महोत्सव स्थल पर आयोजित किया गया ।

मण्डल स्तर से प्राप्त समाचार अनुसार नमक कटरा नवयुवक मण्डल भरतपुर के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा सवा ग्यारह फुट के गोवर्धन महाराज की भव्य श्रृंगार सहित स्थापना की गई तत्पश्चात् शाम को नमक कटरा क्षेत्र के सैकड़ों माता- बहिनों , बुजुर्गों और भक्त जनों ने गिर्राज महाराज की भव्य पूजा अर्चना,आरती कर सुंदर भजनों के साथ श्री गिर्राज महाराज का आशीर्वाद लिया और सम्पूर्ण भरतपुर क्षेत्र तथा परिवार में सुख - शांति और आरोग्य रहने की कामना की ।

कार्यक्रम में नमक कटरा नवयुवक मंडल के राजू जी मेंबर, राधेश्याम गुप्ता, बिजेंद्र मीणा, राजू जी टीवी वाले, राजीव अग्रवाल, पवन बंसल, धीरज लवानिया , नवीन कुमार बंसल,गौरव फौजदार , पवन डेयरी वाले, तरविंदर सलूजा, शिवम जिंदल, मनोज अग्रवाल, मोंटू अग्रवाल, सुधांशु गौड़, जितेंद्र गोयल, वैभव उपमन, सुरेश माथुर, भूपेंद्र मीणा, सागर, नैमी पेंटर आदि ने अपना विशेष सहयोग दिया ।

## बयाना में धूमधाम से मनाया भाई दूज का पर्व
## जेल में बहनों ने भाई को किया तिलक, मिठाई खिलाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** भाई-बहन का प्रेम होता ही ऐसा है कि उसका भाई चाहे कहीं भी हो उसे बहन भाईदूज के दिन जरूर याद करती है। ऐसा ही नजारा रविवार को भाई दूज के मौके पर बयाना जेल परिसर में देखने को मिला। यहां कई बहनें जेल में बंद अपने कैदी भाइयों को तिलक करने के लिए पहुंची। जेल में आज भाई दूज के मौके पर बड़ी संख्या में बहनें दूरदराज से अपने बंदी भाइयों को राखी बांधने आई। बहनों ने बंदी भाइयों की लम्बी उम्र की कामना करते हुए भविष्य में अपराध से दूर रहने का वादा भी कैदी भाइयों से लिया। साथ ही बहनों ने अपने भाइयों को मिठाई खिलाकर उनकी जल्द रिहाई की कामना भी की। सलाखों के बीच भाइयों को तिलक करते समय कई बहनों की आंखें भर आईं और उनकी रुलाई फूट पड़ी। बहनों ने भाइयों को मिठाई और फल भी दिए। जेल प्रशासन की ओर से भी इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से विशेष इंतजाम किए गए। बहनों द्वारा भाइयों के लिए लाई गई मिठाई आदि सामान की पहले तलाशी ली गई और संतुष्टि के बाद ही उन्हें जेल में बंद भाइयों को सलाखों के बीच से तिलक करने की अनुमति मिली। सब-जेलर केदार नाथ शर्मा ने बताया जेल विभाग की ओर से प्राप्त गाइडलाइन का पालन करते हुए भाई दूज पर्व के मौके पर जेल में आई बहनों को अपने कैदी भाइयों को तिलक करने का अवसर दिया गया। उधर, भाई दूज पर बसों और ट्रेनों में काफी भीड़भाड़ रही। मिठाई की दुकानों पर दिन भर लोगों का तांता लगा रहा। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।



## दिवाली पर जमकर चली आतिशबाजी, बाइक सवार युवाओं ने लोगों पर फेंके जलते बम
## चलती कार की छत से चलाए स्काई शॉट, सोशल मीडिया पर वायरल लापरवाही के वीडियो

बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** दीपावली पर्व पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी चलाई। जबकि एनसीआर में होने के कारण भरतपुर जिले में आतिशबाजी चलाने पर रोक है। आतिशबाजी चलाने के दौरान बाइक और कार सवार युवकों द्वारा लापरवाही बरतने के भी मामले सामने आए हैं। लापरवाही तरीके से आतिशबाजी चलाने के वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। जिन पर लोग लापरवाही करने वाले



युवकों के खिलाफ लगातार कमेंट कर रहे हैं। उधर, पुलिस ने भी मामले में संज्ञान लिया है। डिप्टी एसपी कृष्ण राज ने सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर आतिशबाजी चलाने के दौरान लापरवाही बरतने वाले युवकों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। पहले वीडियो में बाइक सवार तीन युवक सुभाष चौक-बामडा मंदिर रोड पर घर के बाहर पटाखे चला रहे युवक-युवतियों पर जानबूझकर जलता बम फेंकते दिखाई दे रहे हैं।

बम के फूटते ही युवक-युवतियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासी शंभू दयाल गुप्ता ने बताया कि बच्चों ने उन्होंने इधर-उधर भाग कर जान बचाई। इसी तरह रेलवे स्टेशन के बाहर का भी एक वीडियो सामने आया है। जिसमें कार सवार कुछ युवक चलती कार की छत से स्काई शॉट फोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इससे राहगीरों में हलचल मच गई। मीराना रोड निवासी नीरज गोयल ने बताया कि उनकी प्राइवेट बस शनिवार रात घर के बाहर खड़ी हुई थी। बाइक सवार युवकों ने बस के नीचे जलता हुआ बम फेंक दिया। इससे बस का डीजल टैंक फटने से बाल बाल बचा, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बजरिया पुलिस चौकी प्रभारी निर्भय सिंह ने बताया कि लापरवाही तरीके से आतिशबाजी चलाने वाले युवक बामड़ा कॉलोनी निवासी रिंकू सैनी को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है।

## आगजनी की घटना का डॉ. गर्ग ने लिया जायजा
## आगजनी का सर्वे कराकर पीड़ित व्यापारी को मुआवजा दिलाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** स्टेशन रोड बजरिया में मुरारीलाल एन्ड ब्रदर्स के कपड़ा शोरूम व गोदाम सहित आवास में लगी भीषण आग की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री व विधानसभा डॉ. सुभाष गर्ग ने मौके पर पहुंचकर आगजनी की घटना का जायजा लेकर पीड़ित व्यापारी रवि कुमार को सांत्वना देकर हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया । डॉ. गर्ग ने अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर आगजनी की घटना का शीघ्र सर्वे कराकर पीड़ित कपड़ा व्यापारी को उचित मुआवजा दिलाने के



निर्देश दिए। गौरतलब है कि बीती रात्रि को स्टेशन रोड स्थित बजरिया में संचालित मुरारी लाल एंड ब्रदर्स नामक फर्म में अज्ञात कारणों से आग लग गई ।आगजनी में लाखों रुपये का कपड़ा जलकर खाक हो गया वहीं पीड़ित व्यापारी रवि कुमार अपने परिवार के साथ शोरूम के ऊपर बने आवास मे ही रहता है । अचानक आग लगने की घटना से अफरा तफरी मच गई और क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से वह अपने आवास से नीचे उतरकर आये ।

## स्नेह मिलन के साथ भाईदूज का त्यौहार सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** जिले में धूमधाम के साथ भाई दूज का त्योहार स्नेह मिलन के साथ मनाया गया। क्षेत्र के बसस्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाली महिलाओं का तांता लगा रहा। बस के आते ही बस स्टैंड पर बस की ओर महिलाओं का रेल सा नजर आने लगा।

**सेवर सेंट्रल जेल पहुंचकर बहनों में भाई के तिलक किया :** जिले की सिविल सेंट्रल जेल पर कड़ी सुरक्षा के बीच बहनों ने अपने भाइयों के तिलक किया सेंट्रल जेल के अधीक्षक परमजीत सिंह के अनुसार जेल के अंदर 750 बंदी हैं भाई दूज के त्यौहार के लिए जेल में विशेष व्यवस्था की गई बंदियों की बहनो ने जेल में आकर अपने भाइयों के टीका लगाया।

बहिनों ने अपने हाथ से मिठाइयां खिलाई ,यह सुविधा सभी महिलाओं के लिए उपलब्ध कराई गई। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस स्टाफ लगाया गया। बांस बल्लियां और टेबल लगाकर सुरक्षा व्यवस्था की गई ।अन्य लोगों के लिए जेल में एंट्री बंद रखी गई।

## लाल दरवाजा क्षेत्र में चौबीसों घंटे हो रही अवैध शराब की बिक्री
## कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी को रोक लगाने को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** जाटव समाज के लोगों ने बयाना के लाल दरवाजा स्थित लाल बस्ती में 24 घंटे अवैध रूप से शराब की बिक्री किये जाने के आरोप लगाये हैं। अवैध शराब को लेकर लाल बस्ती के निवासियों ने रविवार को थाना प्रभारी बाबूलाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। ऐसे अवैध कारोबारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करने पर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतावनी



दी गयी है। इस दौरान जाटव समाज के अध्यक्ष दान सिंह, महामंत्री किशनचन्द वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य राकेश कुमार जाटव, भीम आर्मी के पूर्व जिला सचिव हिमांशु, राजकुमार चहल, पुष्पेन्द्र टाइगर, कौशल, राजू बौद्ध आदि लोग मौजूद रहे।

## तेज आवाज गाने बजाने से टोका तो पुजारी से मारपीट
## परिवार के लोगों ने ही लाठी-डंडों से किया हमला, मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** बानसूर के हरसौरा थाना क्षेत्र में रघुनाथपुरा गांव स्थित भौमिया बाबा के मंदिर में पूजा करने वाले पुजारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुजारी ने हरसौरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। घटना शुक्रवार सुबह 6.30 बजे की है। मंदिर के पुजारी मोहनदास महाराज ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह कई वर्षों से रघुनाथपुरा के भौमिया बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह, मंदिर की सफाई के बाद वह वहीं बैठे हुए थे। इसी दौरान चिराग पुत्र रमेश, नवीन पुत्र रमेश, राजेंद्र पुत्र रामसिंह, पिंटू पुत्र रामसिंह, और महिपाल पुत्र जसवंत यादव, जो सभी रघुनाथपुरा के निवासी हैं, हाथों में लाठी-डंडे लेकर ट्रैक्टर में भरकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और पुजारी को मंदिर के अंदर घसीट कर लाठी-डंडों से पीटा। पुजारी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मंदिर पहुंचे, जिससे हमलावर भाग गए।

## निकाली प्रभात फेरी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रविवार को सुबह-सुबह निकलने वाली प्रभात फेरी का आयोजन किया जो करीबन 10 दिन तक लगातार निकल जाएगी , इसका समय सुबह का रहेगा 10 दिन लगातार यह प्रभात फेरी निकाली जाएगी इसके उपरांत पाठ का आयोजन किया जाएगा और वह पाठ करीबन 3 दिन चलेगा गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ होगा उसके भोग पड़ेगा 15 तारीख को और उसके बाद उस दिन ही विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा स्कीम नंबर दो गुरुद्वारे में बैकुंठ धाम मंदिर के सामने सेवादार गुरप्रीत सिंह जी , जीता जी , राजू भाई साहब और मधुर हर्ष भाटिया इस प्रभात फेरी में शामिल हुए।

## पानी के मुद्दे पर 6 को होगी रूपवास क्षेत्र में सभाऐं

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा ईआरसीपी पर शीघ्र कार्य आरम्भ कर भरतपुर और डीग जिले में प्रथम चरण में पानी लाने की माँग को लेकर किसान संघर्ष समिति द्वारा 6 नवम्बर को रूपवास क्षेत्र के गाँवों में सभाऐं आयोजित होगी । किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि पानी के मुद्दे पर होने बाली सभाऐं 6 नवम्बर को 11 बजे दाहिना गाँव व दोपहर 2 बजे ग्राम दौरदा में होगी जिनमे आसपास के निकटवर्ती गाँवों के लोग भी हिस्सा लेगे।



श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन आयोजित

## समाजजनो ने उत्साह व उमंग के साथ सम्मिलित होकर एक दूसरे से रामां-श्यामा करते हुए दी दीपावली की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा द्वारा हरणी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम् भवन में दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष केदार गगरानी व मंत्री संजय जागेटिया ने बताया कि समारोह में महासभा, प्रादेशिक सभा, जिला सभा, नगर सभा, क्षेत्रिय सभाओं, रामेश्वरम भवन समिति, महिला मंडल, युवा संगठन सहित समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीयो ने उत्साह व उमंग के साथ सम्मिलित होकर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

स्नेहमिलन के दौरान उपस्थित समाज बंधुओं ने दीपावली की शुभकामनाओं के साथ ही विभिन्न सामाजिक बिंदुओं पर आपसी विचार विमर्श किया। स्नेहमिलन के दौरान समाज के नवनियुक्त मजिस्टेऊ्ड बने रचित तापडिया व कार्तिक तापडिया का स्वागत किया गया। नगर सभा मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चंद्र कोठारी, राधेश्याम सोमाणी सुभाष चन्द्र बहेडिया, अनिल बांगड़, श्रीगोपाल राठी, राधाकिशन सोमानी, बाबुलाल जाजू, केजी तोषनीवाल, दिनेश नौलखा, जगदीश कोगटा, प्रहलादराय लढ़ा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, ओम नराणीवाल, राजेंद्र कचोलिया, ओम गटयाणी, देवेन्द्र सोमानी, प्रदीप बल्दवा, सुशील मरोटिया, सुरेशचंद्र कचोलिया, रामकिशन सोनी, केदारमल जागेटिया, अतुल राठी, अभिजीत सारडा, महावीर समदानी, दिनेश पेडीवाल, गोपाल नराणीवाल, प्रमोद कुमार डाड, राजेन्द्र बिरला, नंदु झंवर, सत्यनारायण मूंदड़ा, नवीन काकांणी, मनोहर लाल अजमेरा, राधेश्याम सोमाणी (पूर्व पार्षद), प्रीति लोहिया, भारती बाहेती, सोनल माहेश्वरी, अर्चित मुन्दड़ा अंकित लखोटिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# त्योंहार में कोटा से दानापुर एवं कोटा होकर विभिन्न रूटों पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन

## स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेल प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम







बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** त्यौहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 7500 विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियाँ चलाई गई थीं। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाओं तथा गाड़ियों की आवागमन की सही समय की देखरेख के लिए रेलवे बोर्ड, जोनल रेलवे मंडल तथा स्टेशन स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम बनाए गए हैं जो किसी तरह की समस्या से निपटने के लिए मौजूद है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किए हैं। कतारबद्ध तरीके से यात्रियों को ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था देखने भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त कर्मचारी और रेल सुरक्षा बल के जवान तैनात किए हैं। कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे ने अतिरिक्त कोच व रेक की ब्यवस्था रिज़र्व में की हैं जिसे अधिक भीड़ होने पर इन्हें तत्काल स्पेशल ट्रेन बनाकर चलाया जा सके। 2 नवंबर 2024 को रेलवे ने 168 से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाईं। 3 नवंबर 2024 को 188 विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं। कोटा से कोटा-दानापुर सहित कोटा होकर विभिन्न रूटों पर स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा रहा है। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा आगामी त्योहार के दौरान रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ रही भीड़ की संभावना को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये है-

**ट्रेनों और प्लेटफार्म में सुरक्षा :** ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर आने-जाने वाले स्थानों पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया गया है, साथ ही प्लेटफार्म में आने-जाने वाले यात्रियों के सामान को चेक किया जा रहा है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आरपीएफ द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है।

**रेलवे सुरक्षा बल/रेलवे सुरक्षा विशेष बल की अतिरिक्त तैनाती :** प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ/जीआरपी एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ट्रेनों में भी रेलवे सुरक्षा बल की संख्या बढ़ाई गई है।

**एनाउंसमेंट के माध्यम से :** सभी यात्रियों से अपील की जाती है कि वे यात्रा के दौरान अपने सामान की देखभाल करें और संदिग्ध वस्तुओं को रेलवे परिसर में न लाएं। ट्रेनों में उतरते एवं चढ़ते समय सावधानी बरतें।

**सीसीटीवी निगरानी :** रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

**पुलिस नियंत्रण कक्ष :** रेलवे स्टेशनों पर 24×7 नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की समस्या के लिए तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए संपर्क करने का आग्रह किया जाता है।

## धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व माला में पिरोने का काम एक नया नवाचार से

बढ़ता राजस्थान

**सीकर (नि.स.)।** जिले भर में भाई दूज का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया भाई-बहन को एक माला में पिरोने का काम एक नया नवाचार के मोके पर अग्रवाल महिला मंडल सचिव सनु मोदी ने कहा-समाज में अनूठा कार्य कोई भी व्यक्तित्व ही कर सकता है, जिसके कर्म अच्छे हो और मन साफ़ हो वो जरूर आगे बढ़ता है। भैया दूज के मौके पर मोदी परिवार को एक माला में पिरोने का काम को लेकर समाज की ओर से एक नया नवाचार के मोके पर जयपुर रोड स्थित ब्रज वाटिका में अपने भाई और भाई के परिवार को मीठे भात खिलाकर भैया दूज का उत्सव ब्रज वाटिका में खाना खिलाकर अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना बहन सुमित्रा देवी तोदी ने अपने भाई और भाई के परिवार को सामूहिक रूप से दाल चावल खिलाकर भैया दूज त्योहार सेलिब्रेट किया । भाई राजेंद्र मोदी शंभू मोदी विजेंद्र मोदी गोपाल मोदी अशोक मोदी मितेश मोदी को खाना खिलाकर भाई दूज मनाया ।

राजेश राकेश मुकेश मोदी को खाना खिला कर भाई दूज का उत्सव मनाया । भाई दूज का त्योहार हर बार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष के द्वितीय दिन यानि द्वितीय तिथि को मनाया जाता है, जो दीपावली (दिवाली) के बाद आता है। इसलिए, भाई दूज दीपावली के त्योहार के दो दिन बाद मनाया जाता है। दिवाली के बाद पड़ने वाले भैया दूज के दिन बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक लगाती है। यह तिलक उस भरोसे और विश्वास का प्रतीक होता है कि बहन, हमेशा अपने भाई के साथ खड़ी रहेगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जो बहनें अपनी भाई का आतिथ्य स्वीकार करती हैं, उन्हें यमराज का भय नहीं रहता है।बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया।भाई दूज और रक्षा बंधन दोनों ही हिंदू का महत्वपूर्ण पर्व है जो भाई-बहन के प्यार और रक्षा के लिए मनाया जाता है। जिसमें बहनें अपने भाई की लंबी आयु की कामना करती है। ये त्योहार भाई-बहन के आपसी संबंधों को मजबूत करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है। भाई दूज के दिन यमराज की पूजा की जाती है।

भाई दूज का नाम यम द्वितीय भी है, जो यमराज को समर्पित होता है। इस दिन बहन अपने भाइयों के लिए यमराज की पूजा करती हैं और उनके लंबी आयु और सुख-शांति की कामना करती हैं।

## मंदिरों में ठाकुरजी को लगाया छप्पन भोग

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी (नि.स.)।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्रमुख मंदिरो पर अन्नकूट महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली गोवर्धन पर्व पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले नगर के प्रमुख व प्रसिद्ध चारभुजा मंदिर पर मंदिर संघ की ओर से अन्नकूट पर्व का आयोजन किया गया। संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र उपाध्याय ने बताया की अन्नकूट महोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया।



चारभुजानाथ की महाआरती के साथ अन्नकूट महोत्सव का प्रारम्भ हुआ जिसमे सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषो ने पूरी श्रद्धा व आनन्द के साथ जय जयकारो की गूंज में प्रसाद ग्रहण किया। वही, नगर के धोलापानी दरवाजा स्थित सांई की कुई पर हनुमान मंदिर, प्रताप चौक स्थित लखारा मन्दिर, माली मोहल्ला स्थित चारभुजा मंदिर, हरि मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट पर्व धूमधाम व आस्था के साथ मनाया गया। अन्नकूट महोत्सव में प्रसाद ग्रहण करने के लिए नगर के बड़ी संख्या में महिला पुरुष व श्रद्धालु ने पूरी श्रद्धा के साथ कतारों में लगकर अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। वही, ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों पर महाआरती कर अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। हनुमान मंदिर बालाजी धाम यादव मोहल्ला स्थित में दीपोत्सव,गोवर्धन पूजन के शुभ अवसर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। बालाजी की महा आरती 7.15 बजे की गई। आरती में हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित थे।बालाजी के छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट का प्रसाद भक्तों में वितरण किया गया।

## जेईई मेन आवेदन में आ रही परेशानी, जानकारियां अधूरी होने पर अप्लाई नहीं कर पा रहे, कैटेगरी सर्टिफिकेट भी मांगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जिसके जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। कॅरियर काउंसिलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि पहली बार जेईई-मेन आवेदन के दौरान ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के स्टूडेंट्स कैटेगरी सर्टिफिकेट आईडी एवं इश्यू डेट के साथ-साथ प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम भी मांगा गया है। ये जानकारियां दिए बिना आवेदन करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के स्टूडेंट्स को अभी भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन सभी स्टूडेंट्स के सामने यह चेलेंज आ रहा है कि उन्हें आवेदन से पूर्व अपना सर्टिफिकेट बनवाना ही होगा। इसे लेकर एनटीए से संपर्क भी किया जा रहा है लेकिन वहां से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। आहूजा ने बताया की इस वर्ष आवेदन में आइडेंटिटी प्रूफ में मांगे गए आधार नंबर को आवेदन में स्टूडेंट्स के नाम से लिंक कर दिया गया है। अगर स्टूडेंट्स गलत आधार नंबर फिल करके स्वयं का नाम सही फिल करता है तो आवेदन पूर्ण ही नहीं होता है और और स्टूडेंट्स गलत नाम फिल करके सही आधार नंबर फिल करता है तो भी आवेदन पूर्ण नहीं हो सकता है ऐसे में स्टूडेंट को आवेदन करने से पूर्व अपने आधार कार्ड में अपना नाम एवं डेट ऑफ़ बर्थ को अपनी 10 एवं 12 की मार्कशीट से मिलान कर लेना चाहिए ताकि आवेदन के दौरान कोई समस्या नहीं आए।

## रामगंज मंडी में फंदे पर लटका मिला युवक

### घर पर परिवार पहुंचा तो कमरे का गेट अंदर से बंद था, पुलिस कर रही है हर एंगल से जांच

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रामगंज मंडी में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक मजदूरी का काम करता था। रविवार सुबह घर के लोग भाई दूज त्योहार मनाने बाहर गए थे, तब युवक ने कमरे को पीछे से बंद कर पंखे पर रस्सी का फंदा डाला। परिवार दोपहर बाद घर लौटे, तो कमरे का गेट अंदर से बंद था। आवाजें देने पर गेट नहीं खुला, जिसके बाद पड़ोसियों से मदद लेकर गेट तोड़ा गया।

सूचना मिलने पर रामगंज मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव पंखे से उतारकर सीएचसी रामगंज मंडी ले जाया



गया, जहां परिवार की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है, इस संबंध में पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामगंज मंडी एसएचओ अशोक मीणा ने बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे खैराबाद में बैरवा बस्ती निवासी दुर्गालाल (25) पुत्र कालूलाल ने अपने ही मकान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। घटना के समय परिवार बाहर गया हुआ था। मृतक के परिवार में उसका बड़ा भाई सोनू और दो बहनें सहित माता-पिता हैं। जानकारी के अनुसार, युवक शराब का आदी था और रोजाना सुबह से ही शराब का सेवन करता था। हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामगंज मंडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## इटावा में घास भैरू की सवारी निकली

### खुशहाली की कामना की, भाई दूज पर मांगी अपने भाईयों की लंबी उम्र



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** दीपोत्सव के अंतिम दिन नगर के लोगों को निरोगी रखने व नगर की खुशहाली की कामना को लेकर रविवार को इटावा में घासभैरु की सवारी निकाली गई। इस मौके पर घासभैरु के थानक पर पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी और गांव पटेल महावीर मीणा ने प्रबुद्धजनों के साथ पूजा-अर्चना की। इसके बाद बैलों की जोड़ी जोतकर जयकारों के साथ सवारी निकाली गई। इस दौरान जगह जगह लोगों ने घासभैरु को तेल चढ़ाकर खुशहाली की कामना की। नगर के पुराने बाजार, टंकी मोहल्ले से शारदा स्कूल, कोटा रोड, गेता रोड, हाट मैदान, ट्रस्ट के पास होती हुई, अस्पताल के पास होते हुए गंतव्य पहुंची। सवारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। इटावा थाना अधिकारी मांगेलाल यादव मय जाप्ते मौजूद रहे। वहीं रविवार को भाईदूज का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी के साथ रोशनी के पर्व का समापन हो गया है।

भाईदूज के अवसर पर बहनों ने अपनों भाइयों के ललाट पर कुमकुम-रोली का तिलक लगाया और आरती करके उनकी लम्बी उम्र की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया।

## हर घर रोज दीप जले तो होगा प्रकाश राकेश मुनि महाराज ने कहा- भगवान महावीर की वाणी को सुनने वाला श्रेष्ठ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री जैन दिवाकर पावन तीर्थ एवं शोध संस्थान समिति की ओर से बल्लभ बाडी स्थित जैन दिवाकर दरबार में चातुर्मास का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उप प्रवर्तक राकेश मुनि महाराज अपने प्रवचन के माध्यम से श्रावकों को धर्म के ज्ञान से लाभान्वित कर धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। राकेश मुनि महाराज ने भगवान महावीर, भगवान गौतम के जीवन के बारे में विस्तार से बताया।

### वीतराग वाणी सुना रहे संत

उन्होंने कहा कि 15 दिवसीय भगवान वीतराग वाणी का सुंदर श्रवण किया जा रहा है। जो इसे सुनता है इसमें रमण करता है उसकी आत्मा कभी भटकती नहीं है। सूर्य और चंद्रमा ऐसे हैं जिसका हम भरपूर आनंद लेते हैं, अगर सूर्य थोड़ा नजदीक आ जाए तो तपन तेज हो जाती है और अगर चंद्रमा नजदीक आ जाए तो शीतलता तेज हो जाती है। लेकिन भगवान इतने अनमोल है कि वह ना तो घटते हैं और ना बढ़ते है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर की वाणी को जिसने श्रवण कर लिया वह श्रेष्ठ मानव है, उसके श्रेष्ठ जीवन के श्रेष्ठ फलों को उसने अपने जीवन में रखकर सार्थक कर लिया। उन्होंने कहा कि दया को लाने के लिए विनय का आसरा लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर घर में प्रतिदिन दीपक जलना चाहिए ताकि ज्ञान का प्रकाश होता रहे और यह याद रहे कि यहां का कोई मालिक बैठा है। उन्होंने दीपावली पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उसका भी महत्व बताया।

## कोटा में पटाखों से हुडदंग, एक दूसरे पर फेंके : रायपुरा रोड पर युवकों-नाबालिगों ने मचाया उत्पात, राहगीरों पर भी छोड़े पटाखे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में दीवाली धूमधाम से मनाई गई। डेढ़ सौ करोड़ की आतिशबाजी हो गई। लेकिन खुशियों के इस त्योहार को कुछ लोगों ने हुडदंग में बदल दिया। युवकों और नाबालिगों ने उत्पात मचाकर दूसरों को परेशान भी किया।

ऐसा मामला एक बार फिर रायपुरा इलाके में सामने आया है। रायपुरा रोड पर शनिवार देर रात को स्थानीय निवासियों, युवकों और नाबालिगों ने उत्पात मचाया। पटाखे चलाकर एक दूसरे पर फैंके। फिर राहगीरों पर जलते पटाखे फेंकने लगे। मामला उद्योगनगर थाने का है। मामले के अनुसार रायपुरा मेन रोड पर शनिवार रात को कुछ लड़के सड़क के बीच खड़े होकर एक दूसरे पर पटाखे जलाकर फेंक रहे थे। इस दौरान



सड़क पर वाहन और राहगीर गुजर रहे थे। जलते पटाखे फेंकने से वहां से गुजर रहे वाहनों पर भी गिर रहे थे। ऐसे में लोगों में डर का माहौल हो गया था। गनीमत यह रही कि पटाखे की वजह से किसी राहगीर को चोट नहीं आई। वहां मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना के वीडियो भी बनाए। पिछले साल भी इसी जगह पर ऐसे ही पटाखे चलाकर उत्पात मचाया गया था। पिछले साल शिकायत पर पुलिस भी पहुंची थी।

## दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को किया दोषमुक्त

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** मामला भवानीमण्डी क्षेत्र का है दिनांक 08.03.2020 को भवानीमण्डी में एक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की एक लड़के से मोबाईल पर सम्पर्क हुआ और उसने 07-08 फरवरी 2020 को रिसोर्ट में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया मना करने पर धमकी दी तथा एटीएम से 40000 रूपये निकाल कर दिये।

उक्त रिपोर्ट पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 376 (2)(प) भा.द.सं. व 3/4 पोक्सो एक्ट में चालान पेश किया। माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोजन ने 11 गवाहों के बयान प्रस्तुत किये तथा 1 से 22 दस्तावेजों का प्रदर्श करवाया। माननीय न्यायालय के समक्ष बचाव के अधिवक्ता अभिलाष शर्मा एवं बृजबल्लभ शर्मा ने उक्त गवाहों से प्रतिपरीक्षण किया तथा रिसोर्ट के सीसी टीवी केमरे के फोटो प्रस्तुत किये तथा डी-1 से डी-12 तक फोटो, दस्तावेज तथा माननीय उच्च न्यायालय का आदेश प्रमाणित करवाया।

## घर में घुसकर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार टॉप-10 बदमाशों में वांटेड, 3 हजार का था इनाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** एक युवक के घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले टॉप-10 वांटेड में शामिल बदमाश को पुलिस गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि 4 सितंबर को कोलीपाडा निवासी शोएब खान ने रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया था कि बदमाश शाकिर और समीर उर्फ समीरा उसके घर में आए और घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया था। इसके बाद दोनों फरार हो गए। शोएब को अस्पताल में भर्ती कर इलाज करवाया गया था। उसकी रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। वारदात के तीन दिन बाद ही आरोपी शाकिर को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन आरोपी समीर फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी पर 3 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

# जिला स्तरीय कौशल दौड़ प्रतियोगिता-2024 का भव्य आयोजन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू सर्मा )।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड के हुसैनपुर मोड़ पर खुले मैदान में हर घर शिक्षा – घर घर शिक्षा टीम द्वारा जिला स्तरीय कौशल दौड़ प्रतियोगिता–2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शानदार आयोजन के दौरान विभिन्न आयु वर्ग के करीब 250 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें हजारों दर्शकों का उत्साहवर्धक समर्थन मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गब्बर मीणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी वंदना शिवहरे, सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर रन सिंह मीणा और अंतर्राष्ट्रीय कोच महावीर सिंह मीणा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और मनीप्लांट पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। विशेष अतिथियों में प्रदेश महामंत्री राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत डॉ रनजीत मीणा, प्रमोद एसआई, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मोहर सिंह मीणा, भैरो सिंह मीणा,





सीनियर रेडियोग्राफर सुरेश मीणा, ड्रीम विलेज फाउंडेशन कंसोटी खेड़ा टीम, कृष्णा मीणा, मनोज मीणा सहित जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता की दौड़ श्रेणियां और विजेताओं की सूची**

प्रतियोगिता में 100 मीटर, 800 मीटर, 1200 मीटर, और 1500 मीटर दौड़ में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों के विजेताओं की सूची इस प्रकार रही–

**अंडर–14 ( 100 मीटर दौड़ ):** प्रथम स्थान – अंकित (सागौर), द्वितीय स्थान – दीपक (बरौली), तृतीय स्थान – अनुराग मीणा (खानपुर)

**अंडर–17 ( 100 मीटर दौड़ ):** प्रथम स्थान – बॉबी (कोटपुरा), द्वितीय स्थान – दीपक (निभी कोटरा), तृतीय स्थान – गोकुल सिंह परमार (भरकुंजरा)

**अंडर–19 ( 100 मीटर दौड़ ):** प्रथम स्थान – जनवेद गोस्वामी (प्रेम नगर), द्वितीय स्थान – धीरज (कोटपुरा मनियां), तृतीय स्थान – ललित कुमार (लालोनिहार)

**अंडर–14 ( 800 मीटर दौड़ ):** प्रथम स्थान – नितिन कुमार (खानपुर मीणा), द्वितीय स्थान – सुमित (सहेड़ी), तृतीय स्थान – आशीष (गोदनापुरा)

**अंडर–17 ( 1200 मीटर दौड़ ):** प्रथम स्थान – ओमवीर (रूंध का पुरा), द्वितीय स्थान – बल्लू (ललोनी), तृतीय स्थान – बॉबी (कोटपुरा मनियां)

**अंडर–19 ( 1500 मीटर दौड़ ):** प्रथम स्थान – रवि (रूंध का पुरा), द्वितीय स्थान – सोमवीर (देवरी रूपवास), तृतीय स्थान – पिंकू कुमार (बरौली)

प्रतियोगिता के दौरान मेडिकल टीम और पुलिस प्रशासन की पूरी व्यवस्था चाक–चौबंद थी, जिसमें राहुल मीणा और नेमी मीणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन हर घर शिक्षा अभियान के संस्थापक रोहित मीणा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जिन्होंने सभी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया। समापन समारोह में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत राष्ट्रीयगान के साथ इस आयोजन का समापन हुआ। सभी प्रतिभागियों, अतिथियों, एवं दर्शकों को अल्पाहार वितरित किया गया। निर्णायक मंडल में बलिचरण रावत, रन सिंह, सुरेश, महावीर और मोहर सिंह ने सराहनीय योगदान दिया। हर घर शिक्षा टीम के सैकड़ों कार्यकर्ताओं में नीरज, फूल सिंह, ओमवीर, महेंद्र, शक्ति, राजेश, हल्का, राजवीर, नरेश, जयकिशन, रवि, नागरसिंह, शहजाद, देवेंद्र, मोहर सिंह, सोन सिंह, माखन, चेतन, हरवीर – ने पूरी प्रतियोगिता को सफल बनाने में अथक परिश्रम किया। यह आयोजन न केवल जिले के युवाओं को खेलकूद की ओर प्रोत्साहित करने के लिए एक अहम कदम साबित हुआ, बल्कि धौलपुर जिले में खेल संस्कृति को भी एक नई पहचान दिलाई।

## बाड़ी में सूने मकान में चोरी : दीपावली पर गांव गया था परिवार, चांदी के गहनों के साथ नगदी चुराई

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित मीनेश्वर कॉलोनी में दीपावली के त्योहार पर सुने घर में चोरी की वारदात हुई है। पड़ोसियों द्वारा घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार गांव से लौटा तो घर के अंदर कमरों के ताले टूटे पड़े थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। इस पर जब उन्होंने अपनी अलमारी को देखा तो उसमें रखे सोने चांदी के गहने और नगदी गायब मिली। ऐसे में घटना को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाड़ी शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित मीनेश्वर कॉलोनी निवासी नरेश कुमार मीणा पुत्र काशीराम मीणा ने बताया–वह मूल रूप से सरमथुरा उपखंड के आंगई थाना क्षेत्र के खोखला गांव निवासी हैं। यहां उनका मकान मीनेश्वर कॉलोनी देव गार्डन के पीछे स्थित है। त्योहार पर वह अपने मकान को लॉक कर अपने बच्चों के साथ गांव में परिवार के साथ दीपावली का त्यौहार मनाने गए थे। आज पड़ोसियों द्वारा उन्हें सूचना दी कि उनके घर के ताले टूटे पड़े है। संभावित उनके घर में चोरी हुई है। इस पर उन्होंने आकर देखा तो बाहर गेट का ताला लगा था जिसे खोलकर अंदर आये तो देखा की कमरों के ताले टूटे पड़े है। अलमारी के ताले भी चोरों ने चटकाए है



जिसमे रखे सोने–चांदी के गहने और नगदी पार की हैं। सम्भवतः चोर एक सोने की जंजीर करीब डेढ़ तोले वजनी, दो झुमकी, एक पाजेब की जोड़ी और करीब दो हजार की नगदी पार कर ले गए है। ऐसे में घटना को लेकर पीड़ित नरेश कुमार मीणा ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरी की घटना को लेकर बाड़ी टाउन चौकी प्रभारी हरवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## धूमधाम के साथ मनाया भाई दूज का पर्व : जेल में बंद भाइयों को टीका लगाने पहुंची बहनें, अन्नकूट का भी आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू सर्मा )।** धौलपुर में दीपोत्सव पर्व के अंतिम दिन रविवार को भाई दूज का पर्व मनाया गया। भाई दूज यानी यम द्वितीया के पर्व पर एक ओर जहां घरों में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया, तो वहीं धौलपुर जेल में बंद भाइयों को पांच स्तरीय सुरक्षा घेरे में हुई जांच के बाद बहनों ने तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। दीपोत्सव पर्व के आखिरी दिन भी गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट का भी आयोजन हुआ। रविवार को भाई दूज का पर्व सुबह से ही रोशनी शिवहरे सेवादल जिला महासचिव ने अपने भाई राकेश शिवहरे को माथे पर टीका लगाकर उनको मिठाई खिलाई और उनके जीवन की लंबी उम्र के लिए मनोकामना मांगी यह त्यौहार भाई–बहन का एक पवित्र रिश्ता होता है और इसे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बीच कहीं–कहीं भाइयों से स्नेह में बहनों की



आंखों में आंसू आ गए। धौलपुर जिला कारागार में भी भाई दूज का पर्व मनाने के लिए बहनें जेल की चौखट तक पहुंची। जहां बहनों ने किसी न किसी अपराध में धौलपुर जिला कारागार में बंद अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान बहनों से मिलने के बाद जेल में बंद भाइयों की आंखों में भी आंसू छलक गए। जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा ने बताया कि भाई दूज के पर्व को लेकर इस बार पांच स्तरीय सुरक्षा जांच के बाद बहनों की भाइयों से मुलाकात कराई गई। जहां बहनों ने अपने भाइयों के तिलक कर उन्हें मिठाई खिलाई। रविवार को भाई दूज के पर्व के साथ ही कई जगह गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का भी आयोजन हुआ। बसेड़ी कस्बे के प्राचीन ठाकुर मुरली मनोहर मंदिर में गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अन्नकूट प्रसादी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ। उसके बाद अन्नकूट महोत्सव प्रसादी का वितरण हुआ। मंदिर महंत लवकिशोर कौशिक ने बताया कि सैकड़ों साल पुराना ठाकुर मुरली मनोहर मंदिर जिसमें परंपरागत तौर से गोवर्धन पूजा के साथ–साथ अन्नकूट प्रसादी के आयोजन किया जाता रहा है। उसी के तहत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कड़ी, चावल, बाजरा और मिक्स सब्जी का मिश्रण कर अन्नकूट प्रसादी वितरित की गई।



## गोवर्धन पूजा का आयोजन : मंदिरों में लगा अन्नकूट का भोग, श्रद्धालुओं को किया वितरित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** दीपोत्सव के तहत शनिवार को शहर में गोवर्धन मनाया गया। इस अवसर पर जगह–जगह गोवर्धन की पूजा हुई। साथ ही मंदिरों में अन्नकूट का भोग लगाया गया। शहर के गुमट हनुमान मंदिर पर बजरंग सेवा समिति की ओर से अन्नकूट का बड़ा आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने अन्नकूट की प्रसादी पाई। वहीं शहर के पुराना बाजार स्थित विठ्ठलनाथ मंदिर पर भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। गुमट हनुमान मंदिर पर अन्नकूट आयोजन को लेकर बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल ने बताया कि आमजन के सहयोग से यह कार्यक्रम किया गया जिसकी तैयारी पिछले सात दिन से चल रही थी। बाजरा, कढ़ी, चावल और सतकुट की सब्जी का भोग हनुमान जी महाराज के साथ राम दरबार और शिव परिवार को लगाया गया। इसके बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**विठ्ठलनाथ मंदिर पर हुआ अन्नकूट आयोजन :** वहीं शहर की पुराना बाजार स्थित भगवान विठ्ठल नाथ के मंदिर पर भी अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। जिसमें मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। इस दौरान आसपास के मोहल्लों के सैकड़ो लोग मंदिर में प्रसादी पाने पहुंचे। मंदिर के श्रद्धालु देवेश चंसोरिया ने बताया कि हर वर्ष दीपावली की पड़वा को भगवान विठ्ठलनाथ के मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है।

## कुरीन गांव में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या का मामला
## घटना के पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार ने लगाई पूर्व विधायक से गुहार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कुरीन का पूरा गांव में 30 अक्टूबर बुधवार को दिन में घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की लाठी,डंडों और सरियों से पीट–पीट कर हत्या हुई थी साथ में महिला के तीन पुत्र और एक बहू उक्त हमले में घायल हुए थे।

घटना के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। ऐसे में पीड़ित परिवार सदमे और दहशत में है। जिसको लेकर आज पीड़ित परिवार और ग्रामीणों द्वारा मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा में गुहार लगाई है। कुरीन का पुरा गांव निवासी ताराचंद जाटव ने बताया



कि उनके घर पर 30 अक्टूबर को सुबह 08 से 09 बजे के बीच गांव के आरोपी गुलजारी,देवेंद्र,अजीत सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी,डंडों और सरियों से लैस होकर हमला किया था। उक्त हमले में उनकी 70 वर्षीय बुजुर्ग मां रामो पत्नी स्वर्गीय रामबाबू जाटव की लगातार पीटने के चलते मौके पर ही मौत हुई थी। वहीं घटना में अतिवीर,ताराचंद, किशन पुत्रगण स्वर्गीय रामबाबू जाटव और सुरजवती पत्नी योगेश घायल हुए थे। घटना को लेकर कंचनपुर थाने में मृतका के पुत्र ताराचंद ने मामला दर्ज कराया है पुलिस द्वारा घर पर हुए हमले के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 189(2),333, 115(2),126(2),103(2) और एसटी–एससी एक्ट में मामला दर्ज कराया है। लेकिन घटना के चार दिन बाद भी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई है। जिससे परिवार दहशत में है। ऐसे में पीड़ित परिवार ने कुछ ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा से मामले में कार्रवाई को लेकर गुहार लगाई है। पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा ने बताया कि मामला एससी एसटी एक्ट और हत्या का है। गांव कुरीन के पुरा में उक्त घटना हुई थी।

जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार ने उनसे गुहार लगाई है। मामले की जांच सैपऊ सीओ अनूप सिंह को सौंपी गई है। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर उक्त मामले में जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## अज्ञात कारणों से लगी घर के बगल में खाली प्लॉट में रखी बाजरे की करब में आग, चार बीघा में पैदा हुई करब जलकर खाक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सैपऊ रोड पर बृजेश गार्डन के पास एक घर के बगल में खाली प्लॉट में रखी चार बीघा बाजरे की फसल की करब में अज्ञात कारणो से आग लगने का मामला सामने आया है। जिसमे करब के साथ अन्य सामान भी जलकर खाक हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की दमकल ने मौके पर पहुंच लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया है। घटना के बाद बाड़ी तहसील से पहुंचे हल्का पटवारी द्वारा आग लगने की उक्त घटना की जानकारी ली है और मौका पर्चा तैयार किया है। बाड़ी नगर पालिका के दमकल चालक शरीफ खान ने बताया कि जैसे ही उन्हें आग लगने की घटना की



जानकारी मिली वह तुरंत फायरमैन रविंद्र, सुभाष और मनोज के साथ मौके पर पहुंचे। जहां जलती हुई आग पर लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे में काबू पाया है।

पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि दिन में करीब 2 बजे उक्त घटना की उन्हें घर पर पता लगा। वे गोवर्धन पूजा के बाद अपने घर पर जाकर खाना खाकर आराम कर रहे थे। इस दौरान किसी ने आकर बताया कि उनके प्लॉट में रखी करब में आग लगी है । इस पर पूरा परिवार तत्काल मौके पर पहुंचा और दमकल को सूचना दी। घटना को लेकर मौके पर पहुंचे हल्का पटवारी महावीर सिंह ने बताया की सैपऊ रोड निवासी पीड़ित राजेश कुमार पुत्र हेमसिंह गुर्जर के घर के बगल में खाली प्लॉट में रखी चार बीघा खेत के बाजरे की करब में आग लगी थी। जिसको उन्होंने अपने पशुओं के चारे के लिए एकत्रित किया था।

## जिले में 2.19 करोड़ में बनेंगी सड़क और पुलिया : अतिवृष्टि से हो गई थी क्षतिग्रस्त, प्रशासन ने दी वित्तीय मंजूरी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मानसूनी सीजन में इस बार बारिश ने धौलपुर जिले में भारी तबाही मचाई। लगातार कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से जिले की सड़कों के साथ पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिनकी मरम्मत के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलियाओं की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत व फिर से बनाने के लिए कुल 2 करोड़ 19 लाख 57 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला कलेक्टर व पदेन अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीनिधि बीटी ने बताया कि सड़कों एवं पुलियाओं की मरम्मत हेतु ब्लॉक बाडी के 49 कार्यों के लिए 62 लाख 52 हजार रुपए, ब्लॉक बसेड़ी के 28 कार्यों के लिए 26 लाख 46 हजार रुपए, ब्लॉक राजाखेड़ा के 68 कार्यों के लिए 55 लाख 78 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। कलेक्टर ने बताया कि इनके अलावा ब्लॉक सरमथुरा के 18 कार्यों के लिए 16 लाख 50 हजार रुपए और ब्लॉक सैपऊ के 44 कार्यों के लिए 58 लाख 31 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई सड़क और पुलिया की मरम्मत के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

## कोर्ट से 5 साल से फरार दो बदमाश गिरफ्तार
## धौलपुर एसपी ने रखा था 20-20 हजार रुपए का इनाम, गांव धौंधे में दलित युवक की हत्या का था केस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए करीब 5 वर्ष से फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों को एमपी के मुरैना जिले के सिहोनिया इलाके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपियों से अब सदर थाना पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपी कोर्ट से वांटेड थे। जिन पर धौलपुर एसपी द्वारा 20–20 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि वर्ष 2008 में थाना क्षेत्र के गांव धौंधे का पुरा में दलित जघन्य हत्याकांड हुआ था। उक्त हत्याकांड में न्यायालय से करीब 5 साल से रेवई गांव निवासी दो आरोपी बदमाश फरार चल रहे थे। जिनकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी बदमाश सुरेश और कल्ला उर्फ किशन पुत्र रामबाबू ठाकुर वर्तमान में गांव से गायब थे। ऐसे में जरिए मुखबिर जानकारी मिली



कि दोनों आरोपी बदमाश एमपी के मुरैना जिले के सिहोनिया गांव के पास स्थित पंवारो का पूरा में रह रहे हैं। उक्त सटीक सूचना पर थाने के हेड कांस्टेबल सत्यप्रकाश, अवधेश के साथ कांस्टेबल सुगड सिंह, बलबीर सिंह, लोकेंद्र, पवन कुमार, राहुल के साथ सीओ आफिस के बहादुर और डीएसटी टीम के ईश्वर सिंह के साथ किसान कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बदमाश सुरेश और कल्ला उर्फ किशन पुत्र रामबाबू ठाकुर पर एसपी धौलपुर द्वारा 20–20 हजार रुपए का इनाम घोषित है। दोनों आरोपी कोर्ट से वांटेड हैं। ऐसे में दोनों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान



# जिला कलक्टर नमित मेहता ने परिवार संग वृद्धाश्रम में मनाई दीपावली, बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियाँ





बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर नमित मेहता परिवार सहित दीपावली की खुशियां साझा करने के लिए मंगरोप रोड स्थित ओम शांति सेवा संस्थान के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच पहुंचे। आश्रम में जिला कलक्टर ने बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई, उन्हें भोजन परोसा और उनके साथ समय बिताया। जिला कलेक्टर की यह पहल वृद्धजनों के लिए एक विशेष उपहार जैसी थी, जिसने उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। जिला कलक्टर ने वृद्धाश्रम में लक्ष्मी पूजन भी किया। उन्होंने देवी लक्ष्मी की आराधना की और समृद्धि और सुख की कामना की। उन्होंने बुजुर्गों के साथ मिलकर दीप जलाए और प्रार्थना की। मेहता ने आश्रम के सभी वृद्धजनों और स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दी। यह एक अनोखा और यादगार पल था जिसने आश्रम के वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। इस अवसर पर, उन्होंने कहा, आइए हम दीपावली के इस पावन अवसर पर वृद्धजनों के प्रति अपनी सेवा और समर्थन को बढ़ावा देने का संकल्प लें। जिला कलक्टर ने बुजुर्गों के लिए खुशी का मौका बनाया और उनका आशीर्वाद लिया। यह एक अनोखा और यादगार पल था।

## आंवलहेड़ा पंचों ने किया पुरानी परम्परा का निर्वहन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** निकटवर्ती गांव आंवलहेड़ा में गोवर्धन पूजा के पश्चात् लगभग ढाई सौ वर्षों से चली आ रही परम्परा का अनुसरण करते हुए गांव के पंचों सहित लोगों द्वारा एक जगह इकट्ठा होकर राव समाज को सम्मान सहित बुलाकर अमल, तंबाकू, प्रसाद व निलिया का कवित नाहर रासा सुनाने के रिवाज का निर्वहन किया गया। आंवलहेड़ा में गोवर्धन पूजा के बाद सायं साढ़े 4 बजे कुमावत समाज के पंचों द्वारा वर्षों पुरानी इस परंपरा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर गांव के पटेल लालूराम कुमावत, चुन्नीलाल कुमावत, भगवान बा, जीतू बा, देवाराम भोपा, जमनालाल डिडवानिया, पूर्व सरपंच भेरूलाल, रावजी श्यामलाल, रवि कुमार, विष्णु, कालू, राधेश्याम, भगवानलाल ने अमल का रंग व नीलिया का कवित सुना कर परम्परा को बढ़ावा दिया।

## आचार्य व माली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ से की मुलाकात, 12 नवम्बर को आयोजित आचार्य ब्राह्मण समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का दिया न्यौता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपड़ा के नेतृत्व में प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने राज्यसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से पाली उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें फूलो का गुलदस्ता व मिठाई भेंट कर समाज की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन कर दीपावली की बधाई दी और उन्हें अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में 12 नवम्बर को नगर निगम भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर भी विस्तार से समाज के बारे में चर्चा की गई ओर उन्होंने आश्वस्त किया कि वे 12 नवम्बर को नव युगलों को आशीर्वाद देने जरूर पहुंचेंगे। इस अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष झंवरीलाल काकरिया, भंवर लखेरा, अशोक भण्डारी व उदयलाल माली भी उपस्थित थे।

## मेवाड़ माहेश्वरी मंडल, भीलवाड़ा द्वारा 32वां मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम 01-09-2024 को सफलतापूर्वक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट भवन, नागोरी गार्डन, भीलवाड़ा में अशोक काबरा कोषाध्यक्ष, माहेश्वरी समाज सम्पत्ति ट्रस्ट, उर्मिला जी तापड़िया, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला माहेश्वरी महिला मंडल, नोखा, सम्पत माहेश्वरी, श्रवण समदानी, सुनील मूंदड़ा, औम प्रकाश सोमानी, कैलाश सामरिया, सत्यनारायण तोशनीवाल ने दीप प्रज्वलकर कार्यक्रम शुभारंभ किया। श्रवण समदानी ने बताया कि भीलवाड़ा मुख्यालय के अतिरिक्त चित्तौड़, उदयपुर, मनासा में शाखाएं सेवारत है जिसमें सभी बायोडाटा भीलवाड़ा मुख्यालय के तर्ज पर ही उपलब्ध है जहां प्रत्येक रविवार को यह सेवाएं उपलब्ध रहती है। नोखा, चित्तौड़गढ़, कोटा, भीलवाड़ा शहर, ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक परिचय पत्रक अवलोकन हेतु उपस्थित हुए। औम प्रकाश सोमानी ने बताया कि अब तक 1808 संबंध हुए है 7 सुनील मूंदड़ा ने जानकारी दी कि कार्यालय में युवको के 3940 व युवतियों के 6600 बायोडाटा संजोकर रखे गए है। मुख्य संयोजक सुनील मूंदड़ा, ओम प्रकाश सोमानी, श्रवण समदानी ने सबका आभार व्यक्त किया व धन्यवाद दिया।

## ब्रह्मा कुमारीज प्रताप नगर सेवा केंद्र पर दीपावली पर्व मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** दीपोत्सव पर्व पर भाई बहनों को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी आशा दीदी ने बताया कि दीपावली का पर हम सबके लिए बहुत सारी खुशियां लेकर आता है। उन्होंने बताया कि दीपावली से पहले हम सभी घर के कोने-कोने की सफाई करते हैं उसके पश्चात दीपावली मनाते हैं दिया जलाते हैं घर को रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने भीतर से जो भी व्यर्थ नेगेटिव का जो कचरा भरा हुआ है उसे अपने अंदर से निकाले और अपने अंदर ज्ञान का दीप प्रज्वलित करें। क्योंकि बिना सफाई के हमारा दिया जल नहीं सकता। हम सभी दीपावली पर दिया जलाते हैं तो सभी संकल्प करें कि हम दिए के साथ अपने घर में रिश्तो में परिवार में सुख और शांति का दिया अवश्य जगाएं। दिया हमेशा जलता रहता है और प्रकाशित करता रहता है, इसी तरह हम भी अपने परिवार में सदा सुख और समृद्धि का दिया अवश्य जगाए तभी हमारा जीवन सुख शांति और खुशियों से संपन्न रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित समाज कल्याण अधिकारी ओम प्रकाश तोषनीवाल एवं उनकी धर्मपत्नी ने अपना अनुभव शेयर किया कि राजयोग के द्वारा उन्होंने जीवन में बहुत श्रेष्ठ अनुभव किया और कहा की मुझे यहां आकर बहुत पॉजिटिव एनर्जी महसूस होती है मन शांत रहता है। इसके पश्चात सभी ने दिया जलाया और संकल्प लिया कि हम सभी के प्रति शुभ संकल्पों का दिया शुभकामनाओं का दिया अवश्य जलाएंगे । इसके पश्चात परमात्मा शिव को भोग लगाया गया और सभी का मुख मीठा किया।

## दीपावली पर गरीबों की मददगार बनी पुलिस, आमजन व झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगो को दिए उपहार...



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** इस दीवाली जनता के बीच पुलिस का एक मानवीय व दयालु चेहरा नजर आया। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने दिवाली की खुशियां जरूरतमंद परिवार व उनके बच्चों के साथ मनाईं। बच्चों को मिठाई वितरित कर उनकी दीपावली की खुशियां दोगुनी कर दीं। पुलिसकर्मियों के साथ दिवाली मनाकर आमजन व बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि डीएसपी निम्बाहेडा बद्रीप्रसाद राव व एसएचओ निम्बाहेड़ा रामसुमेर पु.नि. के निर्देशानुसार कोतवाली निम्बाहेडा थाने के एएसआई सूरज कुमार, कानिस्टेबल विरेन्द्र, जगदीश विश्नोई, शिशपाल व ज्ञानप्रकाश ने निम्बाहेडा में फुटपाथ, रेलवे स्टेशन, रेन बेसरा, एवं झुग्गी झोपड़ी, तथा कच्ची बस्ती में निवासरत आमजन तक पहुंच उनको मिठाई वितरित कर उनके साथ दिपावली की खुशीयां मनाई व उनको दिवाली की शुभकामनाऐ देकर उनका मनोबल बढ़ाया। पुलिसकर्मियों ने गरीब परिवारों व बच्चों के बीच जाकर खुशी के इस पावन पर्व पर मिठाइयां बांटी, जिन्हें पाकर लोगों व बच्चों के चेहरे खिल उठे। निम्बाहेडा पुलिस ने आमजन के साथ दिवाली की खुशीयां मनाकर आमजन मे विश्वास उत्पन्न कर खुशनुमा माहोल मे दिवाली मनाई, जिससे पुलिस का मानवीय और दयालु चेहरा सामने आया।

## कांग्रेस नेता कपासन में माताओं-बहनों एवं शिवभक्तों की समस्या पर भी कुंभकर्णीय निंद्रा में लीन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में अपनी उदासीन कार्यशाली को लेकर क्षेत्रीय जनता जनार्दन के दरबार में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि आये दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओ एवं जनता जनार्दन के पटल पर चर्चा का विषय बने रहते हैं।जिसमे अब नगर पालिका कपासन क्षैत्र के वार्ड नं. 6 से निर्वाचित पार्षद एवं नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद चर्चा का विषय बने हैं।जिसमे प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर कपासन जो अपनी प्राचीन महिमाओ के तहत भक्तो एवं श्रद्धालुओं सहित शिवभक्तों हेतु आस्था का मुख्य केंद्र है।जहां करीब चार माह पूर्व श्री मंशापूर्ण महादेव के व्रतधारियों द्वारा व्रत प्रारंभ होने से प्रति सोमवार अलसुबह श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधिवत शिवजी की विवाहितो एवं शिवभक्तों द्वारा आराधना की जा रही है।इस दौरान प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह पहुंचने हेतु भक्तगणों को वार्ड नं. 6 के अंधकारमय मार्ग से गुजरना पड़ता है।जिससे भक्तो एवं माताओं बहनों में अज्ञात दुर्घटना का भय बना रहता है। यहां पूर्व में दिनदहाड़े घटनाएं हो चुकी है तथा गरदुल्लो का भय बना रहता है। गौरतलब है कि करीब चार माह पूर्व श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत प्रारंभ होने के साथ चर्चा में आई उक्त समस्या में क्षेत्रीय भक्तो को श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत संपन्न होने तक आवागमन के आवश्यक मार्गों में सुनियोजित विद्युत व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पाने से मंशापूर्ण महादेव व्रतधारीयो एवं शिवभक्तो को राहत नहीं मिल पाई है। उदासीनता तले प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आए दिन तो दूर मगर वार्षिक त्योंहारों पर भी साफ सफाई का अभाव रहता है।

गौरतलब है कि श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों द्वारा श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना हेतु आगंतुक तथाकथित भाजपा समर्थित पार्षद को इस समस्या से अवगत कराया गया।जिस पर उक्त नपा जनप्रतिनिधि द्वारा माकूल विद्युत व्यवस्था हेतु प्रयास किया गया।जिसमे बाद भी विद्युत व्यवस्था हुई मगर स्थानीय प्रयास के अभाव में उक्त व्यवस्था सुनियोजित नहीं हो सकी है।जबकि पूर्व में हुई घटनाओं एवं सुरक्षा के मद्देनजर यहां रात्रि में विद्युत व्यवस्था चाक चौबंद होना आवश्यक है।

# भगवती शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में बच्चों के संग मनाई दिवाली

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** निराशावादी में उत्साह उमंग खुशियों और प्रसन्नता के दीप जलाने से बढ़कर और कोई धर्म नहीं हो सकता उक्त विचार श्री दिवाकर कमल गौ सेवा संस्थान की अध्यक्ष ने निराश्रित भगवती बाल ग्रह में बच्चों के साथ दिवाली मनाते हुए कहा कि सुख देंगे तो सुख मिलेगा संकल्प से भी किसी जीव को सताने का भाव नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतिशबाजी से पैसे की बर्बादी पर्यावरण प्रदूषण होना स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जीवो के प्राण संकट में डालना इससे बड़ा पाप और कुछ नहीं हो सकता। दिवाकर कमल गौ सेवा संस्थान की वरिष्ठ सम्मानित उमराव देवी मारू रीना बाफना मंजू नाहटा अंजना गोखरू पिंकी श्रीमाल प्रवीण कुमार ने बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई फल और नमकीन खिलाकर हर्षोल्लासपूर्वक सब के साथ दीवाली मनाई। बच्चों ने देशभक्ति से स्रोत भारतीय संस्कृति के संवाहक गीत भजन प्रस्तुत किया।

जिमनास्टिक की सुंदर प्रस्तुति दी, बाल गृह में सेवा करने वाले बहनों का अभिनंदन किया गया। भगवती बाल निराश्रित संस्थान की प्रमुख भगवती देवी शर्मा जो कि राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित है, उन्होंने संस्थान में आने वाली सभी पदाधिकारी बहनों का आभार व्यक्त किया। संस्था के कार्यकर्ता बाल गोपाल शर्मा वैभव शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया । मंजू नाहटा सहित सभी बहनों ने बच्चों के साथ दीपावली मनाई। अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच नई दिल्ली महिला शाखा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संगीता चीपड ने कहा कि मंच के सभी कार्यकर्ता देश के कोने-कोने में दीपावली पर्व प्रदूषण हटाओ विश्व बचाओ के रूप में 18 राज्य में बना रहे हैं।

## पूर्व मंत्री आंजना ने की गौ माता की पूजा



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** छोटी सादड़ी के ग्राम जमलावदा में यहां स्थित ग्वाल गोपाल गौ शाला में गौशाला के संरक्षक एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, छोटी सादड़ी के पूर्व प्रधान मनोहर लाल आंजना, गौशाला के अध्यक्ष पूरण आंजना एवं ध्रुवीन आंजना ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर शुभ मुहूर्त में पंडित दीपक शर्मा द्वारा किए गए विधि विधान व मन्त्रों उच्चारण के साथ गौ माताओं को 5 क्विंटल दलिया की लापसी खिलाकर पूजा की।

# यूनेस्को ने गरीब परिवारों के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा भारत के राष्ट्रीय पर्व दीपावली के अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के सानिध्य में यूनेस्को क्लब के सदस्यों ने नए अंदाज में दीपावली मनाई। एक तरफ जहां खुद के घरों को संवारने व अपने बच्चों के लिए मिठाई व पटाखे की व्यवस्था में जुटे हैं। वहीं यूनेस्को सदस्यों ने झुग्गी झोपड़ियों के गरीब महिलाओं व बच्चों के साथ दीपावली मनाई। प्रदेश संयोजक माली ने कहा कि आज भी कच्ची बस्तियों में मौलिक सुविधाएं उनके परिवार को नहीं मिल पा रही है। इन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए यूनेस्को क्लब द्वारा कच्ची बस्तियों व झुग्गी झोपडियों में दीपावली मनाने का निर्णय किया गया। दीपावली खुशियों का त्योहार है। सभी लोग अपने-अपने तरीके से इसे मनाते हैं, पर गरीबों के यहां दीपावली की खुशियों में आर्थिक तंगी आड़े आ जाती है। यूनेस्को ने ऐसे बच्चों के बीच खुशियां बांटी। उन्होंने उनके साथ मिलकर दीपावली का त्योहार मनाया। यूनेस्को टीम जैसे ही बस्ती में पहुंची बच्चों के बीच खुशियों की लहर दौड़ गई। इन बच्चों के चेहरों पर खुशियां लाने के लिए नई पहल करते हुए प्रत्येक परिवार को एक पैकेट मिठाई व पटाखों के साथ ही अन्य सामग्री 100 परिवारों को उपहार स्वरूप दी। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका का विशेष सहयोग रहा। यूनेस्को सदस्यों ने शहर के नेहरू विहार, कुवाड़ा व ईरास सहित कई गरीब बस्तियों में बच्चों संग दीपावली मनाई।

साथ ही उन्होंने अन्य सदस्यों से भी गरीब बच्चों के त्योहारों की खुशिया साझा करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, पूर्व अध्यक्ष देवकिशन आचार्य, हरनारायण माली, श्रीमती मधु लोढा, विशाल विजयवर्गीय, चिरंजीलाल टांक, रामचन्द्र मून्दड़ा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का कपासन आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का रविवार को कपासन आने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया।नगर में स्थित रामद्वारा के सभागार में कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,नपा पार्षद एवं भाजपा महामंत्री अशोक विजयवर्गीय, नपा पार्षद सुनीता शर्मा,गोपाल पूर्बीया,अकील शाह,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया,विजय श्री सिरोया,बूथ अध्यक्ष हंसमुख टेलर,मुकेश सिरोया, हरिशंकर चोटिया आदि क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं सहित कई कार्यकर्ताओं द्वारा पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का केसरिया दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## वाल्मीकि समाज के गणमान्यजनों ने कपासन की मेधावी बेटी नवचयनित आरजेएस प्रियंका बैरवा का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर की मेधावी बेटी नवचयनित आरजेएस प्रियंका बैरवा का विभिन्न क्षेत्रीय सामाजिक,राजनीतिक आदि संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत कर नवचयनित आरजेएस प्रियंका बैरवा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करने का क्रम बना हुआ है।जिसमें क्षेत्रीय वाल्मीकि समाज के गणमान्यजनों एवं युवा वर्ग द्वारा नगर कपासन की मेधावी बेटी नवचयनित आरजेएस प्रियंका बैरवा का उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही समाज के गणमान्यजनों द्वारा आशीष रूप में उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक गोपाललाल कोदली,रमेश कोदली,शिवकुमार कोदली,शिक्षक सतीश कोदली,अरुण कोदली, शारीरिक शिक्षक राहुल कोदली,विक्की छापरवाल, भैरूलाल लोट,रवि छापरवाल,साहिल कोदली आदि वाल्मीकि समाज के गणमान्यजन एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा।

## चौमुखा महादेव में हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ शहर के प्रताप सेतु मार्ग स्थित शंकर गट्टा स्थित प्राचीन चौमुखा महादेव मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विशेष श्रृंगार ,महा आरती का आयोजन हुआ तथा भगवान भोले शंकर के अन्नकूट का प्रसाद का भोग लगाया गया। चित्तौड़गढ़ शहर के शंकर गट्टा स्थित प्राचीन चौमुखा महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति भाई दूज के अवसर पर भगवान भोले शंकर के अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोले शंकर का भगवती लाल सुथार ने विशेष श्रृंगार किया साथ ही महा आरती का आयोजन हुआ।

# 24 साल बाद भारत घर में क्लीन स्वीप

## न्यूजीलैंड ने 25 रन से जीता मुंबई टेस्ट; एजाज पटेल ने मैच में 11 विकेट झटके






**मुंबई।**

न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को 25 रन से हरा दिया है। टीम ने इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। कीवी टीम पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है।

भारतीय टीम 24 साल बाद घर में क्लीन स्वीप हुई है। इससे पहले टीम इंडिया साल 2000 में 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के हाथों क्लीन स्वीप हुई थी। तीन या उससे ज्यादा टेस्ट मैचों की होम सीरीज में टीम इंडिया पहली बार क्लीन स्वीप हुई है।

बेंगलुरु टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से और पुणे टेस्ट मैच में 113 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को 12 साल बाद सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में 263 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को 28 रन की बढ़त मिली थी। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रन पर खत्म हुई। भारत के सामने 147 रन का टारगेट था। जवाब में टीम 121 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारत की ओर से दूसरी पारी में ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए, जबकि न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने 6 विकेट लिए। एजाज ने मैच में 11 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर फिसला भारत इस हार के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के पॉइंट्स टेबल में नुकसान हुआ है। अब भारतीय टीम दूसरे स्थान पर फिसल गई है। इस मैच से पहले भारत का % पॉइंट्स 62.82 था, जो अब 58.33 हो गया है।

**रोहित शर्मा, भारत कप्तान**

टेस्ट मैच और सीरीज की हार पचा नहीं पा रहा हूं। हम स्वीकारते हैं कि हमने अच्छा नहीं खेला और न्यूजीलैंड ने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया। हमसे काफी गलतियां हुईं। पहले दो मैच में हमने स्कोरबोर्ड पर रन खड़े नहीं किए और इस मैच में टारगेट को चेज किया जा सकता था लेकिन हम एक यूनिट के तौर पर विफल रहे। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं एक खास आइडिया के साथ जाता हूं लेकिन इस सीरीज में उसके रिजल्ट नहीं मिले जिससे मैं काफी निराश हैं। पंत, वॉशिंग्टन और गिल ने हमें बताया कि ऐसी पिचों पर कैसे खेला जाता है। यह एक ऐसी सीरीज थी जहां हमारे प्रयास विफल रहे। एक कप्तान के तौर पर भी मैं विफल रहा और मैं खुद भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हम टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके, जो हार की वजह बना।

**टॉम लैथम, न्यूजीलैंड कप्तान**

सीरीज की शुरुआत और इस स्थिति को देखते हुए मैं बहुत-बहुत खुश हूं। यह पूरी तरह से टीम एफर्ट है। पिछले मैच में डेरिल मिचेल ने अच्छा प्रदर्शन किया और इस मैच में एजाज पटेल ने बढ़िया प्रदर्शन किया। हमारे खिलाड़ियों ने काफी अच्छा खेला। हमनें हर मैदान के हिसाब से खुद को ढालने की कोशिश की। बेंगलुरु में सीमर्स ने काम किया, अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर परफॉर्म किया।

### भारत दूसरी पार में 121 पर ऑलआउट

30वें ओवर की पहली बॉल पर भारत ने 10वां विकेट गंवाया। इसी के साथ टीम 121 पर ऑलआउट हो गई और मुंबई टेस्ट 25 रन से हार गई। एजाज पटेल ने वॉशिंगटन सुंदर को बोल्ड कर दिया।

### 29वें ओवर में भारत के दो विकेट गिरे

29वें ओवर में भारत ने 8वां और 9वां विकेट गंवाया। ग्लेन फिलिप्स ने इस ओवर की चौथी बॉल पर रविचंद्रन अश्विन और पांचवीं बॉल पर आकाश दीप को आउट किया। अश्विन 8 और आकाश दीप खाता भी नहीं खोल सके।

# भारत का घर में कैसे हुआ क्लीन स्वीप

## 5 फैक्टर्स : स्टार खिलाड़ियों का फ्लॉप शो, कीवी स्पिनर्स बने मिस्ट्री; अश्विन का मैजिक खत्म

**मुंबई।**

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए चार जीत की जरूरत थी। फैंस से लेकर एक्सपर्ट्स तक का अनुमान था कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से तीनों टेस्ट मैच जीतेगी और ऑस्ट्रेलिया टूर पर कम से कम एक मुकाबला अपने नाम कर फाइनल में जगह पक्की कर लेगी।

लेकिन नतीजा इसके ठीक उलट आया है। कीवी टीम ने भारत को भारत में लगातार तीन टेस्ट मैच में हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। 24 साल बाद किसी टीम ने भारतीय जमीन पर भारत का सफाया किया है। इससे पहले साल 2000 में साउथ अफ्रीका ने भारत को भारत में 2-0 से हराया था।



### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम की ऐसी दुर्गति क्यों हुई, 5 फैक्टर्स में समझते हैं...

1. **हमारे** सुपरस्टार बल्लेबाजों का फ्लॉप शो कागज पर भारतीय बल्लेबाजी न्यूजीलैंड से काफी बेहतर नजर आ रही थी, लेकिन पिच पर भारतीय सितारे कागजी शेर बन कर रह गए। इंटरनेशनल क्रिकेट में 80 शतक जमाने वाले विराट कोहली ने इस सीरीज के तीन टेस्ट मैचों की 6 पारियों में सिर्फ 92 रन बनाए। टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने विराट (93 रन) से भी दो रन कम बनाए। उन्होंने 6 पारियों में 91 रन बनाए। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान भी अपनी 6-6 पारियों में सिर्फ 1-1 बार ही 50 का स्कोर पार कर सके। भारतीय बल्लेबाजी किस कदर फ्लॉप रही, इसे एक फैक्ट से समझिए। सीरीज में न्यूजीलैंड के तीन बल्लेबाजों ने 200-200 से ज्यादा रन बनाए। वहीं, भारत की ओर से सिर्फ ऋषभ पंत ही 200 रन का आंकड़ा पार कर सके।

2. **न्यूजीलैंड** के लेफ्ट आर्म स्पिनर्स भारी पड़े सीरीज में न्यूजीलैंड के लेफ्ट ऑर्म स्पिनर्स भारतीय बल्लेबाजों पर भारी पड़े। बेंगलुरु में पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट ने स्पिन फ्रैंडली पिच बनवाने का फैसला किया, लेकिन सीरीज की हार नहीं टाल सकी। ओवरऑल सीरीज में एजाज पटेल ने 15 और मिचेल सैंटनर ने 13 विकेट लिए। पुणे टेस्ट में मिचेल सैंटनर और मुंबई टेस्ट में एजाज पटेल ने भारतीय बल्लेबाजों को बेअसर साबित किया। सैंटनर ने पुणे में कुल 13 विकेट झटके, जबकि एजाज पटेल ने मुंबई टेस्ट में 11 विकेट निकाले। उन्हें पुणे और बेंगलुरु में भी 2-2 विकेट मिले।

3. **रविचंद्रन** अश्विन का फेल होना भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इस सीरीज में पूरी तरह फेल रहे। वे तीन टेस्ट में सिर्फ 9 विकेट ही ले सके। जबकि मिचेल सैंटनर ने सिर्फ एक मैच खेलकर 13 विकेट निकाले।

4. **पहले** टेस्ट में सीम और स्विंग नहीं खेल पाए थे बेंगलुरु में हुए सीरीज के ओपनिंग मैच में भारतीय बल्लेबाजी कीवियों की बाउंस और स्विंग के सामने बिखर गई थी। वहां रोहित शर्मा पिच कंडीशन नहीं पढ़ सके। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने 17 विकेट झटके। इनमें से 8 विकेट मैट हेनरी ने, 7 विकेट विलियम ओरूर्क और 2 विकेट टिम साउदी ने झटके।

इस मुकाबले में भारतीय टीम पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गई। इस पारी में कोहली, सरफराज, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन खाता भी नहीं खोल सके थे।

5. **भारत** ने न्यूजीलैंड को हल्के में लिया, बेहतर तैयारी के साथ आए कीवी न्यूजीलैंड की टीम 1955 से भारत दौरे पर आ रही है, लेकिन उसने इससे पहले यहां कभी टेस्ट सीरीज जीतने में कामयाबी नहीं पाई थी। इस वजह से भारतीय मैनेजमेंट ने न्यूजीलैंड को शायद गंभीरता से नहीं लिया। इस सीरीज से ठीक पहले कीवी टीम को श्रीलंका में हार झेलनी पड़ी थी। ज्यादातर भारतीय फैन और एक्सपर्ट यह मान बैठे थे कि न्यूजीलैंड से सीरीज जीतना भारत के लिए केक-वॉक साबित होगा। हुआ इसका उल्टा। श्रीलंका में स्पिन के खिलाफ अच्छी प्रैक्टिस भारत में न्यूजीलैंड के काम आई।

# भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना कठिन : घर में सीरीज हार ने मुश्किलें बढ़ाईं, अब ऑस्ट्रेलिया में 4-0 से जीतना ही होगा




न्यूजीलैंड ने भारत में 3-0 से टेस्ट जीतकर इतिहास रच दिया है। जबकि टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की राह को बहुत मुश्किल बना लिया है। टीम को अब बाकी टीमों पर निर्भर नहीं रहना तो 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली 5 टेस्ट की सीरीज में 4 मैच जीतने ही होंगे।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर फाइनल में पहुंचने के दरवाजे खोल लिए। अगर टीम भारत में हार जाती तो फाइनल की रेस से बाहर हो जाती, लेकिन उसने इतिहास रचा और अपनी उम्मीदें कायम रखीं।

5 टीमें अब भी फाइनल की दावेदार

भारत की अपने ही घरेलू मैदान पर शर्मनाक हार के बाद 5 टीमों के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के रास्ते खुल गए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें भी फाइनल में जगह बना सकती हैं। पांचों टीमें पॉइंट्स टेबल की टॉप-5 पोजिशन पर भी हैं। वहीं, इंग्लैंड, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश रेस से बाहर हो चुके हैं।

### 1. भारत को ऑस्ट्रेलिया में 4 टेस्ट जीतने ही होंगे

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले 2 फाइनल खेलने वाली टीम इंडिया के लिए इस बार का खिताबी मुकाबला नामुमकिन लग रहा है। टीम न्यूजीलैंड से हारकर पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर खिसक गई है। टीम 74.24% पॉइंट्स से सीधे 58.33% पॉइंट्स पर पहुंच गई है। डब्ल्यूटीसी में भारत की आखिरी टेस्ट सीरीज अब ऑस्ट्रेलिया से ही बाकी है। टीम को वहां 22 नवंबर से 7 जनवरी तक 5 टेस्ट खेलने हैं। भारत ने 3-2 से सीरीज जीत भी ली तो भी टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। 4 टेस्ट जीतकर ही टीम बगैर किसी पर निर्भर हुए फाइनल में जगह बना सकेगी।

हालांकि 4-0 से जीतना बहुत ज्यादा मुश्किल है, क्योंकि टीम विराट कोहली और अंजिक्य रहाणे जैसे दिग्गजों की कप्तानी में भी ऑस्ट्रेलिया जाकर 8 में से 4 ही टेस्ट जीत सकी थी। जबकि अब भारत में 5 टेस्ट हारने का रिकॉर्ड बना चुके रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ऑस्ट्रेलिया जा रही है। पॉइंट्स में जानते हैं 55% से ज्यादा पॉइंट्स रखने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया में कितने मैच जीतने होंगे।

### 5-0 से जीते: 68.42% पॉइंट्स

**4-0 से जीते: 64.91% पॉइंट्स**
**4-1 से जीते: 63.16% पॉइंट्स**
**3-0 से जीते: 61.40% पॉइंट्स**
**3-1 से जीते: 59.65% पॉइंट्स**
**3-2 से जीते: 57.89% पॉइंट्स**
**2-0 से जीते: 57.89% पॉइंट्स**
**1-0 से जीते: 55.26% पॉइंट्स**

### 2. न्यूजीलैंड के 3 टेस्ट इंग्लैंड से बाकी

न्यूजीलैंड टीम जब एशिया दौरे पर आई थी, तब माना जा रहा था कि उसके लिए एक टेस्ट जीतना भी मुश्किल होगा। टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हारकर इसे कुछ हद तक सही साबित भी कर दिया था, लेकिन फिर भारत को भारत में 3-0 से हराकर उन्होंने सभी को चौंका दिया। अब उनके फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम हैं। न्यूजीलैंड अब 11 में से 6 टेस्ट जीतकर 54.55% पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गई है। सीरीज से पहले टीम 37.50% पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर थी और एक भी टेस्ट हारने से टीम फाइनल की रेस से बाहर हो जाती। उनके अब 3 टेस्ट इंग्लैंड से घरेलू मैदान पर होने हैं। सीरीज को 3-0 से जीतकर ही टीम 64.28% पॉइंट्स के साथ फाइनल में जगह बना पाएगी।

### 3. ऑस्ट्रेलिया को चाहिए 4 जीत

ऑस्ट्रेलिया ने 4 सीरीज के 12 मैचों में 8 मुकाबले जीते, 3 गंवाए और एक ड्रॉ खेला। इससे टीम 62.50% पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। उसके 7 मैच बाकी हैं, टीम 5 मैच अपने घर में भारत और 2 मैच श्रीलंका में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी।

60% से ज्यादा पॉइंट्स रखने के लिए टीम को अगले 4 मैच जीतने ही होंगे। टीम 4 जीत से भी इतने पॉइंट्स हासिल कर सकती है। यानी उसकी फाइनल पोजिशन भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से ही लगभग तय हो जाएगी।

### 4. साउथ अफ्रीका को घर में खेलनी हैं 2 सीरीज

साउथ अफ्रीका पिछले डब्ल्यूटीसी साइकल में भारत के बाद पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर रहा था। इस बार टीम ने बांग्लादेश में 2-0 से टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया। टीम 8 में से 4 टेस्ट जीतकर 54.17% पॉइंट्स के साथ पांचवें नंबर पर है।

साउथ अफ्रीका को अब श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ 2-2 टेस्ट की सीरीज अपने ही घर में खेलनी है। श्रीलंका ने 2019 में ही साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीती थी, लेकिन पाकिस्तान अब तक साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। हालांकि साउथ अफ्रीका ने चारों टेस्ट जीत लिए तो टीम 69.44% पॉइंट्स के साथ फाइनल में जगह बना लेगी। 1 भी टेस्ट हारने से टीम के पॉइंट्स 59% से भी कम हो जाएंगे।

### 5. श्रीलंका की 2 मुश्किल सीरीज बाकी

श्रीलंका ने इंग्लैंड में एक टेस्ट और न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट जीतकर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखी हैं। टीम 55.56% पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है, उसकी अब 2 सीरीज साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम घर में खेलेगी, दोनों ही सीरीज 2-2 मैचों की रहेगी।

4 टेस्ट जीतने पर श्रीलंका 69.23% पॉइंट्स के साथ फाइनल में पहुंच जाएगा। 3 टेस्ट जीतकर भी टीम के 61.53% पॉइंट्स होंगे और उसकी उम्मीदें जिंदा रहेंगी। हालांकि टीम अगर 2 टेस्ट हार गई तो फाइनल में पहुंचने की रेस से बाहर हो जाएगी।

# लैथम की गलती से पंत को जीवनदान : रोहित ने रिवर्स स्वीप पर चौका जमाया; विल यंग का एक हाथ से कैच

**भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 25 रन से हार गई है। इसी के साथ भारत ने 3 मैचों की होम सीरीज 3-0 से गंवा दी। मुंबई टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 147 रन का टारगेट मिला। जवाब में भारतीय पारी 121 रन पर सिमट गई। ऋषभ पंत ने 64 रन की पारी खेली। एजाज पटेल ने 5 विकेट लिए।**

### 1. पंत को जीवनदान

भारत की दूसरी पारी के 12वें ओवर में ऋषभ पंत को जीवनदान मिला। यहां एजाज पटेल की ऑफ स्टंप की बाहर की बॉल को पंत ने डिफेंस किया। बॉल उनके पैड पर लगी। कीवी प्लेयर्स ने अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट दिया। टीम ने डीआरएस नहीं लिया। रिव्यू में पता चला की पंत आउट थे। न्यूजीलैंड ने यहां एक मौका गंवा दिया।

### 2. थर्ड अंपायर के डिसीजन से नाखुश दिखे पंत

22वें ओवर में भारत ने अपना 7वां विकेट गंवाया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे ऋषभ पंत 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एजाज पटेल ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया। यहां पंत ने एजाज की फुल लेंथ बॉल को डिफेंस किया। बॉल बैट-पैड में एक साथ लगी। कीवी टीम ने अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉट आउट दिया।

यहां टॉम लैथम ने रिव्यू लिया जिसमें दिख रहा था कि बॉल, बैट और पैड के साथ टकराई। पंत ने फील्ड अंपायर को समझाने को कोशिश की, लेकिन थर्ड अंपायर ने आउट दिया। 64 रन पर पंत का कैच टॉम ब्लंडेल ने लिया।



# पेट और जांघ की चर्बी एक साथ कम करने के लिए रोज करें ये एक्सरसाइज

हम में से ज्यादातर लोग अपने पेट और जांघ की चर्बी से परेशान रहते हैं। होता भी यही है क्योंकि पेट और जांघ के क्षेत्रों में सबसे आसानी से शरीर की चर्बी जमा हो जाती है। दरअसल, शरीर के इन हिस्सों में कई ज्यादातर ट्रांस फैट ही जमा हो जाती है और यहां परतों में जमा चर्बी को घटाना मुश्किल होता है। ऐसे में लोगों की कोशिश रहती है कि हम ऐसा कुछ करें जिससे कि पेट की चर्बी और जांघों की चर्बी एक साथ घट जाए।

### ब्रिजेस

ब्रिजेस में आपको अपने पेट और शरीर में एक पुल जैसा बनाना है। इसमें आपको 15 से 20 बार 2 के सेट में करना है। इसे करते समय आपके पेट पर जोड़ पड़ेगा और सांस तेजी हो जाएगी, जिससे शरीर में गर्मी बढ़ेगी और तेजी से फैट बर्न होगा। इसी तरह से जांघों की चर्बी के लिए बहुत आसानी से काम करेगी।

अपनी पीठ के बल लेट जाएं और अपने घुटनों को मोड़ लें और एड़ियों को अपने नीचे की ओर रखें। ऐसे कि ये आपके पैर कंधे की चौड़ाई से अलग और फर्श पर सपाट होने चाहिए।



### 1. स्क्वाट्स एक्सरसाइज

स्क्वाट्स के रोजाना 15 से 24 बाद 2-2 का सेट लगाने से आप कुछ ही दिनों में पेट और जांघ की चर्बी घटा लेंगे। दरअसल, जब आप स्क्वाट्स एक्सरसाइज करते हैं तो, सबसे पहले ये आपके दो हिस्सों पर प्रेशर डालता है और वो है पेट और जांघ की चर्बी। रेगुलर इससे करने से आप महसूस करेंगे कि आपका फैट बर्न हो रहा है और ये दोनों ही हिस्सा पहले कि तुलना में अब कम मोटे हैं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए

- अपने दोनों पैरों को थोड़ा फैलाएं।
- अपने हाथों को सामने बाहर निकालें।
- अब जैसे उठक-बैठक करते हैं वैसे इसी पोज में एक बार बैठें और एक बार खड़ें हो जाएं।

इसे करते वक्त ध्यान रखें कि अपने घुटनों को झुकाकर अपने आप को तब तक नीचे करें जब तक कि वे लगभग एक समकोण पर न हों। आपकी जांघें फर्श के समानांतर हों ताकि उन पर जोड़ पड़े।

### स्टमक क्रंचेस

स्टमक क्रंचेस वैसे तो पेट पर बल डालता है और बेली फैट घटाने का उपाय है। पर ये जांघों की चर्बी को भी कम करता है। साथ ही इसे करने से आप मजबूत एब्स पा सकते हैं। इसे भी रोजाना 15 से 24



बार 2-2 की सेट में करें।

- अपनी पीठ के बल लेट जाएं, घुटने मुड़े हुए हों और हाथ कानों के पीछे हों।
- अपनी पीठ के निचले हिस्से को फर्श से दबाते हुए, अपने कंधे को फर्श से 3 इंच से अधिक न उठाएं और धीरे-धीरे नीचे करें।
- फिर इसे करते हुए ही आराम में आ जाएं।

### 4. लेग इन एंड आउट

लेग इन एंड आउट एक गेम जैसी एक्सरसाइज है पर बहुत फायदेमंद है। ये आपके बेली फैट घटाने के साथ जांघों की चर्बी घटाने में भी मददगार है। साथ ही ये लोअर एब्स, अपर एब्स, ग्लूट्स, हैमस्ट्रिंग और शरीर के हर हिस्से के लिए फायदेमंद है।

- अपने हाथों को अपने सिर के पीछे रखें। अपने पैरों को फर्श से उठाएं और थोड़ा पीछे झुकें।
- अपने दोनों पैरों को अंदर करें। साथ ही, अपने ऊपरी शरीर को अपने घुटनों के करीब लाएं।
- ऐसे ही एक बार पैर बाहर शरीर अंदर, और एक शरीर बाहर और पैर अंदर करते हुए एक्सरसाइज करें।

## इन टिप्स की मदद से बिना मेकअप पाएं बेदाग और निखरी त्वचा

हर महिला और लड़की की ख्वाहिश होती है बेदाग (ड्यूई) व निखरी त्वचा। पर आज की इस व्यस्त जीवनशैली व बढ़ते प्रदूषण के कारण इस तरह की त्वचा पाना इतना आसान भी नहीं है। शायद इसी वजह से अधिकांश महिलाओं को लगता है कि बिना मेकअप करें वह खूबसूरत नहीं दिख सकतीं। इसी कारण वह महंगे महंगे उत्पादों का प्रयोग भी करती हैं। लेकिन आजकल हर कोई मॉडल्स से लेकर इनफ्लुएंसर तक इसी प्रकार की स्किन को पाने की कोशिश कर रही हैं, चाहे यह कोई मेकअप लुक के द्वारा हो या स्किन केयर के द्वारा। इस ड्यूई लुक के पीछे प्रेरणा है कोरियन ब्यूटी और उसमें एक ट्रेंड है जिसका नाम है ग्लास स्किन। स्किन में एक पोरलेस, ड्यूई कंप्लेशन जिसमें एक शीन फिनिश रहती है, स्किन प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाते हैं।



### एक क्वालिटी क्लींजर के साथ शुरू करें

अगर आप हमेशा अपनी स्किन को ड्यूई बनाना चाहती हैं तो आपको हर रोज इसके लिए प्रयास करना होगा। अपने स्किन केयर रूटीन की शुरुआत अपने चेहरे को अच्छी तरह से साफ करने से करें और खत्म करने के बाद भी यानी सुबह और शाम आपको एक क्लींजर की मदद से चेहरा साफ करना चाहिए ताकि स्किन से मेकअप और बाकी सारा डर्ट निकल सके।

### हाइड्रेटिंग टोनर का प्रयोग करें

कोरियन रूटीन में टोनर को स्किन पर अप्लाई करने के बाद उसे हाथ से सारे चेहरे को तेजी से थपथपाना है। इससे आपको एक ग्लो मिलेगा और आपका ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ेगा। अपनी स्किन को अच्छी तरह से हाइड्रेट रखने के लिए एक ऐसे टोनर का प्रयोग करें जो एंटी ऑक्सीडेंट्स और फैटी एसिड्स से युक्त हो।

### हफ्ते में एक या दो बार एक्सफोलिएशन करें

अगर आप एक ड्यूई लुक पाना चाहती हैं तो आपको अपनी स्किन एक्सफोलिएट जरूर करनी चाहिए। यह कोई डेली रुटीन नहीं होता, लेकिन इसे आपको हफ्ते में एक से दो बार करना चाहिए।

### फेस ऑयल या सीरम से करें स्किन की मसाज

अगर आप अपनी स्किन को एक अच्छा भोजन देना चाहती हैं तो किसी ऐसे सीरम या फेस ऑयल का प्रयोग करें जिसमें ह्यालिरोनिक एसिड हो। यह आपकी स्किन की बाहरी सतह में पानी प्रदान करता है।

जिससे वह निखरती है और आपको एक शाइन भी मिलती है। यह आपकी स्किन को न केवल ग्लो देता है बल्कि उसे ड्राइनेस से भी बचाता है।

## आकर्षक दिखने के लिए अक्सर लोग करते हैं ये गलतियां, कितनी नुकसानदायक हैं ये आदतें

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो आकर्षक दिखने के लिए नेट या दोस्तों द्वारा दिए गए ब्यूटी टिप्स की जानकारी को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपना लेते हैं। वे उस टिप्स से जुड़ी सावधानी और तरीकों को भी अच्छे से समझ लेते हैं लेकिन फिर भी उसका दुष्परिणाम सामने आ जाता है।



**डार्क सर्कल्स को छुपाने के लिए लिपस्टिक की मदद लेना :** अगर आप अपने डार्क सर्कल्स को छुपाने के लिए न्यूड शेड की लिपस्टिक का इस्तेमाल करते हैं तो थोड़ा संभल जाएं क्योंकि ऐसा करने से आप के काले घेरे छिप जरूर जाते हैं लेकिन बाद में आपके चेहरे पर उस जगह लाल रंग के धब्बे या लाल रंग के चकत्ते नजर आ सकते हैं। ऐसी में डार्क सर्कल्स को हटाने के लिए लिपस्टिक का प्रयोग सही नहीं है।

**ऑयली चेहरे पर मॉइश्चराइजर का प्रयोग कितना सही :** लोगों को लगता है कि उनकी स्किन ऑयली है इसलिए वे मॉइश्चराइजर का प्रयोग नहीं करते हैं। जबकि ऐसा करना गलत है। चेहरे पर नमी बनाए रखने के लिए मॉइश्चराइजर का प्रयोग बेहद जरूरी होता है। अगर आप ऑयली स्किन के कारण मॉइश्चराइजर का प्रयोग नहीं करते हैं तो ऐसा करने से त्वचा पर ज्यादा मात्रा में सीबम बनने लगता है। ऐसे में स्किन ज्यादा ऑयली नजर आ सकती है इसलिए जरूरी है कि ऐसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल किया जाए जिसमें मॉइश्चराइजर की मात्रा उपलब्ध हो। इसके अलावा आप मॉइश्चराइजर लगाने के बाद चेहरे पर सिरम और टोनर का भी प्रयोग कर सकते हैं।

**बालों में दो बार शैंपू करना :** कुछ टिप्स ऐसे होते हैं जिन पर लोग आंख बंद करके भरोसा करते हैं। उनमें से एक है बालों में दो बार शैंपू करना। लेकिन आपको बता दें कि यह पूरी तरह से आपके बालों पर निर्भर करता है कि आपके बालों को डबल शैंपू की जरूरत है या नहीं। जैसा कि हम सब जानते हैं बालों की क्वालिटी अलग-अलग होती है अगर आपके बाल मोटे, क,र्ली जड़े ऑयली और नीचे के बाल सूखे हैं तो ऐसी परिस्थिति में दो बार शैंपू करना जरूरी होता है। वहीं अगर आपके बाल बहुत ज्यादा पतले हैं तो दो बार शैंपू करने से आपके बालों को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में यह लोग लाइट शैंपू का इस्तेमाल करें। साथ ही कंडीशनर का प्रयोग जरूर करें। वरना बाल रूखे नजर आएंगे।

**ब्लशर के लिए चुकंदर का प्रयोग :** अकसर आपने कहते सुना होगा कि अपने चीक्स पर चुकंदर को रगड़ें। ऐसा करने से आपके गाल लाल नजर आएंगे और आपको ब्लशर लगाने की जरूरत नहीं है। लेकिन आपको बता दें कि अगर आप चुकंदर को चीक्स पर रगड़ते हैं तो यह बेहद कम लाल रंग देता है साथ ही यह थोड़ी देर में छूट भी जाता है। ऐसे में अगर आप लंबे समय तक अपने गालों को लाल दिखाना चाहते हैं तो चुकंदर का प्रयोग ना करें।

**नाखून के पीलेपन को दूर करने में नींबू** -अक्सर आपने देखा होगा कि लोग अपने नाखून के पीलेपन को दूर करने के लिए नींबू का प्रयोग करते हैं। लोगों की आदत होती है कि वे नाखूनों पर लंबे समय तक नेल पॉलिश लगाकर रखते हैं और फिर बाद में जब नेल पॉलिश हटती है तो उनके नाखून पीले नजर आते हैं। ऐसे में नेल के पीलेपन को हटाने में नींबू का उपयोग एख ब्यूटी टिप है।

# आंखों के नीचे काले घेरे को हटाने के लिए करें ये योगासन

योगा आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। शरीर की अलग-अलग समस्याओं के लिए अलग-अलग तरह के योगासन होते हैं। योगासन न सिर्फ आपकी बीमारियों को दूर करने में मददगार होते हैं, बल्कि इससे स्किन की परेशानियां भी दूर हो सकती हैं। अगर आप आंखों के नीचे काले घेरे को दूर करना चाहते हैं, तो योग आपके लिए काफी बेहतर उपाय हो सकता है।

### सांभवी मुद्रा आसन

डार्क सर्कल्स की परेशानी को दूर करने के लिए सांभवी मुद्रा आसन लाभकारी हो सकता है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले आसन पर बैठें जाएं। इस दौरान आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए। इसके बाद आप अपने कंधे और हाथ को बिल्कुल फ्री छोड़ दें। अब हाथों को घुटनों पर ज्ञान मुद्रा में रखें। अब आप सामने की ओर किसी एक बिंदु पर फोकस करें। इसके बाद ऊपर देखने का प्रयास करें। ध्यान रखें कि इस दौरान आपका सिर स्थिर होना चाहिए। वहीं, इस दौरान आप अपने विचारों को भी कंट्रोल करने की कोशिश करें। इस दौरान आपके मन में ज्यादा विचार नहीं आने चाहिए। वहीं, आपकी आंखो नीचे नहीं आनी चाहिए। इस स्थिति में कम से कम 2 मिनट रहने की कोशिश करें। करीब 5 बार इस प्रक्रिय को दोहराएं। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।


### लायन पॉश्चर

आंखों के नीचे काले घेरे को दूर करने में लायन पॉश्चर योग आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठ जाएं। उसके बाद बच्चे के रेंगने (घुटनों के बल चलने की स्थिति) की स्थिति में आने की कोशिश करें। इस दौरान आप गहरी सांस लें और अपनी पीठ को फैलाते हुए ऊपर की ओर झुकें। फिर आप अपने मुंह को शेर की तरह दहाड़ते हुए खोले। घुटनों के बल में चलने की स्थिति में रहते हुए धीरे-धीरे नीचे आएं और अपने शरीर से हवा को बाहर निकालें। यह प्रक्रिया कम से कम 5 बार दोहराएं।



### फेस योगा-6

फेस योगा-6 की मदद से डार्क सर्कल्स की समस्या दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने दोनों हाथों की तर्जनी उंगली से अंडर आइज पर हल्के हाथों से अंदर से बाहर की ओर मसाज करें।




### पर्वतासन मुद्रा

डार्क सर्कल की परेशानी को दूर करने के लिए पर्वतासन मुद्रा भी आपके लिए असरकारी हो सकता है। इस आसान को करने के लिए आपको पहाड़ जैसी स्थिति बनानी होती है। इसके लिए सबसे पहले योगा मैट पर बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को जोड़ते हुए ऊपर की ओर ले जाएं। इस आसन में सिर्फ शरीर के मध्य भाग को अधिकतम स्तर तक उठाने की कोशिश की जाती है। साथ ही आपको अपनी एड़ियों को जमीन पर टिकाकर रखना चाहिए। इस मुद्रा में करीब 3 मिनट तक रहें। इस दौरान यह सुनिश्चित करें कि आपका श्वास सामान्य रहे।

### त्राटक योग

योगा मैट बिछाकर बज्रासन स्थिति में बैठ जाएं। इस दौरान मोमबत्ती जलाकर अपने से दो फीट की दूरी पर रखें। अब अपनी नजरों को बिना पलक झपकाएं मोमबत्ती की लो पर रखें। इस दौरान आपका पूरा फोकस मोमबत्ती



की लौ पर होनी चाहिए। अगर आप चाहें, तो कुछ धार्मिक मंत्रों का उच्चारण भी कर सकते हैं या फिर संख्याओं को भी गिन सकते हैं। आप मोमबत्ती पर जितनी देर तक अपनी निगाहें टिकाकर रखते हैं, आपको उतना ही अधिक लाभ मिलेगा। इससे आपकी एकाग्रता बढ़ती है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। आंखों की परेशानी को दूर करने के लिए भी आप इस आसान को कर सकते हैं।

### सर्वांगासन आसन

इस आसन की मदद से आप डार्क सर्कल्स की समस्या को दूर कर सकते हैं। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट बिछा कर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपनी दोनों आंखें बंद कर लें। अब अपने संपूर्ण शरीर को शिथिल छोड़ दें। अब शरीर के अंदर गहरी सांस लें और अपने शरीर को सामान्य गति से ऊपर की ओर उठाने की कोशिश करें। अपने पैरों को उठाते हुए अपनी कमर को भी धीरे धीरे ऊपर उठाएं। पैरों को ऊपर खड़े करते वक्त 90 डिग्री का ओर बनाएं। इसके बाद अपनी कमर और पीठ को ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान आप अपने हाथों का सहाला ले सकते हैं। दोनों हाथों की कोहनियों को जमीन पर टिकाकर के कमर को सपोर्ट दें। सर्वांगासन करते समय अपने पैरों, कमर और पीठ को इतना ऊपर ले जाए की आपका सिर और गर्दन का पिछला हिस्सा जमीन पर ही रहे। इस स्थिति में कम से कम 1 से 2 मिनट रहने की कोशिश करें। करीब 5 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। इससे डार्क सर्कल से छुटकारा पाने में आपको काफी मदद मिलेगी।



### वी शेप फिंगर योग

यह बहुत ही आसान फेस योगा है। इस योग को करने से आपकी आंखों को काफी रिलैक्स महसूस हो सकता है। इस योग को करने के लिए अपनी इंडेक्ट फिंगर और मिडिल फिंगर से 1 शेप बनाएं। अब इसे अपनी आंखों को पास ले जाएं। फिर बिना रूके कुछ सेकेंड्स तक अपनी पलकें झपकें। इससे आपको काफी रिलैक्स फील होगा। साथ ही डार्क सर्कल्स की परेशानी दूर होगी। वहीं, इसे आप दिन में कभी भी कर सकते हैं।



# जयपुर में दीपावली पर सबसे अच्छी सजावट के इनाम घोषित

## बड़े मार्केट में जौहरी बाजार पहले नंबर पर रहा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने दीपावली पर हुई सजावट के पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। हर साल की तरह इस बार भी अच्छी सजावट वाले प्रतिष्ठानों को पहल, दूसरा, तीसरा और सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- दीपावली पर सजावट, सफाई व्यवस्था, रोशनी आदि के संबंध में घोषित निर्णय 16 सदस्यीय कमेटी द्वारा किया गया। इस समिति के सदस्यों में महाराज अलबेलीशरण जी, शान्ति समिति के सदस्य प्रभाती लाल बैरवा, प्रवीण बड़े भैया, अनवर शाह, कमला पारीक, विरेन्द्र राणा, नारायण शर्मा, मुनव्वर खान, ताहिर उल्ला, गुलरेज अली, ओमप्रकाश मांधीवाल, प्रकाश चादवानी, मोहम्मद नायाब खान, तरूण राज पांचाल, गयास अली एवं समिति के समन्वयक अधिकारी दुर्ग सिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर (प्रथम) पुलिस आयुक्तालय जयपुर सम्मिलित थे।

### परकोटे के बड़े बाजार

प्रथम- जौहरी बाजार
द्वितीय-चांदपोल बाजार
तृतीय- चौड़ा रास्ता
सांत्वना- किशनपोल बाजार

# राजस्थान स्टेट डेंटल कौंसिल चुनाव पर विवाद

## कौंसिल अध्यक्ष बोले- मिलीभगत करके नामांकन किए खारिज; चुनाव अधिकारी ने कहा- निष्पक्ष हुए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट डेंटल कौंसिल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कार्यकारी सदस्यों के लिए पिछले दिनों हुए चुनाव पर विवाद शुरू हो गया। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. विकास जैफ और उनके पैनल के सदस्यों ने चुनाव में धांधली होने और अपने पक्ष के लोगों को कौंसिल में जीताने के लिए नामांकन पत्र खारिज करने का आरोप लगाया है। दरअसल ये चुनाव प्रक्रिया 29 अक्टूबर को जयपुर के एक निजी होटल में हुई। चुनाव मीटिंग की चेयरमैन डॉ. अंजलि कपूर और चुनाव अधिकारी डॉ. संकल्प मित्तल की मौजूदगी में ये चुनाव करवाए। इसमें वर्तमान अध्यक्ष डॉ. विकास जैफ और उनके पैनल के 5 सदस्यों के नामांकन पत्र (प्रस्तावक एवं अनुमोदक एक ही होने की वजह से) खारिज कर दिए।

डॉ. जैफ ने नामांकन पत्रों के खारिज होने पर कड़ी आपत्ति जताई और चुनाव अधिकारी डॉ. मित्तल पर आरोप लगाया कि उन्होंने नियम विरुद्ध एवं मनमाने तरीके से उनका एवं उनके पैनल के सदस्यों का नामांकन खारिज किया, जबकि अध्यक्ष पद के दूसरे उम्मीदवार डॉ. एच.एल. गुप्ता का नामांकन नियमानुसार खारिज होना चाहिए था। क्योंकि डॉ. गुप्ता के नामांकन पत्र पर चुनाव मीटिंग की चेयरमैन डॉ. अंजलि कपूर प्रस्ताव बनी।

### चुनाव निष्पक्ष हुए, सरकार के पास कर सकते है शिकायत

चुनाव अधिकारी डॉ. संकल्प मित्तल का इस मामले में कहना है- चुनाव बिल्कुल निष्पक्ष करवाए है। एक ही व्यक्ति एक से अधिक उम्मीदवार (चाहे किसी भी पद पर लड़ रहे हो) का प्रस्तावक एवं अनुमोदक नहीं बन सकता है। अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सरकार को शिकायत कर सकता है। मैंने चुनाव करवाने के बाद रिजल्ट जारी करके सरकार को भिजवाए दिए है, सरकार ही अंतिम निर्णय करने के लिए सक्षम है। डॉ. मित्तल ने बताया कि डॉक्टर अंजली कपूर इन चुनाव में वोटर है और इस नाते वह प्रस्ताव बन सकती है। उनके साथ ही बत्तमिजी की शिकायत भी उन्होंने मुझे दी है।

### 24 सदस्यों में से होता है कार्यकारिणी का चुनाव

कौंसिल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 5 कार्यकारी सदस्य का चुनाव होता है। इनका चुनाव कौंसिल के 24 मैंबर्स में से किया जाता है। इन्हीं में से उम्मीदवार बनते है और बाद में वोटिंग के जरिए चुनाव होता है।

# अब प्रियंका आपकी बहन, बेटी और मां भी; वह आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी : राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

**वायनाड (एजेंसी)।** राहुल गांधी रविवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बहन प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। राहुल ने कहा कि, मैं पहली बार अपनी बहन के लिए प्रचार करने आया हूं, अब तक वही मेरे लिए प्रचार करती थी। मै जब यहां सांसद रहा तो आपकी बहन, बेटी या मां नहीं बन सका। लेकिन अब मेरी बहन ये तीनों भूमिकाएं निभाएंगी। प्रियंका ने मोदी सरकार पर निशाना लगाते हुए कहा, मोदी जी का मकसद आपको बेहतर जीवन देना, नई नौकरियां, बेहतर स्वास्थ्य या शिक्षा देना नहीं है। वे बस किसी भी तरह से सत्ता में बने रहना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना था। वायनाड में प्रियंका का मुकाबला भाजपा की नव्या हरिदास और वामपंथी उम्मीदवार सत्यन मोकेरी से है।

### राहुल की स्पीच की बड़ी बातें...

संविधान गुस्से या नफरत से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन लोगों ने कष्ट झेले, जिन्होंने सालों-साल जेल में बिताए और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम और स्नेह के साथ लिखा।

यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वाकई इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से गुस्सा निकालकर, नफरत को हटाकर और उसकी जगह प्यार, विनम्रता और करुणा लाकर मदद करनी चाहिए। पिता राजीव गांधी की हत्या में शामिल लड़की नलिनी से मिलने के बाद वह भावुक हो गई थीं। उसने मुझसे कहा था कि उसे नलिनी के लिए बुरा लग रहा है। यही तालीम उसे मिली है। मेरे हिसाब से, भारत में नफरत की राजनीति नहीं, बल्कि प्यार और स्नेह की राजनीति की जरूरत है।

नामांकन भरते समय कहा था- पहली बार अपने लिए समर्थन मांग रही प्रियंका ने 23 अक्टूबर को वायनाड सीट के लिए नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था- जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं। राहुल गांधी ने भी कहा था कि वायनाड



देश का ऐसा क्षेत्र है जहां से 2 सांसद हैं। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। दोनों वायनाड के लिए काम करेंगे। राहुल ने कहा था- वायनाड का दौरा करता रहूंगा 17 जून को वायनाड सीट छोड़ते वक्त राहुल ने कहा था- वायनाड और रायबरेली से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन मैं समय-समय पर वायनाड का दौरा भी करूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है, मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका

# सुनक की जगह लेंगी केमी बेडेनॉक

## किसी ब्रिटिश पार्टी की लीडर बनने वाली पहली अश्वेत महिला; पीएम स्टार्मर बोले- देश के लिए गर्व की बात

बढ़ता राजस्थान

**लंदन।** ब्रिटेन की सबसे बड़ी पार्टियों में एक कंजर्वेटिव पार्टी में अब ऋषि सुनक की जगह एक अश्वेत महिला केमी बेडेनॉक लेंगी। उन्हें ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी की लीडर के तौर पर चुना गया है। ब्रिटेन में इस पद को हासिल करने वाली वे पहली अश्वेत महिला हैं। 44 साल की बेडेनॉक ने पार्टी लीडर के पद के लिए हुए चुनाव में 57 प्रतिशत वोट हासिल किए और रॉबर्ट जेनरिक को हराया।

विपक्षी लेबर पार्टी के नेता और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भी बेडेनॉक को इस जीत पर बधाई दी। स्टारमर ने कहा कि किसी अश्वेत महिला का पार्टी का लीडर चुना जाना पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

वहीं, बेडेनॉक ने कहा है कि वे अपनी जातीय पहचान को ज्यादा अहमियत देना पसंद नहीं करती हैं। कंजरवेटिव पार्टी सम्मेलन में जब उनसे इस पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि त्वचा, बालों या आंखों के रंग को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाना चाहिए।

केमी ने पार्टी में बदलाव का वादा किया चुनाव जीतने के बाद बेडेनॉक ने वादा किया कि वे पार्टी में फिर से जान डालेंगी। उन्होंने कहा, अब सच्चाई बताने का समय आ गया है। दरअसल, जुलाई में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी को चुनाव में हार मिली थी।



बेडेनॉक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी में बदलाव की उम्मीद की जा रही है। केमी ने वादा किया है कि वे चुनाव जीतने के बाद पार्टी को उसके मूल सिद्धांतों पर वापस लाएंगी।

कौन हैं केमी बेडेनॉक केमी का जन्म 1980 में लंदन के विंबलडन में हुआ था और उनकी परवरिश नाइजीरिया में हुई। कुछ समय बाद वे पढ़ाई के लिए लंदन वापस आईं। महज 16 साल की उम्र में पढ़ाई के साथ-साथ वे मेक डोनाल्ड्स में काम किया करती थीं।

इसके बाद बेडेनॉक ने यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स से कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएशन किया। उन्होंने बैंकिंग की फील्ड से अपने करियर की शुरुआत की। लेकिन पॉलिटिक्स में आने के लिए बेडेनॉक ने बैंकिंग छोड़ दी। 25 साल की उम्र में उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी जॉइन की।

पहले उन्होंने लंदन असेंबली में सेवा दी, फिर 2017 में संसद सदस्य चुनी गईं। दो साल बाद, पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उन्हें चिल्ड्रेन एंड फैमिलीज के लिए संसदीय राज्य मंत्री नियुक्त किया। 2021 में उन्हें समानता मंत्री बनाया गया और 2022 में उन्हें अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सचिव नियुक्त किया गया।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र आज से

## सीएम उमर ने सहयोगी दलों की बैठक बुलाई, अब्दुल रहीम राठर स्पीकर बन सकते हैं



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से सहयोगी दलों की रविवार शाम बैठक बुलाई । इसमें कांग्रेस, सीपीआई (एम), आम आदमी पार्टी और निर्दलीय विधायक शामिल हुए। 10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ विधायक अब्दुल रहीम रादर को स्पीकर बनाया जा सकता है। रादर सातवीं बार विधायक चुने गए हैं और केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक हैं। सत्र से पहले स्पीकर का चुनाव होगा स्पीकर का चुनाव सोमवार सुबह 10:30 बजे से पहले होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। बैठक में अब्दुल्ला सरकार की आगामी रणनीति और योजनाओं के बारे में भी चर्चा हो सकती है। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सभी विधायकों को भी बुलाया गया है। डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को मिल सकता है अब्दुल्ला सरकार डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को दे सकती है। हालांकि, अब तक सरकार की ओर से भाजपा को इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई है। आज होने वाली बैठक में इस पर भी फैसला हो सकता है। वहीं रविवार को भाजपा विधायकों की हुई बैठक में सुनील शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया। वे विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे।

# जमीन विवाद में पोते ने पीट-पीटकर की दादा की हत्या, खेत में रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर साथियों समेत किया हमला

**पाली।** जमीन के विवाद में शनिवार को पोते ने दादा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। खेत में फसल की रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार किए। फिर मरा हुआ समझकर भाग निकले। सूचना पर परिजन खेत पहुंचे और घायल बुजुर्ग को लेकर हॉस्पिटल रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जेतपुर थाने के एसएचओ राजेन्द्र सिंह ने बताया- पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखे वृद्ध का पोस्टमॉर्टम करवा कर करीब 3 बजे शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की गई।

### लाठी-डंडों से किए ताबड़तोड़ वार

पुलिस ने बताया- जेतपुर थाना क्षेत्र के भिंडर गांव निवासी प्रभूराम(65) पुत्र सदाराम मेघवाल गांव के निकट स्थित अपने खेत में शनिवार को चने की फसल की रखवाली कर रहा था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शनिवार शाम करीब 4 बजे भिंडर गांव निवासी मुकेश पुत्र बगराराम व कुछ अन्य लोग लाठिया-डंडे लेकर खेत में घुसे और बुजुर्ग प्रभूराम पर हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर घायल हो गए। आरोपी उन्हें मरा हुआ समझ कर मौके से भाग गए।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# मुरारीलाल बोले-लोग मुझसे कहते हैं, आप मिले हुए हो

## मैं दोगला नहीं, चैलेंज पर टिकट लाया; चुनाव हारे तो शर्म की बात होगी

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** दौसा विधानसभा उपचुनाव में जीतने के लिए पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। दौसा से कांग्रेसी सांसद मुरारीलाल मीणा ने रविवार को लवाण में एक जनसभा में कहा- सभी कार्यकर्ता दिन-रात एक करके कांग्रेस के लिए काम करो और मेरे से भी ज्यादा वोटों से डीसी(दौसा प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा) को चुनाव जिताएं। किसी प्रकार के लालच और भ्रम में नहीं आना है। मीणा ने रविवार को लवाण में कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा के चुनाव कार्यालय की उद्घाटन सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

अगली बार राज कांग्रेस का ही आएगा और यदि चुनाव हार गए तो हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए बड़े शर्म की बात होगी। एक कार्यकर्ता ने मुझे रात में फोन करके पूछा कि साहब वोट किसे देना है तो मैं सभी को कह देना चाहता हूं कि मुरारीलाल मीणा दोगला नहीं है। मैं चैलेंज पर टिकट लेकर आया हूं। इसलिए सबकी जिम्मेदारी बनती है कि डीसी का साथ दें।

### बोले- कुछ लोग कहते हैं, साहब आप तो मिले हुए हो

मीणा ने कहा- कई लोग मुझसे कहते हैं कि साहब आप तो मिले हुए हो। भाजपा के लोग कुछ भी कह सकते हैं, मेरे नाम से फोन कर भ्रमित कर सकते हैं। कोई कहेगा डीसी तो पायलट का आदमी है, कोई गहलोत का तो कोई मेरा बताएगा। इन बातों के अलावा भाजपा के पास तिल्ली में तेल भी नहीं है। गौरतलब है कि पिछले दिनों दौसा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कहा था कि दौसा में मैच फिक्सिंग की दिल्ली तक चर्चा है।

सांसद ने कहा- नामांकन सभा में पूर्व सीएम अशोक गहलोत व प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आए थे, लेकिन यह टिकट सभी नेताओं की सहमति से दिया गया है। बीजेपी की विचारधारा के लोग कहते हैं कि हम गरीबों के रखवाले हैं, लेकिन कांग्रेस के टिकट वितरण से एक मैसेज जाता है कि जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित होकर काम करता है, पार्टी भी उसका ध्यान रखती है।



### प्रत्याशियों का एनालिसिस करके वोट दें

सांसद ने कहा- भाजपा सरकार के पिछले 10 महीने के कार्यकाल और प्रत्याशियों का एनालिसिस करके वोट दीजिए। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री दौसा आए थे, जो लिस्ट पढ़कर सड़कों के विकास के बारे में बता रहे थे। अगले दिन कांग्रेस की मीटिंग में मैंने कहा कि भाजपा वाले क्या काम गिना रहे हैं। वो तो कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई सड़कों के गड्ढे ही भर देंगे तो मान लेंगे। सांसद ने कहा- हम पेयजल समस्या के समाधान के लिए 6 हजार करोड़ का ईसरदा प्रोजेक्ट लेकर आए, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही उसके कार्य की गति को धीमा कर दिया गया। कांग्रेस सरकार के वक्त की योजनाओं को बंद किया जा रहा है, इससे पूरे प्रदेश की जनता भाजपा के खिलाफ है।